YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-07 ❐ सोमवार, 03 फरवरी 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12

यह पहली बार है कि इस सरकार में शहरी विकास पर विशेष ध्यान दिया। दूसरा प्रमुख क्षेत्र बिजली है। शहरी विकास व बिजली समान रूप से भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं।



सुधांशु त्रिवेदी

गिग कामगारों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ ऐतिहासिक कदम : मांडविया 11

महाकुम्भ : आए थे तारीख पर, पहुंच गए संगम नहाने 12

## संक्षेप

### उच्चतम न्यायालय सम्मेलन में राज्य न्यायपालिका के सामने मौजूद मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया

**नयी दिल्ली।** राज्यों की न्यायपालिका के समक्ष आने वाले मुद्दों पर चर्चा के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा यहां आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में मामलों के निस्तारण में आने वाली बाधाओं की पहचान करने और विभिन्न स्तरों पर लंबित मामलों की संख्या को कम करने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों के साथ-साथ जिला न्यायपालिका के न्यायाधीशों ने भी शनिवार को आयोजित सम्मेलन में भाग लिया। शीर्ष अदालत प्रशासन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''इस सम्मेलन का उद्देश्य राज्य न्यायपालिका, विशेष रूप से जिला अदालतों में विभिन्न हितधारकों और पदाधिकारियों के साथ सार्थक बातचीत करना था ताकि उनके सामने मौजूद चुनौतियों को समझा जा सके और उसके बाद उनसे निपटने के लिए एक योजना तैयार की जा सके।'' सम्मेलन में चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें राज्य न्यायपालिका के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले विविध विषयों पर चर्चा की गई। इन तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों ने की। इसमें कहा गया है कि पहले सत्र में मामलों के निपटारे और संस्थान के बीच की खाई को कम करने के तरीकों, मामलों के निपटारे में आने वाली बाधाओं की पहचान करने और विभिन्न स्तरों पर लंबित मामलों को कम करने की रणनीतियों पर चर्चा की गई।

### चार मई को खुलेंगे विश्व प्रसिद्ध भगवान बदरीनाथ के कपाट

**टिहरी।** उत्तराखंड़ में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर रविवार को टिहरी राज दरबार नरेंद्रनगर में श्री गणेश पूजन के साथ विश्व प्रसिद्ध धाम भगवान श्री बदरीनाथ के कपाट खोलने की तिथि घोषित कर दी गई है। शुभ लग्न के अनुसार मंदिर के कपाट आगामी चार मई को सुबह छह बजे प्रातः विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। भगवान बदरी विशाल के महाभिषेक के लिए तिलों का तेल 22 अप्रैल को पिरोया जाएगा। उसी दिन राज दरबार से गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा शुरु होगी। इसके साथ ही चारधाम यात्रा के भी विधिवत शुरुआत हो जाएगी। नरेंद्रनगर स्थित राजदरबार में वंसत पंचमी पर राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने गणेश, पंचांग और चौकी पूजन के बाद महाराजा मनुज्येंद्र शाह की जन्म कुंडली का अध्ययन और ग्रह नक्षत्रों की दशा देखकर भगवान श्री बदरीनाथ मंदिर के कपाट खोलने की तिथि घोषित की। भगवान बदरी विशाल के महाभिषेक के लिए स्थानीय सुहागिन महिलाएं महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह के नेतृत्व में 22 अप्रैल को राजदरबार में तिलों का तेल निकालेंगी। टिहरी के नरेश महाराजा मनुज्येंद्र शाह बताया कि चार मई को प्रातः 6:00 बजे श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे।

# सनातन धर्म का गौरव बढ़ने से सपा को पीड़ा : योगी

## 'एक्स' पर प्रयागराज महाकुम्भ का विरोध करने वाले पोस्ट करते हैं सपा अध्यक्ष

एजेंसी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी को खूब धोया। बोले कि 'एक्स' पर दो महीने से सपा अध्यक्ष के पोस्ट को देखिए, यह प्रयागराज महाकुम्भ का विरोध करते हुए आए हैं। अब तक 34 करोड़ श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी के संगम पर आस्था की डुबकी लगाई है। शनिवार को उप राष्ट्रपति, कई देशों के राजदूत-हाई कमिश्नर आए थे। पूरी दुनिया आकर अभिभूत है, लेकिन सपा को इससे पीड़ा हो रही है। जिससे सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, भारतीयों का सीना चौड़ा होता हो, उससे सपा को पीड़ा होती है। सपा सनातन धर्म और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं की विरोधी है। मुख्यमंत्री ने मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में रविवार को जनसभा कर उन्हें जिताने की अपील की।

सीएम ने कहा कि परसों (शुक्रवार) हेलीकॉप्टर से जा रहा था, अयोध्या धाम में हर तरफ जनसैलाब दिखाई दे रहा था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने फोरलेन सड़कें, रेलवे लाइन को डबल, स्टेशनों का सुदृढ़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विस्तार नहीं किया होता तो प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु यहां नहीं आ पाते। केंद्र व राज्य सरकार का पैसा और हमारे जनप्रतिनिधियों का प्रयास रहा तो अयोध्या का विकास व





**चुनाव प्रचार**

❐ सपा वाले केवल सैफई का विकास कराते थे, लेकिन हमारी सरकार में गोरखपुर व काशी से अधिक अयोध्या का विकास हुआ: मुख्यमंत्री

❐ मिल्कीपुर में एक तरफ एनडीए का राष्ट्रवादी प्रत्याशी तो दूसरी तरफ सपा के परिवारवाद का नमूना: योगी

व्यवसाय बढ़ रहा है। जब भी हमने अयोध्या के विकास की कार्ययोजना को बढ़ाया तो सपा ने विरोध किया। सड़क चौड़ीकरण के दौरान 1700 करोड़ से अधिक का मुआवजा दिया गया। राम मंदिर का शिलान्यास और राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए, तब भी सपा ने विरोध किया। एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि, रैन बसेरों का नाम निषादराज गुह्य के नाम पर किया गया, रसोई का नाम मां शबरी के नाम पर रखा गया, तब भी सपा को पीड़ा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यूपी में पीएसी की तीन महिला बटालियन (वीरांगना उदा देवी, झलकारी बाई, अवंती बाई लोधी) गठित की। सपा ने तब भी विरोध किया था। यह वही सपा है, जो बहराइच में महाराज सुहेलदेव के विजय स्मारक का विरोध करती है, यह कहती है कि वहां गाजी का स्मारक होना चाहिए। सपा को गाजी व पाजी (बदमाश) प्यारे हैं। इन्हें बेटियों की इज्जत पर हाथ डालने वाला मिल्कीपुर का मोईद खान और कन्नौज का नवाब सिंह यादव प्यारा है। सपा गरीब, किसान, बेटी-बहन, व्यापारी, युवा के साथ नहीं, बल्कि माफिया, दुष्चरित्र व पेशेवर अपराधी के साथ खड़ी होती है। कोई घटना घटित होती है तो सपा का हाथ होता है या वह षडयंत्र में शामिल रहती है। सीएम ने कहा कि सपा भारत विरोधी तत्वों को गले लगाती है। विधानसभा उपचुनाव के दौरान इनके दरिंदे नेता ने मैनपुरी में दलित बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। अयोध्या में कल एक बेटी के साथ घटना हुई है, आज इनका सांसद नौटंकी कर रहा है। जांच होगी तो उसमें भी सपा का कोई दरिंदा शामिल जरूर होगा। सीएम ने कहा कि 2016 में सपा सरकार के समय 2.35 लाख पर्यटक अयोध्या आए थे, जबकि 2024 में यहां 16.11 करोड़ श्रद्धालु आए। विकास विरोधी सपा की दृष्टि सैफई से बाहर नहीं जाती। सत्ता में आने पर यह परिवार के लिए कार्य करते हैं और वोट मांगने के लिए जाति का सहारा लेते हैं। सीएम ने कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव भी राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद का चुनाव बन गया है। एक तरफ एनडीए प्रत्याशी के रूप में चंद्रभानु पासवान राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं के साथ मैदान में हैं तो दूसरी तरफ सपा के परिवारवाद का ● शेष पेज 11 पर

# तीन दिन बाद दिल्ली में आएगा विकास का बसंत : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि दिल्ली में बदलाव का बसंत आ गया है और झाड़ू के तिनके बिखरने लगे हैं। इससे साफ हो गया है कि दिल्ली से 'आप-दा' जाने वाली है और गरीब एवं मध्यम वर्ग के जीवन को खुशहाल बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने वाली है।

श्री मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए दक्षिणी दिल्ली के आर के पुरम में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, पांच फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है, अबकी बार भाजपा सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली की आप-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मध्यम वर्ग... हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। उन्होंने कहा, हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे।जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए। उन्होंने कहा कि आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां आप-दा सरकार नहीं आनी चाहिए,




जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे। श्री मोदी ने कहा कि आपदा के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि लोग आपदा पार्टी से नफरत करते हैं। आपदा इतनी हैरान है कि वे झूठी घोषणाओं का सहारा ले रहे हैं। दिल्ली के सामने आपदा का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने कहा, दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आप -दा के नेता, उसे छोड़कर जा रहे हैं, ये जान चुके हैं कि ग्राउंड पर जनता आप-दा से कितना नाराज हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। कल जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि आप भी जानते हैं कि 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था 10वें नंबर से पांचवें नंबर पर पहुंच चुकी है, यानी देश की आर्थिक शक्ति बढ़ रही है, अर्थव्यवस्था का कद बढ़ रहा है, नागरिकों की कमाई भी बढ़ रही है। पहले की स्थिति होती तो देश की ये बढ़ती हुई कमाई घोटालों में चली जाती, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। ● शेष पेज 11 पर

# भाजपा के बहकावे में न आएं झुग्गीवासी : केजरीवाल

एजेंसी



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने झुग्गीवासियों को सचेत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बहकावे में आकर पैसे के बदले अपनी उंगली पर काली स्यही न लगवाएं वरना जेल हो सकती है।

श्री केजरीवाल ने रविवार को एक वीडियो संदेश जारी कर दिल्ली के झुग्गीवासियों को सचेत किया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि भाजपा के बहकावे में आकर पैसे के बदले अपनी उंगली पर काली स्यही न लगवाएं। वरना आपको जेल हो सकती है। भाजपा वाले झुग्गियों में घर-घर जाकर कह रहे हैं कि तीन हजार रुपए ले लो, चुनाव आयोग आपके घर आकर वोट डलवा देगा। यह बहुत बड़ी साजिश है। अगर आपने अपने बूथ पर गए बिना उंगली पर स्याही लगवा ली तो ये लोग फर्जी वोट डालने के जुर्म में आपको ही गिरफ्तार करवा देंगे। उन्होंने कहा कि मेरे पास कई झुग्गी के लोगों के फोन आ रहे हैं। इनकी पार्टी वाले घर-घर जाकर कह रहे हैं कि 3 हजार रुपए ले लो, चुनाव आयोग आपके घर आकर वोट डलवा देगा। वे लोग से कह रहे हैं कि आप लोग घर पर वोट डाल देना और बदले में उंगली पर स्याही लगवा लेना। यह सुनकर मेरे रौंगटे खड़े हो गए क्योंकि यह आपको फंसाने के लिए एक बहुत बड़ी साजिश है। आप नेता ने कहा कि जो लोग आज आपको पैसे दे रहे हैं, वही लोग कल आपको गिरफ्तार करवाएंगे। यह सब बहुत बड़ा फ्रॉड है और 420 के केस में जेल जाओगे। इस झंझट में मत पड़ना। अगर फ्री के पैसे दे रहे हों तो ले लेना लेकिन अगर पैसे के बदले उंगली पर निशान लगवा रहे हों तो बिल्कुल मत लगवाना।

# कांग्रेस ने चुनाव में धांधली की निगरानी के लिए बनाया नेताओं, विशेषज्ञों का समूह


नयी दिल्ली। कांग्रेस ने देश मे चुनावी निष्पक्षता की निगरानी और चुनाव में किसी भी स्तर पर धांधली रोकने के लिए वरिष्ठ नेताओं तथा विशेषज्ञों का कार्रवाई समूह (ईएजीएलई) गठित किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस समूह का गठन किया है जो पूरे देश में चुनाव में होने वाली धांधली पर नजर रखेगा। पार्टी अध्यक्ष ने वरिष्ठ नेताओं और विशेषज्ञों वाले इस समूह को तत्काल प्रभाव से चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन की निगरानी करने का काम सौंपा गया है। श्री वेणुगोपाल ने बताया कि इस समूह को सबसे पहले महाराष्ट्र में मतदाता सूची में कथित हेराफ़ेरी के आरोपों की जांच करने को कहा गया है। समिति इस मुद्दे पर जल्द से जल्द एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पूरा विवरण पार्टी नेतृत्व को सौंपेगी। उन्होंने बताया कि समूह महाराष्ट्र के साथ ही अन्य राज्यों में पिछले दिनों हुए चुनावों के संचालन का भी विश्लेषण करेगा ● शेष पेज 11 पर

# आज लोकसभा में पेश होगी वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। वक्फ (संशोधन) विधेयक की समीक्षा के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट सोमवार को लोकसभा में पेश की जाएगी। वहीं पैनल में मौजूद कई विपक्षी सांसदों का कहना है कि उनके असहमति नोट को बिना उनकी जानकारी के ही हटा दिया गया। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में कहा गया है कि समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल और सदस्य संजय जायसवाल सोमवार को लोकसभा में रिपोर्ट पेश करेंगे। समिति ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को रिपोर्ट सौंप दी थी।

समिति ने बुधवार को बहुमत से रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया था, जिसमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों द्वारा सुझाए गए संशोधन शामिल किए गए थे। जिसके बाद विपक्ष ने इस प्रक्रिया को वक्फ बोर्डों को नष्ट करने का प्रयास करार दिया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संसद



की संयुक्त समिति ने मसौदा कानून पर रिपोर्ट को 15-11 बहुमत से अपनाया।

विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट पर असहमति जताई। भाजपा सदस्यों ने जोर देकर कहा कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की व्यवस्था करता है। दूसरी ओर, विपक्ष ने इसे मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकारों पर हमला और वक्फ बोर्डों के कामकाज में हस्तक्षेप करार दिया। कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि उन्होंने असहमति पत्र दिया था जिसे हटा दिया गया। ऐसे में विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, बिना मेरी जनकारी के ही डिसेंट नोट को हटा दिया गया। वक्फ विधेयक पर बनी जॉइंट कमेटी का पहले ही तमाशा बना दिया गया। वहीं अब विपक्षी सांसदों को भी दरकिनार कर दिया गया। हमें चुप कराने के लिए यह सब क्यों किया जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को असदुद्दीन ओवैसी ने भी इसी तरह के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि विधेयक पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर उनके विस्तृत असहमति नोट को समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने उनकी जानकारी के बिना हटा दिया। समिति के सदस्य ओवैसी ने इस रिपोर्ट पर 231 पृष्ठों का असहमति नोट दिया था। ओवैसी ने 'एक्स' पर लिखा, था'मैंने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ संयुक्त समिति को एक विस्तृत असहमति नोट ● शेष पेज 11 पर

# भगदड़ के पीछे साजिश की जांच कर रही पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ महाकुंभ हादसा : खंगाले जा रहे सीसीटीवी, रेहड़ी वालों से भी पूछताछ

लखनऊ। महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में 30 लोगो की मौत की घटना के पीछे कोई साजिश होने की आशंका जताए जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अलावा यूपी एटीएस और एसटीएफ की टीमें भगदड़ कराने के जिम्मेदार माने जा रहे युवाओं के समूह को तलाश रही हैं। बता दें कि इस प्रकरण की जांच के लिए राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन भी किया है।

दरअसल, भगदड़ के बाद तमाम पीड़ितों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बयान दिया है कि उन्हें युवाओं के एक समूह द्वारा लगातार धक्का मारा जा रहा था जिससे हालात बिगड़े और लोग खुद को बचाने के लिए आगे वालों को धक्का मारने लगे। इससे कुछ लोग गिर पड़े और भीड़ उनके ऊपर से होकर गुजरने लगी। इससे 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 37 घायल हुए। इसी तरह झूंसी इलाके में भी भगदड़ हुई। इन दोनों घटनाओं के पीछे अराजक तत्वों की भूमिका की जांच के लिए अब सारे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं, जिसमें उन युवकों को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्हें घटना का जिम्मेदार माना जा रहा है।

इस मामले की जांच के लिए एटीएस और एसटीएफ की टीमें महाकुंभ में रेहड़ी लगाने वालों, पूजन सामग्री, चूड़ी आदि बेचने वालों से भी पूछताछ कर रही है ताकि कोई अहम सुराग हाथ लग सके। फिलहाल महाकुंभ मेला क्षेत्र में अब पूरी सतर्कता बरती जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था एवं एसटीएफ अमिताभ यश प्रयागराज में ही कैंप कर रहे हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि पुलिस हादसे के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है। आसपास के इलाके ● शेष पेज 11 पर

## त्रिवेणी के घाटों पर अत्यधिक दबाव रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात, बैरिकेडिंग बढ़ाई गई

# ऑपरेशन इलेवन से होगा क्राउड मैनेजमेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ सीएम योगी के निर्देश पर महाकुम्भ के तीसरे अमृत स्नान के लिए बना स्पेशल प्लान

❐ श्रद्धालुओं के लिए रहेगा वनवे रूट, पांटून पुलों पर नहीं आएगी कोई दिक्कत

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर ऑपरेशन इलेवन चलाकर क्राउड मैनेजमेंट का स्पेशल प्लान तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश पर यह योजना बनाई गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से वन वे रूट तैयार किया गया है। इसके अलावा पांटून पुलों पर मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न आने पाए, इसका भी विशेष इंतजाम किया गया है। सबसे खास बात ये है कि त्रिवेणी के घाटों पर अत्यधिक दबाव रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाए जा रहे हैं, जहां वरिष्ठ अधिकारी भी टीम के साथ तैनात रहेंगे। बैरिकेडिंग की संख्या भी बढ़ा दी गई है।

बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर वन वे रूट पर सख्त अमल किया जाएगा। महाकुम्भ में बसंत पंचमी के दिन वन वे ट्रैफिक व्यवस्था को सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया है। श्रद्धालुओं के



सुगम यातायात और अत्यधिक संख्या होने पर ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन किया जाएगा। अधिकतर पांटून पुलों पर आवागमन जारी रहेगा। साथ ही स्नान करने वाले घाटों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। न्यू यमुना ब्रिज पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। नैनी से संगम की ओर ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए एक अतिरिक्त राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में एक कंपनी पीएसी तैनात की गई है। इसके अलावा दो मोटर साइकिल दस्ते लगातार गश्त करेंगे। यही नहीं, ब्रिज की साइड रेलिंग को सुदृढ़ किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। झूंसी से संगम की ओर ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए एक कंपनी पीएसी और एक राजपत्रित अधिकारी की विशेष रूप से तैनाती की गई है। साथ ही दो मोटर साइकिल दस्ते सक्रिय गश्त में रहेंगे। एक राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में सीएपीएफ की तैनाती की गई है। झूंसी की ओर से टीकरमाफी मोड़ आने वाली ट्रैफिक को कटका तिराहा, जिराफ चौराहा, छतनाग मोड़ और समुद्रकूप मोड़ से डायवर्ट किया जाएगा। श्रद्धालुओं के सुगम यातायात के लिए सड़क की डिवाइडर को समतल किया गया है। फाफामऊ पुल तथा पांटून पुलों पर विशेष इंतजाम किया गया है। दो मोटरसाइकिल दस्तों से पुलिसकर्मी लगातार भ्रमण करेंगे और ट्रैफिक नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की एंट्री और एग्जिट के लिए पीएसी को तैनात किया गया है। झूंसी रेलवे स्टेशन पर विशेष व्यवस्था की गई है। यहां एक राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में पीएसी को लगाया गया है। एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। साथ ही रेलवे अधिकारियों से समन्वय कर ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई जा रही है। अस्थायी बस स्टेशन सरस्वती द्वार से गोरखपुर और वाराणसी के लिए बस संचालन के इंतजाम किए गए हैं। रात में पर्याप्त संख्या में रिजर्व बसें झूंसी में पार्क की जाएंगी। अन्दावा से सरस्वती द्वार और सहसों के लिए शटल बसें संचालित होंगी। जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई भी असुविधा न होने पाए। तीन पुलिस उपाधीक्षकों के नेतृत्व में पुलिस और दो कंपनी पीएसी तैनात की गई है।आईईआरटी फ्लाईओवर की तरफ से प्रयाग जंक्शन की ओर जाने वाली ट्रैफिक को रोकने के लिए युधिष्ठिर चौराहे पर मजबूत बैरिकेडिंग और पर्याप्त पुलिस बल का इंतजाम किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में साइनेज की व्यवस्था की गई है। मेडिकल कॉलेज ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के जजों के सरकार के दबाव में काम करने पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी चिंताजनक : शाहनवाज़ आलम

❐ साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 180 वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी चिंताजनक है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट और प्रदेश के जिला जज ज़मानत देने से डरते हैं। यह टिप्पणी प्रदेश की न्यायपालिका के पूरी तरह से सरकार के सामने सरेंडर हो जाने पर मुहर लगाती है। जनता और विपक्षी दलों को न्यायपालिका को सरकार के दबाव से मुक्त कराने के लिए आवाज़ उठानी होगी। ये बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और बिहार के सह प्रभारी शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 180 वीं कड़ी में कहीं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि पिछले दिनों



उत्तर प्रदेश के एक मौलाना सैयद शाद पर धर्मान्तरण के मामले में ज़मानत की याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ख़ारिज कर दिया था। जिसके खिलाफ वो सुप्रीम कोर्ट गये थे. उच्च न्यायालय के फैसले को पलटते हुए शीर्ष अदालत ने कहा, 'हम इस तथ्य से अवगत हैं कि जमानत देना विवेक का मामला है. लेकिन विवेक का इस्तेमाल न्यायिक रूप से जमानत देने के सुस्थापित सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। विवेक का मतलब यह नहीं है कि न्यायाधीश अपनी मर्जी से यह कहकर जमानत देने से मना कर दे कि धर्मांतरण बहुत गंभीर बात है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा कि 'हम समझ सकते हैं कि ट्रायल कोर्ट ने जमानत देने से मना कर दिया क्योंकि ट्रायल कोर्ट शायद ही कभी जमानत देने का साहस जुटा पाते हैं, चाहे वह कोई भी अपराध हो। लेकिन कम से कम, हाईकोर्ट से यह उम्मीद की जाती थी कि वह साहस जुटाए और अपने विवेक का न्यायपूर्ण तरीके से इस्तेमाल करे। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि इससे पहले भी इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज रोहित रंजन अग्रवाल ने एक ईसाई व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए संविधान विरोधी टिप्पणी की थी। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पलटते हुए न सिर्फ़ जमानत दी बल्कि उस टिप्पणी को फैसले से हटा देने का निर्देश भी दिया था। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अगर निचली अदालतें सरकार के दबाव में लोगों को जमानत नहीं देती हैं तो यह सीधे संविधान पर हमला है। इसलिए नागरिक समाज और विपक्षी दलों को सरकार और न्यायपालिका के एक हिस्से के इस गठजोड़ के खिलाफ़ मुखर होकर बोलना होगा।

# संगम की धरती पर होगा दहेजमुक्त विवाह का महासंगम, मंगलफ़ेरे में बंधेगे 101 जोड़े

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भनगर। आध्यात्मिकता, संस्कृति और सामाजिक चेतना का संगम इस बार महाकुम्भ में एक ऐतिहासिक पहल का साक्षी बनने जा रहा है। पहली बार महाकुम्भ में एक ऐसा अनूठा विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां 101 युवक-युवतियां दहेजमुक्त पवित्र वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। यह आयोजन केवल विवाह का उत्सव नहीं होगा, बल्कि समाज में एक नई सोच, एक नई परंपरा और एक नई दिशा का प्रारंभ होगा जो दुनिया को भारतीय संस्कृति की गहराईयों से परिचित कराएगा। इस भव्य और ऐतिहासिक आयोजन के प्रेरणास्त्रोत हैं श्री त्रिदंडी स्वामी के शिष्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज। प्रेम, विश्वास और वैदिक संस्कृति की मधुर धुन पर आगामी नौ फरवरी को 101 युवक-युवतियां उस पवित्र बंधन में बंधने जा रहे हैं, जिसे हम विवाह कहते हैं-जीवनभर का संग-साथ, स्नेह और समर्पण का सेतु। इस शुभ अवसर की साक्षी बनेगी 144 साल बाद आई शुभ घड़ी और दिव्य महाकुम्भ, जहां इन दिनों विश्व की सबसे बड़ी सनातनी दुनिया बसी हुई है। यह आयोजन महाकुम्भ के सेक्टर-8 में स्वामी जी के लगे शिविर में 09 फरवरी को सायं-04 बजे से होगा। अखिल धरा पर गूंजेंगे मंगलगीत जब वैदिक मंत्रों की गूंज दिशाओं को पवित्र करेगी, जब कन्यादान की रस्में आंखों में श्रद्धा और हृदय में संतोष भर देंगी, जब मांग में सिंदूर भरने की वह शाश्वत परंपरा नए जीवन की राह खोलेगी तब यह आयोजन मात्र एक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बन जाएगा। 101 वर-वधुओं का यह पाणिग्रहण संस्कार समाज को सादगी, समरसता और त्याग का संदेश देगा। महाकुम्भ का पवित्र आंचल और दांपत्य सूत्र का पावन मिलन महाकुम्भ जो युगों से आत्मज्ञान, तपस्या और आध्यात्मिक उत्थान का प्रतीक रहा है, अब सामाजिक सुधार की अलख भी जगाएगा। श्री त्रिदंडी जीयर स्वामी के सौजन्य से होने वाला यह विवाह समारोह समाज में दहेज जैसी कुरीतियों को मिटाने का एक महत्वपूर्ण संदेश देगा। इस ऐतिहासिक क्षण में बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड से 101 वर-वधु एकत्र होंगे और उनके साथ होंगे 10,000 से अधिक बाराती-परिवारजन, संतजन और श्रद्धालु जो इस पावन अनुष्ठान के साक्षी बनेंगे। वैदिक मंत्रों की गूंज में होगा पवित्र परिणय संस्कार महाकुंभ के दिव्य वातावरण में वैदिक ऋषियों की परंपरा के अनुरूप यह विवाह समारोह संपन्न होगा। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और सात फ़ेरे इस विवाह को और भी पवित्र बनाएंगे।

# विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक




**एजेंसी**

कानपुर। बसंत पंचमी के अवसर पर साफ-सफाई के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से सीएसजेएमयू की एनएसएस यूनिट पांच द्वारा रविवार को ग्राम होरा कछार में स्वच्छता संबंधी जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) परिसर की एनएसएस यूनिट पांच द्वारा सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने ग्राम सचिवालय में मां सरस्वती देवी का पूजन किया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के संबंध में बताया तथा गांव के गली कूचों की सफाई की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. श्याम मिश्रा, ग्राम प्रधान श्रीराम नारायण राजपूत एवं एनएसएस यूनिट पांच के कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवीन कटियार उपस्थित थे। स्वयंसेवकों ने गांव में चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान एवं निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग तथा निःशुल्क जांच शिविर कैंप के पंपलेट भी बांटे। ग्राम वासियों को शिविर का लाभ लेने हेतु ग्राम वासियों को आमंत्रित किया।

# पुलिस की लापरवाही से 8 वर्षीय बच्चे की मौत परिजनों ने किया पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ दुबग्गा। कोतवाली क्षेत्र में 8 वर्षीय बच्ची आराध्या की मौत के बाद पुलिस की लापरवाही और बर्बरता पर सवाल उठ रहे हैं। बच्ची का शव 23 जनवरी को सैरपुर थाना क्षेत्र के सहारा सिटी होम के पास नाले में मिला था, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती, तो शायद बच्ची की जान बचाई जा सकती थी। आराध्या, जो कक्षा 3 की छात्रा थी, दुबग्गा थाना क्षेत्र के अमरपाली चौकी के पास साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने गई थी, लेकिन वह अचानक गायब हो गई। परिजनों ने तुरंत गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। थाने पर बार-बार दौड़ने के बावजूद थाना प्रभारी अभिनव कुमार वर्मा ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस लापरवाही के कारण बच्ची की मौत हो गई, जिससे परिजनों में आक्रोश फैल गया और



उन्होंने थाने के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने न सिर्फ गुमशुदगी की रिपोर्ट को हल्के में लिया, बल्कि पुलिस की ओर से की गई जांच भी नाकाफी थी। मामले में अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी सही से निभाई, या फिर लापरवाही के चलते एक मासूम की जान चली गई इस मामले में एक और विवाद भी सामने आया। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान एक युवक, सोनू पंडित, को हिरासत में लिया गया था। सोनू पंडित की पत्नी ने आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान उनके पति और उन्हें बुरी तरह मारा-पीटा गया और गालियां दी गईं, जिससे आहत होकर सोनू ने आत्महत्या कर ली। यह घटना भी पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। हालांकि, एसीपी शकील अहमद ने जानकारी देते हुए बताया है कि मामले की जांच की जा रही है और पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कराने का आश्वासन दिया है। अब यह देखना बाकी है कि इस जांच में क्या तथ्य सामने आती हैं ।

## ट्रक ने बाइक सवार चाचा-भतीजे व भांजे को रौंदा,मौत

**झांसी।** मऊरानीपुर थाना क्षेत्र में रविवार को खजुराहो-झांसी हाईवे पर बड़ागांव के पास बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार चाचा-भतीजे और भांजे को रौंद दिया। हादसे में चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भांजे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा इतना भयानक था कि 2 शव पहचान के लायक नहीं बचे। सिर और सीने का हिस्सा पूरी तरह से क्षत विक्षत हो गया था। पेट फट गया था। शव सड़क पर चिपक गए। पुलिस ने चीथड़ों को समेटकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतकों की पहचान राठ के बहगांव निवासी धर्मेंद्र श्रीवास (26) पुत्र हरदयाल, उसके भतीजे अंकित (19) और भांजे मध्य प्रदेश के टेहरका थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी सोनू (17) पुत्र गुलाब रजक के रूप में हुई है। धर्मेंद्र श्रीवास अपनी बहन के लिए लड़का देखकर आ रहा था। पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हालत में रोते बिलखते हुए मऊरानीपुर पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## केरल के श्रद्धालु का खोया हुआ पैसा, मोबाइल और अटैची महाकुम्भ पुलिस ने खोज निकाला

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ पुलिस लगातार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रयास कर रही है। केरल से संगम स्नान के लिए आए एक श्रद्धालु का खोया हुआ सूटकेस एवं 10 हजार रूपए सौंप दिया। खोया हुआ सामा मिलने पर श्रद्धालु ने पुलिस की भूरि—भूरि प्रशंसा किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ राजेश द्विवेदी ने बताया कि केरल से आये हुए भारतीय नौसेना के पूर्व सैनिक रामकृष्ण पिल्लई का सूटकेस, बैग, मोबाइल फोन, पर्स जिसमें दस हजार रूपये संगम नोज के पास स्नान करते समय खो गया। इसके बाद उसने सूचना पुलिस को दिया। संगम थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए ड्यूटी पर मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को जारिये दूरभाष सूचित किया जाता है कि संगम स्नान करने आए हुए रामकृष्ण पिल्लई नामक व्यक्ति का सूटकेस व मोबाइल फ़ोन संगम नोज के आस-पास कहीं खो गया है मिलने पर तुरंत थाना संगम पहुंचाए। इसके साथ ही थाना प्रभारी ने साइबर थाने की मदद से मोबाइल फ़ोन का लोकेशन निकाल कर संगम घाट के आस-पास पुलिस कर्मियों के द्वारा सूटकेस-पैसा-पर्स-बैग-मोबाइल फोन आदि खोज कर रामकृष्ण पिल्लई को सुपुर्द किया गया। अति प्रसन्न होकर केरल से आए हुए रामकृष्ण पिल्लई ने पुलिस के सराहनीय कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई एवं आभार प्रकट किया।

## कानपुर में डॉ योगेंद्र और डॉ दीक्षा को पीडब्ल्यूए ने किया सम्मानित का छायाचित्र

**कानपुर।** कानपुर में रविवार को डॉक्टर समाज में लोगों के लिए जीवन रक्षक के रूप में देखे जाते हैं। समाज में अपने कर्तव्यों और निस्वार्थ सेवा के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने वाले दो चिकित्सकों को वेलफ़ेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूए के लोकहित में चले एक माह निशुल्क सेवा ड्राइव में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया है।

## गाजियाबाद में अवैध निर्माण के खिलाफ बेरोकटोक चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बुलडोजर पिछले चार महीनों के दौरान अवैध निर्माणों के खिलाफ बेरोकटोक चला। जीडीए के प्रवर्तन दल ने 60हजार वर्ग मीटर भूमि से अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। साथ ही इस दौरान जीडीए ने 30 से अधिक अवैध कालोनियों को भी नेस्तनाबूद कर डाली। अवैध कालोनियों /निर्माणों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देशों एवं सतत मॉनिटरिंग के क्रम मे जीडीए ने अवैध निर्माणों के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करते हुए अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से निर्मित कॉलोनियों, अनाधिकृत निर्माणों और भू-माफियाओं द्वारा किए गए अवैध भू-विकास को ध्वस्त किया गया।

## वाराणसी में नए रोल बॉल ग्राउंड का उद्घाटन, मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया

**वाराणसी।** 22वें अंतर राष्ट्रीय रोल बाल दिवस पर रविवार को चितईपुर धर्मवीर नगर स्थित ए?क निजी स्कूल में नए रोल बॉल ग्राउंड का उद्घाटन हुआ। राज्य सलाहकार बोर्ड दिव्यांग जनशक्तिकरण मंत्रालय के सदस्य डॉ उत्तम ओझा,स्कूल के निदेशक संदीप कुमार सिंह,प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। डॉ उत्तम ओझा ने बताया कि रोल बॉल एक नया उभरता हुआ खेल है। जिसने कम समय में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बना ली है। चूंकि रोल बॉल स्केटिंग शू पहनकर खेला जाने वाला खेल है, इसलिए दिव्यांगजन जो व्हीलचेयर पर है वो भी आसानी से इस खेल में हिस्सा ले सकते हैं। इस अवसर पर खेले गए मैत्रीपूर्ण मैच में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खिलाड़ियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन रोल बॉल संघ की सचिव सुनीता गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुनीता तिवारी ने किया। इस दौरान वाराणसी रोल बॉल संघ के पदाधिकारी राजेश कुमार,गजेंद्र कुमार,मोनी कुमारी,सरिता,सुरेश यादव आदि भी उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी का पर्व हमें ज्ञान और संस्कृति के महत्व को बताता है: कुलपति

कानपुर। बसंत पंचमी का पर्व हमें ज्ञान और संस्कृति के महत्व को बताता है। इस दिन हम ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही उन्हें पीले रंग के फूल और मिठाई के का भोग लगाकर पीले वस्त्र धारण करते है क्योंकि मां सरस्वती को पीला रंग काफी पसंद है। यह बातें रविवार को सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कही। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में बसंत पंचमी के पावन बेला पर सरस्वती पूजन का आयोजन सरस्वती गर्ल्स हॉस्टल में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि इस दिन हमें अपने जीवन में ज्ञान और संस्कृति को महत्व देने के लिए प्रेरित करता है। मां सरस्वती की पूजा से ज्ञान और बुद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया

## केजीएमयू मैं वसन्त पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा का आयोजन तीन फरवरी को किया जा रहा है

**लखनऊ ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में कल दिनांक 03 फरवरी 2025 को वसन्त पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात रहे कि केजीएमयू में यह परंपरा निरंतर 113 वर्षों से चली आ रही है।सर्वप्रथम वर्ष 1913 में इस पूजा का आयोजन किया गया था। यह आयोजन स्नातक शिक्षा के द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं द्वारा किया जाता है।कोविड काल में भी पूजा अनवरत रही। यद्यपि उस समय यह प्रतीकात्मक रूप में की गई थी। अब पुनः भव्य आयोजन किया जा रहा है। रंगोली और विशेषताएं वीणा एवं हंस की रंगोली। मां सरस्वती को वीणधारिणी और हंसवाहिनी कहा जाता है।चावल से एक विशाल रंगोली तैयार की गई है, समृद्धि की कामना हेतु।इसके अतिरिक्त पांच छोटी रंगोली भी बनाई जा रही हैं।कुछ सेल्फी प्वाइंट्स भी बनाए गए हैं। यें महिला सशक्तिकरण, महाकुंभ, I love KGMU की थीम पर बनाए जा रहे हैं।माननीय कुलपति केजीएमयू प्रो सोनिया नित्यानंद के मार्गदर्शन में प्रसाद के साथ साथ खिचड़ी भोज भी रखा गया है। समस्त छात्र छात्राओं, कर्मचारियों एवं शिक्षकों के मध्य सामंजस्य, प्रेम और सम्मान स्थापित रहे, केजीएमयू परिवार इस पावन पर्व पर यही कामना करता है।वर्ष 2023 के छात्रों द्वारा यह आयोजन किया जाएगा।

# बड़ोखर के अधिकाश तालाबों पर अवैध कब्जा

❐ शोशल मिडिया मे कब्जा कों लेकर छिडी बहस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव प्रयागराज। कोरांव तहसील क्षेत्र के यूपी एमपी बार्डर का ग्राम पंचायत बड़ोखर है जहाँ पर स्थानीय लोगो ने बताया की कुल 56 तालाब सरकारी अभिलेखों मे दर्ज है लेकीन एक दो कों छोड़कर कोई ऐसा तालाब अब नही बचा है जहाँ पर कच्चा पक्का व प्रधानमंत्री आवास तक बनवा दिया गया है साथ ही कई ऐसे भी तालाब है जिनको पाट कर तालाब का आकार ही खत्म किया जा रहा है जिससे आने वाले समय मे तालाब देखने कों नही मिलेगा जबकि एक ऐसा भी समय था की इसी तालाब मे लोग स्नान कपड़ा धोना,चावल दाल धुलना, स्नान करना स्नान करने के पश्चात तालाब के पास आदि काल के समय सें बने मंदिर मे लोग पूजा पाठ नित्य करना दिनचर्या मे शामिल था लेकीन बड़ोखर मे अब तालाब ही हालत बहुत ही दयनीय है आज के समय मे अधिकांश तालाब मे पशु पक्षी जानवर कों पिने के लिए पानी तक नही नसीब हो रहा ज्यादातर तालाब पर पूरी तरह सें अतिक्रमण करके कब्जाया जा रहा है राजश्व विभाग जान बूझकर या किसी के दबाव मे न्यायोंचित फैसला लेकर कब्जा मुक्त कराने मे असफल दिख रहा है यदि समय रहते हुये तहसील के आलाधिकारी संज्ञान लेकर कार्रवाही नही किए तो तालाबों का नामो निशान खत्म होने मे देर नही लगेगा वही दूसरी तरह शोशल मिडिया मे भी वायरल हो रहा है की स्थानीय राजश्व विभाग के कर्मचारी मिलीभगत कर कब्जा करा रहे है इसी प्रकार गाढ़ा गांव लखनपुर गांव जाते समय एक तालाब है जिसपर भी काफी कच्चा पक्का मकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है स्थानीय लेखपाल कानूनगो समेत तहसील के आलाधिकारी कोई कार्रवाही नही कर रहे है जबकि ऊपर के अधिकारियो का सख्त निर्देश है की सरकारी जमीन पर कब्जा होने सें रोका जाय इसके बावजूद कब्जा खाली कराना तो दूर कब्जा करने वालों पर भी लगाम नही लगा पा रहे है।

## एसडीएम कोरांव का नही उठता सियुजी फोन

एसडीएम कोरांव कों सरकार द्वारा सियुजी नंबर दिया गया है की यदि क्षेत्र मे कोई समस्या है तो जो एसडीएम सें संबधित मामला हो सियुजी नंबर पर फोन करके सूचना या जानकारी दिया जा सकता है लेकीन एसडीएम का फोन या तो बंद रहता है चालू है भी तो फोन रिसीव नही होता यदि होता भी है तो ज्यादातर फोन जानबूझकर अर्दली कों पकड़ाये रहती है यह शिकायत पुरे क्षेत्र मे है लेकीन जिले के आलाधिकारी इस मामले कों संज्ञान नही ले रहे है जिससे क्षेत्र मे काफी आक्रोश ब्याप्त है जिससे स्वछ सरकार की छबि धूमिल हो रहा है इस मामले मे अपर जिलाधिकारी बित्त एवं राजश्व प्रयागराज के सियुजी नंबर पर फोन किया गया लेकीन रिसीव नही हुआ

साथ ही इस मामले मे जानकारी हेतु उपजिलाधिकारी के सियुजी नंबर पर फोन किया गया फोन बंद बताया

**इस मामले मे मै एसडीएम सें बात करती हूँ पूजा मिश्रा अपर आयुक्त प्रशासन प्रयागराज**

# बसंत पंचमी के अवसर पर तहरी भोज का भव्य आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के अलीगंज इंजीनियर कॉलेज के पास महादेव होटल स्थित पार्क में तहरी भोज का भव्य आयोजन किया गया, स्थानीय लोग भी काफि मात्रा में सम्मिलित हुए। यह आयोजन आपसी सामंजस्य, संवाद और सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर संजय तिवारी (मंडल अध्यक्ष भाजपा उत्तर मंडल - 5), श्री मान सिंह यादव (पार्षद भारतेंदु हरिशचंद्र वार्ड), अतुल सिंह एजीए फर्स्ट हाई कोर्ट ( सदस्य कृषि मंत्रालय भारत सरकार), अतुल मिश्रा (वार्ड अध्यक्ष, भारतेंदु हरिशचंद्र वार्ड), श्रीमती दिव्यांशी शुक्ला (मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा उत्तर मंडल 5), आशुतोष सिंह, राम अनूज तिवारी, संजीव तिवारी, पंकज मिश्रा, आयुष तिवारी, आशीष सिंह, दिव्यांश सिंह ने तहरी का स्वाद चखा और आयोजन की सराहना की। सभी ने इसे आपसी संवाद और सामूहिकता को मजबूत करने वाला कदम बताया और साथ ही यह भी बताया की तहरी भोज भारतीय संस्कृति में सामूहिकता और सहयोग का प्रतीक है। ऐसे आयोजन कार्यस्थल पर सौहार्द और आपसी विश्वास को बढ़ावा देते हैं। इस आयोजन को सभी ने सराहा और इसे नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# कोरांव की ग्राम पंचायतों को समग्र विकास से ना उम्मीदें

❐ कार्य एवं वित्तीय स्वीकृति को लेकर तरह तरह की चर्चाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव प्रयागराज। विकास खंड कोरांव में इन दिनों सब कुछ ठीक ठाक नहीं दिख रहा। ग्राम पंचायतों में मायूंसी दिख रही है। ग्राम पंचायतें जनता से किए अपने वायदे पूरे नहीं कर पा रहे। वैसे भी ब्लॉक में आए दिन अधिकारियों का नदारद रहना आम बात हो गई है। उल्लेखनीय है कि ब्लॉक की कुल 115 ग्राम पंचायतों वाली विकास खंड में दो तीन साल के दरम्यान विकास का पहिया तेजी से बढ़ा।

ग्राम पंचायतों में ग्राम की कच्चे कार्यों के रेशियों से भी ब्लॉक अथवा जनपद के रेशियों से भी मनरेगा कार्यों की स्वीकृतियां देकर किए गए गांवों को समग्र विकास की दिशा में कार्य दिए गए। अभी तक चुनाव आचार संहिता के रोना रोया जाता रहा। फिर भी मनरेगा द्वारा विकास कार्यों की रफ्तार सुस्त दिख रही है। कई प्रधानों का कथन है कि स्वीकृति न मिलने से गांवों का विकास ठप है। मजदूरी भी समय से नहीं आ रही



है। जिससे मनरेगा श्रमिकों का भी मन टूट चुका है। जब मौसम सही होता है तो काम नहीं चालू किया जाता। ब्लॉक के मनरेगा अधिकारी गांव का रेशियो देख कर कार्य देते हैं।

जिससे विकास की रफ्तार डिम हो गई है। ग्राम प्रधानों का कथन है कि ब्लॉक के अधिकारियों को चाहिए की पंचायतों के जारी कॉल कम रह गए हैं। ऐसी स्थिति में मनरेगा से जिले,ब्लॉक,का भी रेशियो देख कर प्रोजेक्टों के कार्य की स्वीकृतियां दी जा सकती हैं। इस समय तो बीडीओ के कार्यालय में कई ग्राम पंचायतों के द्वारा प्रस्तावित, कार्यों की आईडी,बनाने के लिए जमा किया गया है किंतु स्वीकृतियां न मिलने से आईडी ही नहीं मनरेगा कार्यालय वाले बना रहे हैं। बोलते है बिना पीओ के कुछ नहीं होगा। फिलहाल ग्राम पंचायतें शोषण की शिकार हो गईं हैं।

## मंहगाई के हिसाब से सुविधा शुल्क में भी बढ़ोत्तरी

कई ग्राम प्रधानों ने अपने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि तकनीकी जेई मनरेगा द्वारा अपने बीडीओ कों लाभ पहुंचाने के लिए स्टीमेट बढ़ाकर बनाया जाता है जिससे 2% जेई 4% प्रतिशत स्वीकृति का एडवांस भुगतान प्रधान के द्वारा लिया जाता है लेकीन उक्त कार्य जब प्रधान के द्वारा कराया जाता है तो स्टीमेट सें कम काम का मूल्यांकन किया जाता है ब्लॉक में मंहगाई के हिसाब से कमीशन रेट बढ़ गए हैं। जो रेट का ध्यान देगा तभी उस गांव का भी विकास होगा। बड़ी कमीशन की दरें

## प्रोजेक्टों की आईडी बनवाई 500 से लेकर 1000 रुपए तक

कार्यों की टेक्निकल सेंक्शन फीस 2% प्रतिशत,12% प्रतिशत पूरे निर्माण कार्यों की वित्तीय स्वीकृति पक्के कार्यों पर,5 से लेकर 10 प्रतिशत ग्राम पंचायत सचिव का हक, इस प्रकार जितना बचा ग्राम प्रधान के जिम्मे निर्माण कार्य की जिम्मेदारी,चाहे कागज पर हो या प्रत्यच्छ रूस से कार्य का,+शिकायतों पर जांच टीम को ग्राम प्रधान अलग सें वहन करे, +मॉनिटरिंग टेक्निकल जांच केंद्रीय प्रांतीय जांच टीम को भी प्रधान वहन खुद करे। +सोशल आडिट टिम को भी प्रधान खुद वहन करे +ग्राम की जनता द्वारा ठीक से काम न कराए जाने की +शिकायतों का ब्लॉक नोडल अधिकारी की जांच टीम का खर्च वहन प्रधान ही करे, +प्रोजेक्टों के कार्य हेतु बनाए गए सेक्टर प्रभारी को भी प्रधान वहन करे। कुल मिला कर जीरो टॉलरेंस सरकार की कथनी करनी का पालन प्रतिमाह अच्छी खासी सारी सुख सुविधा सहित वेतन उठाने वाले अधिकारी,इंजीनियर्स सुख भोगे और मात्र पांच हजार प्रतिमाह वेतन मानदेय के रूप में उठाने वाले ग्राम के मिनी चीफ मिनिस्टर को जो पंचायत ऑपरेटर,और रोजगार सेवक से भी कम है,सचिव से भी दस गुना कम है। उस पर उपरोक्त भार के अतिरिक्त गांव के जीवन,मरण,उत्सवों,गांव के व्यवहार,दुख,मुसीबत,खेल कूद,शादी, विवाह, अप्रिय घटना,ब्लॉक से लेकर जिला,प्रदेश मुख्यालय,आदि तक ग्राम सभा हितार्थ पैरवी करना,पत्राचार करना,वाद लड़ना,खर्चा किराया,इत्यादि सभी खर्च उठाने पड़ते हैं। इस पर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं जाता। इस मामले मे खंड विकास अधिकारी कोरांव के सियुजी नंबर पर फोन किया लेकीन फोन रिसीव नही हुआ **इस तरह सें कमीशन लेने का मामला मेरे संज्ञान मे नही है शिकायत मिलने पर जांच कार्रवाही कराया जायेगा भोला नाथ कंन्नोजिया जिला विकास अधिकारीवल (D D O) प्रयागराज**

# मौन जूलूस निकाल कर श्रद्धा को दी गयी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बीते 25 जनवरी को ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर अमिता अवस्थी (श्रद्धा) ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ के दिन आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। एक बेहतरीन आर्टिस्ट खुश मिज़ाज़ अपने परिवार की लाडली श्रद्धा जो कि अब इस दुनियां में नहीं है उसके परिजनों का कहना है की श्रद्धा ने अपने ससुराल वालो से तंग आकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। रविवार को श्रद्धा के परिवार वालो ने उसकी याद में राजाजीपुरम इलाके में हाथों में कैडिल लेकर एक मौन जुलूस निकाल कर उसको श्रद्धांजलि अर्पित की और पुलिस प्रशासन से न्याय दिलाने की अपील की। इस मौन जुलूस में भारी संख्या में लोग शामिल हुए थे। श्रद्धा के परिजनों का कहना था की जो श्रद्धा के साथ




हुआ वो किसी और के साथ न हो और श्रद्धा को जल्द न्याय मिले। श्रद्धा के भाई अनुराग का कहना था कि मैं अपनी बहन की शादी 10 वर्ष पूर्व पूरे धूमधाम से की थी हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारी बहन के साथ ऐसा होगा। वह कहते हैं कि हमारी बहन अक्सर घर में आकर परिवार के लोगों से अपनी पीड़ा बताया करती थी की किस तरह उसको जेहनी तौर पर टॉर्चर किया जाता है। अनुराग कहते हैं कि हम लोग संस्कारी लोग हैं इसलिए हम लोग हमेशा अपनी बहन को ही समझाया करते थे कि बर्दाश्त कर लो लेकिन 3 माह पूर्व मेरी बहन ने हम लोगों को बताया कि जब से उसकी ननंद घर में आई है तब से उसने मेरे पूरे घर का माहौल खराब कर दिया है वह अपनी नंद से बहुत परेशान रहती थी वह कहती थी कि मैं उससे बहुत ज्यादा तंग आ चुकी हू लेकिन मेरे अंदर इतनी हिम्मत नहीं है की मैं खुद्कुशी कर लूं। अनुराग कहते हैं कि मेरी बहन बहुत खुश मिजाज हमेशा हंसने वाली थी वो तो खुद्कुशी के नाम से भी वह डरती थी फिर आखिर ऐसा क्या हो गया जो उसने खुद्कुशी कर ली जाहिर सी बात है उसको इतना ज्यादा मेंटली टॉर्चर किया गया कि उसने खुद्कुशी कर ली अब मैं पुलिस प्रशासन से यही गुजारिश करता हूं कि वह मामले की पूरी निष्पक्ष जांच करते हुए हम लोगों को इंसाफ दिलाए। श्रद्धा की याद में निकाले गए मौन जूलूस में पीड़िता के परिवारजन, अनुराग पांडे, पार्षद गौरी सांवरिया, रामगोपाल सिंह, रागिनी दीक्षित, अभय उपाध्याय, करुणेश पाठक, जय सिंह, नितिन श्रीवास्तव, गार्गी, अनूप, विवेक मिश्रा, रमन दीक्षित, प्रदीप तिवारी, रूपेश गुप्ता क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों एवं सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# इनोवा में लगी आग बाल बाल बचा चालक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव के पास रविवार की तड़के एक इनोवा कार में आग लग गई। जिसमें चालक बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी से आग बुझाई गई। गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव के पास लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर रविवार की सुबह बनारस से लखनऊ इनोवा कार लेकर आ रहे जानकीपुरम निवासी पवन मिश्रा ने बताया कि गोसाईंगंज कस्बा क्रॉस करते ही उनकी गाड़ी से धुंआ निकलने लगा। कबीरपुर के पास गाड़ी रोकी तो अचानक इंजन से लपटे निकलने लगी। जब तक दमकल वाहन आती तब तक पूरी कार आग की लपटों में घिर गई। पीड़ित ने बताया कि वह गाड़ी से आग की लपटे निकलती देख दूर खड़ा हो गया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि फायर ब्रिगेड



ने मौके पर पहुंच के आग बुझाई। किसी प्रकार की जनहानि नही हुई।

# एसीपी कार्यालय में तैनात सिपाही ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। बंथरा के थाना अंतर्गत बने सरकारी क्वार्टर में रह रहे एक आरक्षी ने रविवार दोपहर करीब 2 बजे अपने कमरे में फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार 2019 बैच का आरक्षी अजय कुमार सैनी सरकारी आवास के कमरा नंबर 6 में रह रहा था वह वर्तमान समय में एसीपी कृष्णा नगर कार्यालय में तैनात था उसने किसी कारणवश अपने कमरे में फांसी लगा लिया मौके पर जानकारी पाकर पहुंचे पुलिस वाले उसे इलाज के लिए अपोलो अस्पताल ले गए जहाँ आरक्षी को मृत घोषित कर दिया गया। आरक्षी के फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। आरक्षी मूल रूप से बिजनौर जनपद का निवासी था परिजनों को सूचना दे



दी गई है। बताते हैं कि आरक्षित की शादी 3 वर्ष पूर्व हुई थी। सूत्रों के अनुसार किसी कारण से पत्नी से विवाद हुआ और उसने पत्नी को दूसरे कमरे में बंद कर एक अलग कमरे में जाकर फंासी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## बीकेटी के कई इलाकों में सुबह 10 से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

बीकेटी, लखनऊ । आरडीडीएस योजना' के अंतर्गत मामपुर बाना 33/11 विद्युत उपकेंद्र से पोषित 11 के० वी० मामपुर तहसील फीडर पोषक के एचटी लाईन पर जर्जर पोल व पुराने तार के स्थान पर नए पोल व तार बदलने का कार्य विद्युत विभाग द्वारा किया जाएगा,समय सुबह10:00 बजे से शाम पांच बजे तक तकिया गांव,मौर्य नगर, रामपुर गांव, पुलिस कॉलोनी, मिनी मौर्य नगर,रेलवे मार्केट बीकेटी, अब्बासनगर, रामेंद्र विहार कॉलोनी, एयर फोर्स रोड, बीकेटी इंटर कॉलेज मार्केट, गोपाल विहार कालोनी सहित संबंधित क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूर्णरूप अथवा आंशिक रूप से बाधित रहेगी।यह जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड बी.के.टी.लखनऊ द्वारा दी गई।

# पूर्व सपा विधायक ने पीडीए चौपाल में किया संबोधन, सरकार पर उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रविवार को पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के गोसाईं गंज ब्लाक के कस्बा अमेठी अंसारी वार्ड में आयोजित पीडीए चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान आयोजक सेक्टर प्रभारी सभासद उदय भान यादव ने पूर्व विधायक का स्वागत और अभिनंदन किया। पीडीए चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार में किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यक समेत अन्य शोषित वंचित वर्गों की समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने संविधान की रक्षा के लिए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार



बनाने का आह्वान किया और सभी से पीडीए के पक्ष में एकजुट रहने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव, संतोष रावत, धर्मवीर पासवान, सभासद ज्ञान सिंह यादव, धर्मेन्द्र यादव, विनोद कुमार रावत, शद्दाम हुसैन, वरशुन, मनोज रावत, संत राम रावत, हरी शंकर रावत, सचिन कुमार, राहुल यादव, प्रीतम सिंह यादव, आशीष राजपुत समेत गांव के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# बाबा रामनाथ कुटिया पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज के घुसकर गाँव में श्री बाबा रामनाथ कुटिया पर लगने वाला दो दिवसीय वार्षिक मेला रविवार को विशाल भन्डारे के साथ शुरू हुआ। साधु सन्तो को प्रसाद व कम्बल वितरण कर भंडारे का शुभारम्भ किया गया। जिसके बाद क्षेत्र के हजारो लोगो ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।आज मेले मे कबड्डी प्रतियोगिता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा।गोसाईगंज के ग्राम घुसकर गांव में स्थित बाबा रामनाथ समाधि स्थल पर रविवार को रामायण पाठ के समापन पर हवन -पूजन के बाद 51वॉ वार्षिक मेला विशाल भन्डारे के साथ शुरू हुआ।आयोजक आदित्य प्रकाश त्रिपाठी व अनिल त्रिपाठी व यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवम त्रिपाठी ने साधु-



सन्तो को प्रसाद व कम्बल वितरण कर भंडारे का शुभारम्भ किया।जिसके बाद भंडारे में पूड़ी-सब्जी व खीर के प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजक जिला सहकारी बैकं लखनऊ के पूर्व निदेशक अनिल त्रिपाठी ने बताया सोमवार को बसंत पंचमी के मौके पर विशाल मेले के साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता व रात्रि मे सास्कृतिकं कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा।इस मौके पर वरिष्ठ

**गोसाईगंज के घुसकर ग्राम में श्री बाबा रामनाथ कुटिया का 51वां वार्षिक मेला विशाल भंडारे के साथ हुआ शुरू**

**आज मेले में कबड्डी प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमो का होगा आयोजन**

समाजसेवी राम शंकर त्रिपाठी, हरिनाम सिंह यादव, ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी ,शम्भू नाथ पांडे ,चेयरमैन निखिल मिश्रा, प्रधान ललित शुक्ला,गणेश शंकर वर्मा,अमेठी मंडल अध्यक्ष पकंज नयन,भाजपा नेता डीडी त्रिपाठी,वरिष्ठ पत्रकार संतोष शर्मा समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## पत्नी को वीडियो कॉल कर युवक ने लगाई फाँसी

लखनऊ । सुशान्त गोल्फ सिटी के खुर्दही बाजार में रहने वाले एक युवक ने दो माह से मायके में रह रही पत्नी को वीडियो कॉल कर कमरे में गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद कमरे में पहुँचे परिजनों ने शव को नीचे उतारकर ट्रामा ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक खुर्दही बाजार निवासी अनिल रावत (28) पंचर बनाने का काम करता था। मृतक की पत्नी अंजली किसी बात से नाराज होकर बेटी के साथ मायके बरहनपुर जिला अयोध्या चली गई थी। अनिल ने शनिवार की रात पत्नी को वीडियो कॉल कर कमरे के अंदर छत के कुंडे से गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी ने अपनी ननद मनीषा को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पिता राजू व माँ द्रोपदी ने उसे नीचे उतार कर ट्रामा ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की माँ ने घटना की जांच की मांग की है। आरोप है कि पति पत्नी के बीच फोन पर ऐसी क्या बातचीत हुई कि उसने आत्महत्या कर ली।

# संगम स्नान से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के योग विभाग, फ़ैकल्टी ऑफ योग एण्ड अल्टरनेट मेडिसिन के तत्वधान मे महाकुंभ 2025 कार्यक्रम का आयोजन योग सभागार में किया गया। इस अवसर पर फैकेल्टी के कोआर्डिनेटर डाक्टर अमरजीत यादव ने कहा कि संगम के जल में स्नान करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कुंभ के आध्यात्मिक माहौल से शरीर की चेतना प्रकाशित होती है। कार्यक्रम का उद्घाटन कलश पूजन एवं माँ सरस्वती पूजन करके हुआ। फ़ैकल्टी के कोर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा अध्यात्मिक आयोजन



है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि एक अभूतपूर्व सांस्कृतिक और सामाजिक घटना भी है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। महाकुंभ का महत्व न केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया मे है, क्योंकि यह आस्था, विश्वास, और एकता का प्रतीक है। कुम्भ में श्रद्धापूर्वक स्नान करने से तन ही नहीं अपितु मन भी प्रभावित होता है।

## नगर निगम द्वारा अतिक्रमण अभियान, दुबग्गा और बुद्धेश्वर चौराहे के आसपास हटाए गए अवैध अतिक्रमण



लखनऊ, दुबग्गा । नगर निगम द्वारा आज दुबग्गा चौराहा और बुद्धेश्वर चौराहे के चारों ओर चलाए गए बड़े अतिक्रमण अभियान में कई अवैध संरचनाएं हटाई गईं। अभियान की शुरुआत दुबग्गा चौराहे पर हुई, जहां सभी अतिक्रमण हटाए गए और छह गुमटियों को जप्त कर लिया गया। इसके बाद, दुबग्गा चौराहे से लेकर बुद्धेश्वर चौराहे तक और फिर बुद्धेश्वर से दुबग्गा तक कुल नौ झुग्गी बस्तियां, 23 ठेले, 40 काउंटर, दो भूसे की दुकानें, एक लकड़ी की दुकान और अस्थाई रूप से लगाए गए 20 मूंगफली की दुकानें सहित 55 अस्थाई दुकानदारों को हटाया गया। ये दुकानें डिवाइडरों पर फैली हुई थीं और यातायात के प्रवाह में बाधा डाल रही थीं। नगर निगम ने इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की भी सहायता ली। अतिक्रमण करने वालों की एक सूची तैयार की गई है और यह सूची थाना अध्यक्ष को सौंप दी गई है ताकि भविष्य में फिर से अतिक्रमण न हो सके।

## ट्रेन के आगे कूदा कैंसर पीड़ित

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईंगंज इलाके में एक कैंसर पीड़ित मजदूर ने रविवार की सुबह ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। सुबह गेटमैन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार उर्फ टोनी (30) कैंसर की बीमारी से पीड़ित था। रविवार की सुबह उसने पहाड़ नगर टिकरिया गांव के पास ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक मजदूरी करता था।

## लखनऊ: अपार्टमेंट की 13वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुडंबा थाना क्षेत्र में रविवार को एक युवक द्वारा स्मृति अपार्टमेंट की 13वीं मंजिल से गिरकर युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्मृमि अपार्टमेंट में रहने वाले मोन्टी सिंह ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनका मित्र अजय नगर कमता निवासी गौरव उर्फ गोलू (25) मिलने के लिए शनिवार की देर रात को घर आया था। रात्रि दो बजे के आसपास वह 13 वीं मंजिल पर स्थित उसके फ्लैट से नीचे गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अगले साल लखनऊ में होगी व्हीलचेयर वर्ल्ड हैंडबॉल चैंपियनशिप

लखनऊ। नॉर्वे के ओस्लो में आयोजित इंटरनेशनल हैंडबॉल फ़ेडरेशन (आईएचएफ) की बैठक में भारत को अगले साल होने वाली व्हीलचेयर वर्ल्ड हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा। बैठक के दौरान भारत का प्रतिनिधित्व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किया। इस बैठक की अध्यक्षता आईएचएफ अध्यक्ष डॉ. हसन मुस्तफा ने की, जबकि आईएचएफ के उपाध्यक्ष अल बदर और एशियन हैंडबॉल फ़ेडरेशन के महासचिव मोहम्मद शफीक भी मौजूद रहे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया (एचएआई) के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने जानकारी दी कि इंटरनेशनल हैंडबॉल फ़ेडरेशन ने सर्वसम्मति से भारत को व्हीलचेयर वर्ल्ड हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेज़बानी सौंपी, जो अगले साल लखनऊ में होगी। यह निर्णय भारत में पिछले आयोजनों की सफलता को देखते हुए लिया गया।आईएचएफ अध्यक्ष डॉ. हसन मुस्तफा ने हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया ख़ासकर डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय की जमकर सराहना की।

# डीएम ने बक्कास गांव का किया निरीक्षण, लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोसाईगंज, लखनऊ। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख अय्यर ने रविवार को ब्लाक गोसाईगंज के बक्कास गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चल रहे स्वच्छता से सम्बंधित कार्यों का जायजा लिया और ग्रामीणों से पंचायत भवन में कूड़ा उठान, साफ सफाई आदि गतिविधियों और अच्छा संचालित करने के लिए वार्ता किया । रविवार की दोपहर डीएम विशाख अय्यर, सीडीओ अजय जैन, डीपीआरओ जितेन्द्र कुमार गौड़, एसडीएम बृजेश वर्मा, बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव बक्कास गांव पहुंचे। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान राजेश कुमार व सचिव विनोद कुमार गौड़ पहले से ही मुस्तैद थे। सर्वप्रथम डीएम ने गांव में बनाया गया आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया और



आरसी सेंटर की पूरी कार्य पद्धति देखी व जानी साथ ही कूड़े से पन्नी को अलग करके कैसे निस्तारण किया जाता है। गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया व आरआरसी केंद्र की व्यवस्था देखकर डीएम ने प्रसन्नता जताई । इसके बाद पंचायत भवन पहुंचकर आम जनता से बातचीत की और सीधा संवाद स्थापित किया कहा कि जल्द ही स्वच्छता आडिट होगा जिससे स्वच्छता संबंधी कार्यो का आकलन किया जाएगा। सभी लोगों को प्रेरित किया की महीने में 30 रूपए देकर आप दरवाजे पर आने वाली कूड़ा गाड़ी को

**ग्रामीणों को डीएम ने शुल्क देने के लिए किया प्रेरित**

**गांव को स्वच्छ देख डीएम ने सचिव व प्रधान को कहा सराहनीय**

कूड़ा दीजिए। जिससे गांव में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहे। इसके लिए उन्होंने गुटखा और अन्य सामान जो एक रूपए में मिलता है रास्ते में गड़ी रोककर परचून की दुकान से खरीद कर ग्रामीणों को दिखाया तथा कहा इस प्रकार से आप लोग गुटखा न खाएं और पैसा बचा कर साफ सफाई के नाम पर ग्राम पंचायत की आय बढ़ा कर अपना योगदान दे सकते हैं डीएम ने बीडीओ, ग्राम प्रधान व सचिव की कार्य शैली की सराहना किया।

# सीतापुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

❑ जितेंद्र बाजपेई अध्यक्ष, सहज गुप्ता महामंत्री, सुमित मिश्रा कोषाध्यक्ष बने




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की आम सभा की एक बैठक स्थानीय वाजपेई कांप्लेक्स तामसेन गंज सीतापुर में आहूत की गई सर्वप्रथम संगठन की आमसभा में वार्षिक चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से एसोसिएशन के सभी सदस्यों द्वारा एक राय होकर जितेंद्र वाजपेई प्रेमू को निर्विरोध अध्यक्ष एवं महामंत्री के पद पर सहज गुप्ता कोषाध्यक्ष के पद पर सुमित मिश्रा को चुना गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष जितेंद्र वाजपेई ने कहा की संगठन का उद्देश्य दवा व्यापारियों की समस्याओं एवं उनके निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाने का है श्री वाजपेई ने आए हुए सभी पदाधिकारी का अभिनंदन करते हुए कहा कि हमारी संस्था एक परिवार है एवं आगे आने वाले समय में समाज की जन सरोकार की और विशेष तौर पर चिकित्सीय सुविधाओं एवं उनके क्रियान्वयन हेतु सरकार से संबंध में स्थापित कर उनके निराकरण हेतु प्रयास करेगी श्री वाजपेई ने कहा कि हमारे एसोसिएशन के संरक्षक आदरणीय शोभित टंडन जी के दिशा निर्देश पर यह एसोसिएशन सीतापुर के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के दवा व्यापारियों की आवाज को प्रदेश एवं केंद्र सरकार से संपर्क स्थापित करके उनके निदान के लिए आवश्यक कदम उठाएंगी उक्त कार्यक्रम के उपरांत मेदांता अस्पताल एवं सीतापुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से हड्डी रोग एवं अन्य रोगों की जांच की गई जिसमें लगभग 200 मरीज लाभान्वित हुए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुनील तिवारी सुधीर शुक्ला उपेंद्र शुक्ला विनीत सिंह अनिल कुमार नंद विकास मिश्रा वी बी सिंह अमित दीक्षित दीपक गुप्ता डॉ यूं एस जायसवाल विजय श्रीवास्तव मोहम्मद इशितयाक मोहम्मद फारूक सबल गुप्ता रोमिल जैन मोहम्मद जियाउल्लाह प्रदीप अवस्थी मोहम्मद शफीक दिवाकर यादव हारून, राजेंद्र शुक्ला सत्यम बाजपेई सिद्धार्थ वाजपेई आदि उपस्थित रहे।

# ऐलिया की कई ग्राम पंचायतों में तैनात सचिवों द्वारा उड़ाई जा रही आदेशों की धज्जियाँ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




ऐलिया सीतापुर। उत्तरप्रदेश के सीतापुर जिले में विकासखंड ऐलिया में आए दिन भ्रष्टाचार के नए-नए प्रकरण सुनने में देखने में आते रहते हैं जहां एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए समय-समय पर आदेश जारी किऐ जाते रहे जिससे प्रदेश में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया जा सके उसके बाद भी जनपद सीतापुर में कुछ ग्राम पंचायत में आदेशों को दरकिनार कर ग्राम पंचायत में तैनात सचिवों के द्वारा मनमाने तरीके से भुगतान किया जा रहा है। सचिव और प्रधानों की मनमानी के सामने शासनादेश दम तोड़ते नजर आ रहे हैं विकास कार्यों के लिए सरकार द्वारा भेजी गई धनराशि का दुरूप्रयोग करवाने की सचिवों की विशेष भूमिका सुनने में व देखने में भी नज़र आ रही है विकासखंड ऐलिया के अमीननगर, मोहदीनपुर, गौरा, रामपुर टिकवापारा ,अम्बोआ, अंगरासी व पीतपुर ग्रामसभा में तैनात ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा जारी आदेशों को दरकिनार कर भुगतान किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर ग्राम पंचायत टिकवापारा में ग्राम प्रधान के नाम वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2 दो लाख से अधिक का भुगतान सचिव के द्वारा किया गया साथ ही प्रधान के नजदीकी के नाम पर भी 1 एक लाख से अधिक का भुगतान किया गया है और ग्रामसभा में कुछ माह पूर्व दोषपुर में खुदाई करवाऐ गऐ तलाब की हालत जस की तस बनी हुई है इन्हीं सचिव के द्वारा ग्राम सभा पीतपुर में जो कार्य वित्तीय वर्ष 2023-24 में करवाऐ गऐ वो सब सरकारी बजट का दुरूप्रयोग करके आदेशों की धज्जियां ही उड़ाई गईं है।

# आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन का बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया तीसरा स्थापना दिवस

❑ फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग निराश्रित, निर्धनों को संगठित कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद सीतापुर। विकास खण्ड खैराबाद के अंतर्गत ग्राम विशुननगर चौराहे पर स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय पर बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया तीसरा स्थापना दिवस । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खैराबाद थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह रहे। मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया । अनिल सिंह ने कहा कि आप लोग दिव्यांग हैं सेवा करना हम लोगों का सौभाग्य है आप लोग दिव्यांग हैं आप लोग हिम्मत न हारे और संगठित होकर समाज की मुख्य धारा से जुड़े और आप लोग नशा से बचें। पुलिस हमेशा सहयोग के लिए तात्पर्य है । स्थापना दिवस के अवसर पर निर्धन, दिव्यांग व निराश्रित महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने कहा फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग निर्धन , निराश्रित महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना व सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाना । प्रबंधक /सचिव बिन्दू मौर्या, कोषाध्यक्ष विजय पाल,हसीब आदि संबोधन किया । अनीता , मेहनाज, भागीरथ आदि

दिव्यांगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । इस अवसर पर भोलानाथ, भागीरथ उत्तम, सुशील, शोएब, अली हसन, कौशल किशोर यादव उर्फ बबलू , कालिंद्री , रिजवाना, मानसी, पूजा आदि कई सैकड़ो निराश्रित महिला व दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# गोला में मना पतंग महोत्सव, उज्जवल व शिवम बने पतंगबाज

❑ छोटी काशी में पतंग महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोला गोकर्णनाथ-खीरी। विजय शुक्ल रिंकू पालिकाध्यक्ष गोला गोकर्णनाथ एवं गोला टूरिज्म संगठन द्वारा संयुक्त तत्वावधान मे दो दिवसीय छोटी काशी पतंग महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। प्रतिभागियों भारी उत्साह देखने को मिला एवं साथ ही उपस्थित नागरिकों में उनकी पुरानी स्मृति का संचार हो उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोला अमन गिरि विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत मैलानी अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, पूर्व भाजपा गोला नगर अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता एवं सीजीएन डिग्री कॉलेज गोला पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजय बाजपेई रहे। निर्णायक मंडल एवं आयोजन समिति द्वारा प्रतिभागियों का मनोबल उनके मध्य उपस्थित रहकर बढ़ाया गया। गणमान्य अतिथियों में सुरेन्द्र कोहली, विवेक, पीयूष शुक्ल, विमलेश मिश्र, अरुण अवस्थी आदि उपस्थित रहे। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, प्रथम दिवस ए व बी ग्रुप में चयनित पांच पांच प्रतिभागियों ने फाइनल राउंड के लिए पतंग उड़ाई। प्रथम दिवस ए ग्रुप में आदिल खान, मोहम्मद उजैर, अमन अली, हिमांशु गुप्ता, उज्ज्वल गुप्ता एवं ग्रुप बी में शिवम साहनी, हिमांशु सिंह, उदय मिश्र, आदित्य दीक्षित एवं रौनक तिवारी थे जिन्होंने फाइनल राउंड में जाने के लिए प्रतिस्पर्धा की। इनमें से उज्ज्वल गुप्ता व शिवम साहनी ने फाइनल राउंड में प्रतिस्पर्धा की व विजेता उज्ज्वल गुप्ता एवं उप विजेता शिवम साहनी रहे जिन्हें अतिथियों द्वारा क्रमशः 5100 रुपए व 2100 रुपए का नगद पुरस्कार, चमचमाती ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। जूनियर वर्ग में रुद्रांश मिश्र को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ जिन्हें 2100 रुपए का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू की ओर से दिया गया। सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर विधायक गोला अमन गिरि एवं पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू द्वारा छोटे बच्चों के साथ पतंग उड़ाई गई एवं अपने बीते दिनों का स्मरण किया गया। विधायक अमन गिरि ने अपने उद्बोधन में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू एवं गोला टूरिज्म संगठन की भव्य छोटी काशी पतंग महोत्सव के आयोजन हेतु प्रशंसा की एवं पुराने खेल को जीवित रखने के उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन गोला टूरिज्म संगठन के सचिव मिलिंद शुक्ल द्वारा किया गया। आयोजन के समय स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में भारी भीड़ उपस्थित रही। चाइनीज मांझे को त्यागने व उसका प्रयोग न करने हेतु सभी प्रतिभागियों को पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू द्वारा प्रतिज्ञा भी दिलवाई गई। निर्णायक मंडल ने अपने निर्णय से समारोह को सार्थक गति प्रदान की इसमें डॉ सौरभ दीक्षित, डॉ योगेश कनौजिया, डॉ आदर्श दीक्षित, कुलदीप तिवारी, राजेंद्र सोनी एवं एड सुमित शाह रहे। आयोजन समिति में गोला टूरिज्म संगठन के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव, प्रबंधक प्रेम गुप्ता, सचिव मिलिंद शुक्ल, मंत्री अनुज त्रिवेदी, कुंभी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी, धीरज बाजपेई, रितेश गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता वीनू, आशुतोष मिश्र एवं कमलेश उपस्थित रहे।

# घरेलू क्रियाशील नल संयोजन को अपनाने के लिए किया गया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बांकेगंज-खीरी। बांकेगंज ब्लॉक मुख्यालय पर आज जल जीवन मिशन, व जिला पेयजल स्वच्छता समिति द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत एडीओ आरिफ खान तथा ब्लॉक कोडिनेटर लाल बाबू द्वारा झंडी दिखा कर की गई। इस समिति ने नुक्कड़ सभा आयोजित कर लोगों को घरेलू क्रियाशील नल संयोजन को अपनाने के लिए जन समुदाय जागरूकता कार्यक्रम किया जिसमें नुक्कड़ टीम के लोगों ने स्वच्छ जल के लाभ तथा हानियों के बारे मे जागरूक किया तथा जल संरक्षण करने की भी अपील की। यह कार्यक्रम सहारनपुर की टीम द्वारा पूरे जिले मे हर ब्लॉक हर पंचायत मे यह कार्यक्रम किया जाना है इसी क्रम मे आज इस कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक मुख्यालय से की गई है तथा यह बांकेगंज की हर ग्राम पंचायत मे जन समुदाय जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव की जयंती नेशनल इक्वल पार्टी ने मनाई,योगदान को किया नमन

एजेंसी



वाराणसी। राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव की 1016वीं जयंती रविवार को नेशनल इक्वल पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ मनाई। पार्टी के शिवपुर भरलाई स्थित केन्द्रीय कार्यालय में जुटे कार्यकर्ताओं ने महिला मंच ?की अध्यक्ष वंदना सिंह के नेतृत्व में महाराजा सुहेलदेव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह ने कहा कि महाराज सुहेलदेव वास्तव में हिन्दू राष्ट्र रक्षक के रूप में देश की महिलाओं की रक्षा के लिये छोटी सेना के बावजूद लाखों आतताइयों को अपने राज्य की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया। महाराजा सुहेलदेव को किसी जाति से जोड़कर नहीं देखना चाहिये। उनकी समृद्ध हिंदुस्तान के लिये एक अलग पहचान रही। कुछ जाति के लोग महाराज को अपनी जाति से जोड़कर उनका अपमान कर रहे है। पार्टी के प्रवक्ता प्रकाश जायसवाल ने कहा कि महाराज ने 21 राजाओं के साथ मिलकर आतताइयों की नकेल कस दी। आज पूरे देश को उनके बताए आदर्शों पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में रवि सिंह पटेल, जितेंद्र पटेल, राजू पटेल, सतेंद्र सिंह, सूरज यादव, दिनेश पटेल, अरविंद सिंह, सुमन सिंह, सरिता सिंह आदि की भागीदारी रही।

## सीतापुर पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्त को 10 माह सश्रम कारावास एवं 4,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान "OPERATION CONVICTION" के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री चक्रेश मिश्र के निर्देशन में मादक पदार्थ से संबंधित थाना लहरपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं 200/2024 की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांक 01.02.2025 को मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (एफ0टी0सी0) न्यू सीतापुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त उत्तम पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम बहतलिया थाना तालगाँव जनपद सीतापुर को अन्तर्गत धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट में 10 माह सश्रम कारावास एवं 4,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

## गणित शिक्षण मे अभिनव प्रयोग के लिए शिक्षक अभिषेक को किया गया सम्मानित

**महोली कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बच्चों को रोचक व प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए नवाचारों व गतिविधियों का प्रयोग किया जाता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शिक्षण विधियों और आईसीटी का प्रयोग कक्षा शिक्षण मे किया जाता है। जनपद सीतापुर के महोली ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय के शिक्षक अभिषेक कुमार को गणित विषय मे नवाचारों, गतिविधियों और आईसीटी का प्रयोग कर शिक्षण कार्य करने के लिए होटल क्लार्क्स इन एक्सप्रेस अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम मे खान एकेडमी द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश भर के सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शिक्षक अभिषेक ने खान एकेडमी द्वारा आयोजित इस कार्यशाला मे अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज को साझा किया तथा अपने बच्चों की प्रगति से अवगत कराया। खान एकेडमी द्वारा शिक्षक अभिषेक के शैक्षिक प्रयासों की सराहना की गई। शिक्षक अभिषेक की इस उपलब्धि हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह,खण्ड शिक्षा अधिकारी महोली वीरेंद्र कुमार पाण्डेय और साथी शिक्षकों द्वारा बधाई दी गई।

## लाखन आर्मी के सदस्यों ने पासी समाज के सुहेल देव व छीता पासी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निकाली बाइक रैली

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पहला सीतापुर में महाराजा छीतापासी और महाराजा सुहेल देव की जयंती के अवसर पर एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी के नेतृत्व में यह रैली विकास खंड पहला के बेहमा चौराहे से शुरू हुई। रैली में लाखन आर्मी और पासी समाज के सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया। बाइक रैली बेहमा चौराहे से सिधौली तक पहुंची, जहां लखनऊ से आ रहे लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी का समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद पूरी टीम ऐतिहासिक छीता पासी किले पर पहुंची, जहां जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी रंजीत यादव, सहयोग छात्र शिक्षा समिति के प्रबंधक धर्मेंद्र पासवान, अनुज पासी, राजवीर राजवंशी (राजा पासी), रवि रावत, भानू, कमलेश पासी, देशराज पासी और जिला पंचायत सदस्य रवींद्र रावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। यह आयोजन पासी समाज की एकजुटता और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बन गया।

## 10 फ़रवरी को होगा मध्याँचल विधुत मुख्यालय का घेराव

**पालियाकलां-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम संविदा एवं ठेका कर्मचारियों की छंटनी के विरोध में दो फ़रवरी को संविदा कर्मचारियों की सभा में निर्णय लिया गया कि पलिया डिवीजन के सभी ठेके व संविदाकर्मी आगामी दस फ़रवरी को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के घेराव के पूर्व नियोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए पलिया डिवीजन के अध्यक्ष अरुण अर्कवंशी ने बताया कि वर्तमान में 29,000 हजार मेगावाट की खपत व बढ़ते की संख्या के सापेक्ष अनुपात में संविदा कर्मचारी काफी कम हैं, क्षमता से अधिक कार्य लिया जा रहा है,उस पर भी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा हम संविदा कर्मियों की अवैधानिक छंटनी से सभी कर्मचारी आक्रोषित हैं, विद्युत विभाग एवं शासन के इस तुगलकी आदेश के खिलाफ सभी कर्मचारी एमवीवीएनएल मुख्यालय पर धरना देंगें।

## झपट्टा मार महिला के कुंडल ले गए बदमाश, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले मे खीरी थाना क्षेत्र की ओयल चौकी कस्बे में आज सुबह एक महिला के साथ लूट की वारदात सामने आई। मंदिर से दर्शन कर लौट रही महिला को निशाना बनाते हुए बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके कानों से सोने के कुंडल झपट लिए। पीड़िता ने तत्काल थाना खीरी और ओयल चौकी में शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों की पहचान के लिए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पीड़िता से पूछताछ के आधार पर बदमाशों का हुलिया तैयार किया जा रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा और लूटे गए जेवरात बरामद कर लिए जाएंगे।

# पात्र लाभार्थियों को नहीं मिल रहा कोई लाभ , प्रधान के विकास कार्यों समेत प्रधान से नाराज ग्रामीणों ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर पहला। जनपद सीतापुर के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत न्यामतपुर के ग्रामीणों ने एक बैठक कर विकास कार्य न कराए जाने से नाराज ग्रामीणों ने प्रधान व उनके द्वारा कराए गए के विरुद्ध बैठक की। उक्त बैठक में ग्राम पंचायत न्यामतपुर लबरहा गांव के अंतर्गत आने वाले गांव हाता पुरवा , मुबारखपुर खुर्द , बरातीपुर आदि गांव के पात्र लाभार्थियों ने एक जगह पर एकत्रित होकर प्रधान के विरुद्ध बैठक का आयोजन कर प्रधान व प्रधान के द्वारा कराए जा रहे कार्यों के प्रति नाराजगी जाहिर की। और वहीं पर वृद्ध महिलाओं ने बताया कि वृद्धा पेंशन , राशन कार्ड , प्रधानमंत्री आवास समेत गांव में नाली खड़ंजा सहित गांव में विद्युतीकरण का कार्य नहीं कराया जा रहा है। जिसकी वजह से रविवार को ग्राम पंचायत में तीन चार गांवों की महिलाओं समेत पुरुषों ने इक्कठा होकर प्रधान के द्वारा विकास कार्य न कराए जाने से नाराज ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रति नाराजगी जाहिर की। करीब एक सैकड़ा लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत में नाली निर्माण , खड़ंजा निर्माण , विद्युतीकरण के तहत गांव में बिजली के तार बदले नहीं गए है साथ ही वृद्ध महिलाओं व विधवा महिलाओं को पेंशन नहीं मिल रही है। क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसान बहुत परेशान है ग्राम प्रधान के द्वारा इन्हें पकड़वाया नहीं जा रहा है। यह किसानों की मुख्य समस्या है। और वहीं कुछ भूमिहीन ग्रामीणों ने सरकार से भूमि आवंटित कराए जाने की मांग कर रहे है। प्राथमिक विद्यालय को जाने के लिए रास्ता नहीं है। ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी नहीं आता है जिसके कारण कोई यह नहीं जानता है कि यहां पर सफाई कर्मी कौन तैनात है। साथ ही वहीं पर मौजूद पात्र लाभार्थियों सहित अन्य लोगों में ग्रामीण अनुपम , छेज्जू, रमेश चंद्र , राजू , राजकुमार, ठाकुर प्रसाद , वंशी लाल , अली हसन ,राम बहादुर ,जगन्नाथ ,अनिल कुमार , शिव कुमार , अंकज कुमार, सुनील कुमार , देव कुमार , राजेंद्र प्रसाद , सुमेरी लाल ,कमलेश , सियाराम आदि लोगों के साथ वहीं पर वृद्ध महिलाओं में सलीमा , जगरानी ,विंदेश्वरी ,हलीमन ,जानकी, संझीलों, रमदेई,चमेली,अंशिका, अनीता, रूपरानी, रामपती,राजेश्वरी, विरजावती, शिवरानी,सुमित्रा,मुन्नी, मिथिलेश कुमारी,मंजू देवी , राम जानकी , निर्मला , मुन्नी सहित कई अन्य महिलाओं समेत वहां के लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत के हाता पुरवा, बारातीपुर, मुबारखपुर खुर्द समेत न्यामतपुर लबारहा गांव में वृद्ध महिलाओं को वृद्धा , विधवा पेंशन नहीं मिल रही है। और वहीं दामिनी को जन्म से आंखों से दिखाई नहीं देता है। फिर भी जिम्मेदारों द्वारा कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है। बैठक में मौजूद लोगों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय को जाने वाले छात्र छात्राओं के लिए अच्छा रास्ता नहीं है। विद्यालय की बाउंड्रीवाल बनाने के बाद उसमें मिट्टी की पटाई नहीं कराई गई है । उसका पेमेंट निकाल लिया गया है। सार्वजनिक शौचालय का ताला बंद रहता है। जिससे ग्रामीणों को शौच जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जबकि केयर टेकर का मानदेय प्रति माह निकल रह रहा है। ग्राम पंचायत में कूड़ा दान आए थे मगर हाता पुरवा , बारातीपुर , मुबारखपुर खुर्द आदि गांवों में नहीं लगाए गए है। पात्र लाभार्थियों को आवास नहीं दिए जा रहे है। और वहीं अपात्र लाभार्थियों को आवास दिए जा रहे है। जिनके मकान पहले से पक्के बने है। उनकी जांच प्रशासन के उच्च अधिकारियों से कराए जाने की मांग की गई। हाता पुरवा गांव में विद्युतीकरण के तहत बिजली के तार बदले नहीं गए है। तार बहुत जर्जर हालत में है। जबकि ग्राम पंचायत के अन्य गांवों में विद्युतीकरण योजना के तहत तार बदलवा दिए गए है। यह भी मुख्य समस्या है। सफाईकर्मचारी गांव में साफ सफाई करने के बजाय ग्राम प्रधान के घर पर साफ सफाई कर के चला जाता है। गांव में साफ सफाई नहीं करता है। ऐसा भी आरोप ग्रामीणों के द्वारा लगाया जा रहा है। इस बैठक में अत्यधिक समस्या पेंशन व राशन कार्ड बनवाने की सामने आई है। और इसी के साथ यह भी बताया गया कि प्रधान के हस्ताक्षर उनके प्रतिनिधि स्वयं करते हैं। जो कि नियमानुसार गलत होने की बात कही गई। पानी टंकी चलने के बाद भी गांवों में पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। और वहीं पर मौजूद उक्त लोगों ने बताया कि यदि कोई समस्या को लेकर ग्राम प्रधान के पास जाओ तो बताते है कि सरकार द्वारा ग्राम सभा में पैसा नहीं दिया जा रहा है। जब पैसा ही नहीं आएगा। तो ग्राम पंचायत में विकास कार्य कैसे करा पाएंगे। ग्रामीणों व किसानों ने बताया कि यहां पर किसानों की मुख्य समस्या आवारा पशु है।

# डीएम साहब आधा अधूरा नाली निर्माण और धन के बंदरबांट का कब होगा जांच

❑ ठेकेदार और नगर पालिका की कारस्तानी: आधा अधूरा नाली निर्माण का विधायक से करा दिया लोकार्पण

❑ नगर पालिका कुशीनगर का खेल: 32 लाख के लागत से 06 सौ मीटर नाली निर्माण 2:5 सौ मीटर में सिमटा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कुशीनगर। विधायक कुशीनगर पीएम पाठक द्वारा लोकार्पण कराये गये 32 लाख रुपये का नाली ठेकेदार और पालिका प्रशासन के मिली भगत से भ्रष्टाचार की भेट चढ गयी है। चर्चा-ए-सरेआम है कि नगर पालिका और ठेकेदार ने मिलकर आधा-अधूरा नाली निर्माण कराकर कर धन का बंदरबांट कर लिया है। मामला कुशीनगर नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या-12 वीर अव्दुल नगर का है। स्थानीय लोगों ने अधूरे नाली निर्माण और धन के बंदरबाट को लेकर लगातार शिकायत के बाद अब जिलाधिकारी कुशीनगर से जांच की मांग की है। काविलेगौर हो कि नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वीर अब्दुल नगर वार्ड मे 32 लाख रुपये की लागत से प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक कुल 600 मीटर की नाली निर्माण की स्वीकृति नगर पालिका द्वारा की गई है। मजे की बात यह है कि बीते दिनो ठेकेदार अनीश आलम और नगर पालिका प्रशासन ने नाली निर्माण कार्य पूरा कराये बिना ही महज ढाई सौ मीटर नाली निर्माण को पूर्ण दिखाकर कुशीनगर विधायक पीएन पाठक से लोकार्पण करा दिया, जबकि तीन सौ मीटर से अधिक निर्माण कार्य अभी भी बाकी है और भुगतान 600 मीटर का हो गया है। नाली निर्माण का कार्य पूर्ण कराये बिना किये गए सम्पूर्ण भुगतान में कितनी सच्चाई है यह तो उच्च अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

### नगर पालिका से लगायत विधायक पीएम पाठक तक लोगो ने की है शिकायत

स्थानीय व मुहल्लेवासियो का कहना है कि विधायक पीएन पाठक ने बीते दिनो नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित छह सौ मीटर नाली निर्माण का लोकार्पण किया गया था जबकि ठेकेदार ने निर्माण कार्य सिर्फ ढाई सौ मीटर कराया है। मुहल्ले के लोगो ने बताया कि ठेकेदार अनीश आलम की करतूत को नगर पालिका प्रशासन से लगायत विधायक तक को अवगत कराया गया है लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नही किया। लोगो का कहना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि धन के बंदरबांट में सभी शामिल है। क्योंकि शिकायत के बावजूद अभी तक नगर पालिका प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार न तो मौके पर आकर स्थलीय निरीक्षण किया है और न ही ठेकेदार ने अधूरा नाली निर्माण को पूर्ण कराया है जबकि पांच माह से अधिक समय बीत गया है।

### लोकार्पण पत्थर पर अंकित है माननीयों के नाम

काले रंग मार्बल के बने लोकार्पण पत्थर पर सबसे उपर आदरणीय योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के प्रेरणा से 15वा वित्त आयोग/निकाय निधि के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से जनहित मे निर्माण कार्य वर्ष 2023-24 अंकित है। इसके नीचे वार्ड संख्या 12 वीर अव्दुल हमीद नगर मे प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक आरसीसी नाली निर्माण का लोकार्पण लिखा गया है। बोर्ड के दाहिने तरफ क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे और बायी तरह नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एके शर्मा का नाम दर्ज है। इसके नीचे मोटे अक्षरों मे लोकार्पण करने वाले कुशीनगर के विधायक पीएन पाठक फिर नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल और सबसे नीचे सभासद मधुबाला सोनू त्रिपाठी का नाम अंकित है।

### बोर्ड मे किया गया है खेला

लोकार्पण बोर्ड पर धनराशि के आगे कही भी 32 लाख रुपये का उल्लेख नही किया गया है और न ही प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक कि 600 मीटर दूरी दर्शायी गयी है। जानकार बताते है कि लोकार्पण वोर्ड पर स्वीकृत धनराशि और दूरी न दर्शाना ही भ्रष्टाचार का सबसे खेल है।

## कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ आज



**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विगत वर्षों की भांति 15वें वर्ष श्रीरामजानकी मंदिर मठ कसया द्वारा आज सोमवार को बसंत पंचमी के अवसर पर प्रातः काल 10 बजे कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ होगा। आयोजन की जानकारी देते हुए महंत त्रिभुवन शरण दास व व्यवस्थापक देव नारायण शरण ने बताया कि आज कलश यात्रा के साथ दस दिवस तक चलने वाले श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ होगा और कल 4 फरवरी से लेकर 12 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर में श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथावाचक अंकुश जी महाराज के श्रीमुख से भव्य श्रीराम कथा व अयोध्या धाम से आये कलाकारों द्वारा रात में भव्य श्रीरामलीला का मंचन होगा। श्रीराम महायज्ञ आचार्य रामजी पांडेय की देख रेख में सम्पन्न होगा और दस दिनों तक अयोध्या के संतों द्वारा अहर्निश श्रीसीताराम नाम संकीर्तन भी चलता रहेगा। 12 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ पूर्णाहुति होगी। दोनों संतो ने श्रद्धालुओं से बढ़चढ़ कर आयोजन में सहभागी बनने की अपील की।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न, नव वर्ष 2025 के परिचय पत्र वितरित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पडरौना/कुशीनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक नगर स्थित होटल किचन कैलोरी के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती व आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नव वर्ष 2025 के परिचय पत्र का वितरण भी किया गया। बैठक में प्रदेश प्रचार मंत्री व बिहार-बंगाल प्रभारी ओमप्रकाश द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने की। बैठक में विभिन्न तहसीलों और ब्लॉकों के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष खड्डा महेंद्र पांडे, कसया कृष्णमोहन पाण्डेय, पडरौना हरिशंकर चौबे, हाटा गुरुदत्त गिरि, कप्तानगंज फरेंद्र पांडे, तमकुही राजकुमार चौबे शामिल रहे। इसके अलावा, प्रभुनाथ गुप्ता, जिला पदाधिकारी सुरेंद्र राय, फैजुल हक, मुकेश नाथ तिवारी, पारस पांडे, मनोज मिश्रा, ब्लॉक प्रभारी कृष्णनंदन प्रसाद, राजीव कुमार गुप्ता, सतीश चंद दुबे, संगम पांडे, सुधीर पाण्डेय, दुर्गा दयाल तिवारी, गिरजेश मल्ल, अंजनी सिंह, सत्येन्द्र पाण्डेय, संजय उपाध्याय, मोहन रॉव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अनूप कुमार, जाहिद हुसैन, मनोज शुक्ल, ओम प्रकाश पाण्डेय, श्री प्रकाश तिवारी, धनंजय मिश्र, जितेंद्र दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान संगठन की मजबूती, पत्रकारों की समस्याओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मौजूद पत्रकारों ने संगठन को और प्रभावी बनाने पर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

# बर्ड फ़ेस्टिवल और वेट लैंड डे मनाकर वन विभाग ने छात्रों को किया जागरूक

❑ दुमही के देवामन ताल में हुई पक्षियों की गणना

❑ मुरलीधर इंटरमीडिएट कालेज में आयोजित हुई निबंध एवं कला प्रतियोगिता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



राजापाकड़/कुशीनगर। सामाजिक वानिकी प्रभाग तमकुहीराज ने दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही में विश्व वेट लैंड डे व बर्ड फ़ेस्टिवल-2025 का आयोजन कर छात्रों को इनके संवर्धन व संरक्षण के प्रति जागरूक किया। रविवार को दुमही के देवामन ताल में छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों के बीच बर्ड वाचिंग में पक्षियों की गिनती कराई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेंजर हरिकेश बहादुर नायक ने कहा कि बर्ड फ़ेस्टिवल ईरान देश में चर्चा के बाद शुरू हुआ। उन्होंने वेट लैंड के संरक्षण एवं संवर्धन के बारे में विस्तार से बताया। पर्यावरण एवं जीव जंतुओं के बारे में भी को बताया गया। मुरलीधर इंटर कालेज के बच्चों द्वारा प्रातः काल से ही दुमही जाकर बर्ड वाचिग का कार्य किया गया। छात्रों के बीच कला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे प्रथम अनन्या कुशवाहा, द्वितीय चांदनी कुशवाहा, तृतीय राधा यादव को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य बलराम सिंह कुशवाहा ने पर्यावरण , पशु-पशियों एवं जीव जंतुओं के प्रति बच्चों को जागरूक किया। इस दौरान वन दारोगा नन्द राव, वन रक्षक राकेश कुमार संजय सिंह बीट प्रभारी राजकिशोर मिश्र, रामकिशोर गुप्ता अरविंद कुमार, सिराजुद्दीन अंसारी, विजय कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा , राजन तिवारी, मधुरश्याम शुक्ल आदि।

# पीडीए पंचायत में वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर किया प्रहार

❑ लगातार वंचित समाज का हक मारा जा रहा है : चंद्रजीत

❑ पीडीए विरोधी है भाजपा सरकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



राजापाकड़/कुशीनगर। फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के बरवाराजापाकड़ सेक्टर में समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत सम्पन्न हुई। वक्ताओं ने पीडीए की व्याख्या करते हुए भाजपा सरकार पर चौतरफा प्रहार किया। मुख्य वक्ता समाजवादी चिंतक चन्द्रजीत यादव ने पीडीए पंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तबसे लगातार वंचित समाज का हक मारा जा रहा है। आरक्षण के नियमों में बदलाव करके उनकी नौकरियां छीनी जा रही हैं। यह सरकार पीडीए विरोधी है। पूर्व प्रमुख संजय गुप्ता ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार को रोकने में यह सरकार विफल रही है। बजट में पीडीए के लिए कुछ भी नही है। यह बजट पूजीपतियों के हितों की पोषक है। आने वाले समय में इस सरकार को बदलने की जरूरत है। कार्यक्रम को विपिन सिंह, कलामुद्दीन, पूर्व प्रमुख राम अवध यादव, अशोक कुशवाहा, विजय यादव आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा के विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रवीन्द्र प्रसाद वर्मा ने की तथा संचालन अशोक कुशवाहा ने किया। आयोजक व समाजवादी बाबा साहेब वाहिनी के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पासवान ने आभार जताया। इस दौरान एडवोकेट अमरनाथ पटेल उर्फ मंत्री, मुकेश यादव, बाबू सिंह यादव, प्रभुनाथ पाल, अजय निगम, नौशाद अहमद, अनुज शर्मा, नरेंद्र पटेल, उस्मान गनी नूरी, सुरेश कुशवाहा, रामबली पासवान, विजय गोंड़, अमलेश कुमार, गुड्डू विश्वकर्मा, अनिल कुशवाहा, श्यामानंद कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, तालिम अंसारी, विनीत शर्मा, हरख यादव, सुनील कुमार, अकलू प्रसाद, मंशी अंसारी, अजीत यादव, आदि उपस्थित रहे।

## राज्यस्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता में मुरादाबाद की रोल बॉल टीम को मिला उप्र में दूसरा स्थान

**मुरादाबाद।** 16 वीं सीनियर राज्य स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता में मुरादाबाद की रोल बाल टीम को उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। 29 जनवरी से 31 जनवरी तक आगरा के बोस्टन पब्लिक स्कूल मे बालक एवं बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय रोल बाल प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिला रोल बॉल संघ के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि मुरादाबाद टीम का पहला लीग मैच बरेली टीम के मध्य खेल गया जिसमें मुरादाबाद टीम ने बरेली 18 /02 के स्कोर से हराया, दूसरा लीग मैच गाजियाबाद टीम के साथ हुआ जिसमें गाजियाबाद टीम को 15/02 से हराया, दूसरा लीग मैच मुरादाबाद और लखनऊ के बीच खेला गया जिसमें मुरादाबाद ने लखनऊ को 10/03 से मात देकर सेमीफाइनल में पहुंची। शाहवेज़ अली ने आगे बताया कि सेमीफाइनल मैच मुरादाबाद और गौतमबुद्ध नगर के मध्य खेल गया जिसमें मुरादाबाद टीम ने गौतमबुद्ध नगर को 11/04 के स्कोर से हराकर फाइनल में जगह बनाई, फाइनल मुकाबला मुरादाबाद और आगरा के मध्य खेल गया जिसमें आगरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 05/03 के स्कोर से विजय प्राप्त की और मुरादाबाद टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 20 से अधिक जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें मुरादाबाद टीम से सचिन सैनी, ओम शिवओम सैनी, गोविंद गौर, खेतन सैनी, कुणाल सैनी, तरुण यादव, विकास कश्यप, अक्षय प्रताप सिंह, मंतव्य अरोरा ने शानदार प्रदर्शन किया और उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया । रविवार को मुरादाबाद पहुंचने पर विजेता टीम का आरएसडी समूह के निदेशक डा. विनोद कुमार, डा. जी कुमार, डा. गौरव कुमार, डॉ अजय शर्मा एवं डॉ गरिमा शर्मा ने स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला संघ के अध्यक्ष गोरव गुप्ता, संयुक्त सचिव मोहित चौधरी,परमेश चरण, रिम्पी सिंह, संजय मल्होत्रा, मयंक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हर जीव को प्रकाश की जरूरत है, वह प्रकाश हमारे घर में ही विद्यमान : देविका देवी

**मुरादाबाद।** श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित पांच दिवसीय पीतांबरा देवी महायज्ञ एव श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को प्रातः कालीन सत्र में सहस्त्र चंडी व सरस्वती महायज्ञ हुआ। सांयकालीन सत्र में वृंदावन धाम से पधारी बाल व्यास देवी देविका देवी ने परिवार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हर जीव को प्रकाश की जरूरत है और वह प्रकाश हमारे घर में ही विद्यमान हैं। हम समझ नहीं पाते हैं प्रकाश कैसा होता है। हमारे घर के बड़े बुजुर्ग ही तो घर के प्रकाश है। सहस्त्र चंडी व सरस्वती यज्ञ में मुख्य यजमान पुनीत बंसल, श्वेता बंसल रहे। आज के विशेष आयोजन में 250 बच्चों द्वारा यज्ञ किया गया। जिनको श्री परिवार ने कॉपी पेन देकर उनका उत्साह वर्धन किया। केके गुप्ता, अरविंद अग्रवाल जौनी, अतुल सोती, अर्जित प्रधान, प्रियंका प्रधान, राजीव वर्मा, अमित गुप्ता, नीरू गुप्ता, नितिन, गरिमा, अशोक यादव, अंकुर अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल उपस्थित रहे। महायज्ञ श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी के निर्देशन महायज्ञ संचालक आचार्य कामेश्वर मिश्र, पंडित तेजनारायण, पंडित जगदंबा प्रसाद द्वारा संपन्न हुआ। सांय कालीन सत्र में बाल व्यास देवी देविका दीक्षित ने कहा कि जहां ना पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि और जहां ना पहुंचे कवि वहां पहुंचे अनुभवी। वह अनुभवी कोई और नहीं घर के ही दादा-दादी, माता-पिता हैं। उनके पास बैठकर उनकी बातों को ध्यान से सुनें जीवन में उतारें व अपनाएं। क्योंकि जो अनुभव जो ज्ञान जो शिक्षा घर के बड़े बुजुर्गों के पास है वो दुनिया में कोई नहीं बता सकता है। घर के बड़े बुजुर्ग अपने बच्चों का हमेशा भला चाहते है इसलिए बह भली बातें बताएंगे, भला रास्ता दिखाएंगे पर आज कल हर बच्चे यही गलती करते उनकी बातों पर ध्यान नहीं देते हैं। इस अवसर पर संरक्षक के के गुप्ता, अध्यक्ष अंरविद अग्रवाल जौनी, सुधीर श्रीवास्तव, अवनीत सक्सेना, दिनेश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, वरुण नरेश सक्सेना, मुकेश दत्त कौशिक, मीडिया प्रभारी विकास ममगाईं, गोपाल कृष्ण गर्ग, अंकित सक्सेना, विनय जौहरी, सौभाग्य सक्सेना, तनु सम्राट, शुभम सक्सेना, शिवांग अग्रवाल, गौरव गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, स्नेहा सक्सेना, भावना पाल, दीपिका रस्तोगी, नीलू कश्यप, मीना ठाकुर, मेघना सक्सेना आदि मौजूद रहें।

## अवैध हुक्का बार पर छापा, मालिक व मैनेजर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने रविवार को अवैध रुप से संचालित हुक्का बार पर छापा मारकर मैनजर,संचालक समेत दो गिरफ्तार किये हैं। उनके कब्जे से 03 हुक्का 03 प्लेट, 03 पाइप, 03 चिलम, 01 चिमटा व 01 डिब्बा कोईल बरामद हुई हैं। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मेवाड कॉलेज के सामने प्लाट संख्या 257, सैक्टर 2 सी अवैध रुप से संचालित हुक्का बार पर छापा मारा और वहां से संचालक आलोक यादव रामनगर अर्थला थाना साहिबाबाद तथा अभिषेक यादव उर्फ सागर निवासी संजय एंकलेव गली न0 2 छपरौला थाना बिसरख नोएडा मूल पता पैवढा थाना जहानागंज जिला आजमगढ को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी आलोक यादव व अभिषेक यादव उर्फ सागर ने बताया कि यह दोनों व्यक्ति मिलकर इस हुक्का बार को चलाते हैं । यह दोनों व्यक्ति ही इसके मालिक/मैनेजर है । इन दोनों व्यक्तियों से वैध लाइसेन्स मांगने पर नहीं दिखा सके ।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साइकिल सवार छात्रा घायल

**मीरजापुर।** रविवार शाम करीब 5 बजे अहरौरा-जमुई रोड पर स्थित मेंहदीपुर चौराहे के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। एसआई अहरौरा संजय कुमार सिंह के अनुसार, ट्रैक्टर सोनपुर की ओर से अहरौरा की तरफ जा रहा था, जबकि बाइक सवार अहरौरा से सोनपुर की ओर बढ़ रहा था। अचानक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे सुजीत कुमार सिंह (36), पुत्र राम ललित सिंह, निवासी ग्राम पौनी, थाना अदलहाट, सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, साइकिल से अपने घर सोनपुर जा रही छात्रा आभा (21) कुमारी, पुत्री रामदुलार, निवासी अहिरूपुर, सोनपुर, अहरौरा, भी हादसे में जख्मी हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद सुजीत कुमार सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि आभा कुमारी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। आभा एक स्थानीय महाविद्यालय में स्नातक की छात्रा बताई जा रही हैं। ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार एसआई महेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# सेवा का जो रहस्य जान लिया वह सबसे बड़ा मुल्यवान है : डा0 नीरन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर । स्थानीय नगर पंचायत के श्रीपथलेश्वनाथ नगर में श्रीमती नलिनी देवी इण्टरमिडिएट कालेज के चौथा स्थापना दिवस के अवसर पर मां सरस्वती की पूजन एंव सारस्वत - समागम के रुप में दो विशिष्ट विद्वानों का सम्मान सत्र सम्पन्न हुआ। रत्नसेन डिग्री कालेज , बांसी सिद्धार्थनगर के संस्कृत विभागाध्यक्ष आर्चाय केदारनाथ त्रिपाठी और बुद्ध पी जी कालेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डा0 अरुणेश नीरन को संस्था के परिकल्पक पद्मश्री, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के आयुर्विज्ञान संस्थान, मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर डा0 कमलाकर त्रिपाठी ने माल्यापर्ण, मान- पत्र और अंग वस्त्र प्रदान कर किया। डा0 त्रिपाठी ने इस अमृतवर्ष को स्मरण करते हुये संस्कृत की गरीमा को सादर स्मरण करते हुये आर्चाय त्रिपाठी और डा0 नीरन से उपेक्षित क्षेत्र के निर्धन समाज को विद्या के धन से अलंकृत- आर्शीवादित करने का आग्रह किया। आचार्य त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में विद्या धन की विशिष्टता पर प्रकाश डाला। परा और अपरा विद्याओं की विश्लेषण करते हुये भारतीय परम्परा को उदघटित किया। डा0 नीरन ने कहा कि मेरा हिन्दी का ज्ञान अधूरा है , संस्कृत का ज्ञान भी अधूरा है। सेवा का जो रहस्य जान लिया वह सबसे बड़ा मुल्यवान है। इससे पूर्व कालेज के छात्र/ छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कालेज के प्रधानाचार्य अनुपमा मिश्रा ने आगन्तुक अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। सम्मान सत्र का संचालन डा0 रविकेश मिश्र ने किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष छितौनी अशोक निषाद, प्रबन्धक डा0 स्मिता त्रिपाठी, सरस्वती महाविद्यालय खड्डा के प्राचार्य दीपक मिश्रा, राष्ट्रीय इण्टरमिडियट कालेज के प्रधानाचार्य डा0 देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, गणेश शंकर शुक्ला, रमेश मिश्र, अभिषेक मिश्र, नवनीत मणि त्रिपाठी, विनय प्रकाश मिश्र, डा0 ऋचीका त्रिपाठी, डा0 रुची त्रिपाठी, डा0 विकास मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

# जगतगुरु शंकराचार्य श्रृंगेरी पीठ ने मां विंध्यवासिनी के दरबार में नवाया शीश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मीरजापुर। जगतगुरु शंकराचार्य शारदापीठ, श्रृंगेरी पीठ के विधूशेखर भारती ने रविवार शाम मां विंध्यवासिनी के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। उनके आगमन से संपूर्ण विंध्य क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। मां विंध्यवासिनी के दर्शन व पूजन के पश्चात जगतगुरु तीर्थपुरोहित स्व. बच्चालाल पाठक के आवास पहुंचे, जहां तीर्थपुरोहित परिवार ने उनका भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस महानिरीक्षक आर. पी. सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय सहित कई गणमान्य अधिकारी भी मौजूद रहे। रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे, जगतगुरु पुरानी विशिष्ट मार्ग से मां विंध्यवासिनी के दरबार पहुंचे और विधिविधान से पूजन-अर्चन किया। उनके आगमन से कोरिडोर परिसर में भक्तों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

# कबड्डी में बालिका वर्ग ने मारी बाजी

❑ तरक्की के हर क्षेत्र में आगे हैं बेटियां - शिवकुमारी देवी

❑ स्व0 श्रीमती सविता देवी की 9वीं पुण्यतिथि पर खेल प्रतियोगिता एवं कंबल वितरण का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पडरौना,कुशीनगर। रविवार को कसया-कुशीनगर क्षेत्र के परसौनी खुर्द स्थित श्री श्री ज्ञान मंदिर गौतम बुद्ध प्राथमिक विद्यालय में स्व0 श्रीमती सविता देवी पत्नी गिरजा शंकर गिरी की 9वीं पावन स्मृति के मौके पर आयोजित खेल प्रतियोगिता एवं कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची पडरौना नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शिवकुमारी देवी ने बेटियों को देश का भविष्य बताया और कहा कि जमीन से लेकर आसमान तक हर क्षेत्रों में बेटियां बेटों से कम नहीं हैं, वे शिक्षा से लेकर खेल तक हर क्षेत्र में अपने मां-बाप, गुरु, जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रही हैं । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिवकुमारी देवी ने कहा कि किसी भी घर के परिवार के गार्जियन को यह चाहिए कि एक रोटी भले ही वे लोग कम खाएं लेकिन अपनी बेटियों को जरूर पढ़ाए, जिससे वे समाज में उनका नाम रोशन कर सकें । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व हनुमान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ला ने कहा कि बेटियों को शिक्षा खेल व हर क्षेत्र में मजबूत बनाना हम सब की जिम्मेदारी है, क्योंकि बेटियां ही किसी परिवार को चलने का आधार होती हैं । समारोह को सपा नेता पुरेंद्र यादव, महंत राजकुमार गिरी किरण राकेश जयसवाल, सुशीला गिरी, बाबा योग गिरी, प्रधानाचार्य बाबा प्रहलाद आदि ने संबोधित किया । इस मौके पर बालिका वर्ग में एसजीएम स्कूल परसौनी खुर्द की बालिकाओं को कबड्डी में प्रथम स्थान लाने व आर्यन पब्लिक स्कूल को कबड्डी में ही बालक वर्ग में प्रथम स्थान लाने पर विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । जबकि अन्य स्कूलों से आये टीम को भी खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान लाने वाले बालक/बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया, साथ ही क्षेत्र के हजारों जरूरतमंदों में कंबल वितरण भी किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, सामूहिक एवं एकल नृत्य, गीत, कौव्वाली, रिकार्डिंग नृत्य आदि से शुरू की गई । अंत में कार्यक्रम के आयोजन गिरिजा शंकर गिरी ने अपनी पत्नी स्व0 सविता देवी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय मधुर स्मृतियों को सबके बीच साझा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य था कि सभी पढ़ लिखकर शैक्षिक रूप में मजबूत हों । अंत में उन्होंने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश पासवान ने किया। इस मौके पर सुजीत कुमार पांडे यशवंत पांडे अर्जुन पटेल अंकित पटेल बलवीर कुशवाहा जफरीना खातून आदि लोग मौजूद रहे ।

# मुख्यमंत्री योगी: ने कहा-यहाँ वर्ल्ड वेटलैंड्स डे के आयोजन से पार्वती अरगा को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोण्डा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भूजल संरक्षण, सिंचाई-पेयजल की उपलब्धता, बाढ़ व सूखे पर नियंत्रण, कार्बन भंडारण व जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर वनस्पतियों, वन्य प्राणियों, प्रवासी व स्थानीय पक्षि यों के संरक्षण के साथ-साथ भोजन,औषधि,आजी विका व आय के संसाधन उपलब्ध कराने में इन वेटलैंड्स की बड़ी भूमिका है। केवल जलीय पारिस्थितिकी ही नहीं, बल्कि जीव-जंतु की पारिस्थितिकी भी इन वेटलैंड्स पर निर्भर करती है।

यह प्रकृति के मूल स्वरूप की तरफ ध्यान आकर्षित करने का माध्यम भी बनती है।पार्वती और अर गा प्राकृतिक झील प्रकृति के मूल स्वरूप की तरफ हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।यह भारत के उस विरासत का प्रतीक है जो सरयू नदी के कारण सैकड़ों वर्ष पहले प्राकृ तिक झील बना।

इसका स्वरूप आज भी उसी रूप में है। यहां प्रवासी व स्थानीय पक्षी बैठे हैं। हजारों किमी की दूरी तय कर वे हर बार यहां आते हैं।

गर्मी बढ़ने पर अपने देश जाने लग जाएंगे।यह अपने साथ वहां की परिस्थि तियों से भी हमें अवगत कराने को प्रेरित करती है।मुख्यमं योगी आदित्यनाथ ने विश्व वेटलैंड्स डे पर रविवार को गोंडा के पार्वती अरगा पक्षी विहार में 'हम सभी के भविष्य के लिए आर्द्रभूमियों का संरक्षण' विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ किया।सीएम ने विभिन्न पुस्तकों का विमोचन,प्रद र्शनी का अवलोकन और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजे ताओं को पुरस्कृत किया।

### पर्यटन अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का माध्यम

सीएम ने कहा कि पर्यटन अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का माध्यम है।ईको, हैरिटेज स्प्रिचुअल टूरिज्म रोजगार सृजन का भी बड़ा माध्यम बनता है।यहां से बीस किलोमीटर दूर अयोध्या में 2016 में महज 2.35 लाख पर्यटक आए थे। हमारी सरकार ने वहां कनेक्टिविटी ठीक की थोड़ी सुवि धाएं बढ़ाईं तो 2024 में 16.11 करोड़ लोग यहां आए। इससे रोजगार में काफी वृद्धि हुई। गाइड,रेस्तरां,टैक्सी, होटल,होम स्टे,टेंट सिटी,फूल-पत्ती,व्यवसाय आदि के जरिए भी लोगों का रोजगार बढ़ा।

### पुत्र के रूप में हमारा दायित्व है मां की सुरक्षा करना

सीएम योगी ने कहा कि धरती हमारी माता है। पुत्र के रूप में मां का संरक्षण व सुरक्षा करना हमारा दायित्व है। उन्हों ने कहा कि अक्सर ऐसी साइट अतिक्रमण की चपेट में आती है।बेरतरतीब निर्माण कार्य होता है,जिससे पारि स्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है।अनेक वेटलैंड इसके दुष्प रिणाम भुगत रहे हैं।इससे जीव-जंतुओं की प्रजातियां भी नष्ट होती हैं। इसी को ध्यान में रखकर रामसर अंतरराष्ट्रीय वेटलैंड कन्वेंशन (यह ईरान के अंदर है) में 1971 में तय हुआ था कि दुनिया को बचाना है तो इस पर ध्यान देना हो गा।सीएम ने कहा कि आजादी के बाद मात्र 23 रामसर साइट्स तैयार हुए थे।पीएम मोदी के मार्गदर्शन में दस वर्ष में इसे बढ़ाकर 89 तक पहुंचाने में सफलता हासिल की गई।यूपी में भी इस साइट्स के संरक्षण के निरंतर प्रयास करने पड़ेंगे।

### आत्मनिर्भरता की दिशा में बहुत बड़ा काम कर सकती है महिला स्वयंसेवी समूह

सीएम ने कहा कि पार्वती अरगा वेटलैंड्स में आसपास के गांवों को जोड़ने और महिला स्वयंसेवी समूह को प्रोत्सा हित करते हुए अमेजन के साथ मिलकर उनके उत्पादों को ऑनलाइन बिक्री हो सके,इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने प्रयास प्रारंभ कर दिया है। अभी तक उत्पाद अच्छा बनता था, लेकिन मार्केटिंग व पैकेजिंग समस्याएं थीं।अब अच्छी पैकेजिंग हो रही हैं मार्केटिंग के लिए ऐसी संस्थाएं भी आ रही हैं।सीएम ने कहा कि महिला स्वयंसेवी समूह आत्मनि र्भरता की दिशा में बहुत बड़ा काम कर सकती है।

### वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रत्येक परिवार को बनाना पड़ेगा आत्मनिर्भर

सीएम ने कहा कि पांच-सात साल पहले तक किसी आयो जन पर लोग चीन के प्रोडक्ट का गिफ्ट देते थे,लेकिन आ ज उपहार स्वरूप ओडीओपी का उत्पाद दिया जाता है। इससे लोकल मार्केट सुदृढ़ होता है।ढेर सारे लोगों को रोज गार का अवसर मिलता है।महिला स्वयंसेवी समूह के मा ध्यम से भी बढ़ने वाले कार्य भी आत्मनिर्भरता की तरफ अग्रसर करेंगे। ग्राम पंचायत व प्रत्येक परिवार को आत्म निर्भर बनाना पड़ेगा।आत्मनिर्भरता का लक्ष्य यदि इस मा ध्यम से बढ़ा लेंगे तो तीन से चार वर्ष में यूपी की ईकॉनमी को एक ट्रिलियन डॉलर की बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में हम सफल होंगे।

### टिकरी जंगल को ओपन सफारी के रूप में विकसित करने से अवध क्षेत्र होगा विकसित

सीएम योगी ने कहा कि टिकरी जंगल को ओपन सफारी के रूप में विकसित करने से यह मंडल व अवध क्षेत्र को ईको टूरिज्म के बहुत बड़े केंद्र के रूप में विकसित कर देगा। कनेक्टिविटी की जिम्मेदारी यूपी सरकार लेगी। पार्वती व अरगा वेटलैंड्स को सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना के साथ जोड़ने के लिए भी सरकार कार्य करेगी।उन्होंने कहा कि आज से आठ वर्ष पहले तक सर्वे में गोण्डा देश का सबसे गंदा जनपद था, लेकिन आज गोंडा की रैंकिंग अच्छी आती है यहां मेडिकल कॉलेज बन गया है।सौ वर्षों से जिन वनटांगिया को अधिकार नहीं मिला था,उन्हें आज अधि कार भी प्राप्त हुआ और सम्मानित जीवन भी व्यती त कर रहे हैं।

### प्रदूषण पैदा करने वाले तत्वों को रोकेंगे तो कार्बन उत्स र्जन न्यूनतम होगा

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने 2070 में नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाने को कहा है।जब हम प्रदूषण पैदा करने वाले तत्वों को रोकेंगे तो कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा।पहले लकड़ी, फिर केरोसिन पर भोजन बनता था।दुष्परिणाम के कारण इसमें सुधार किया गया और देश के दस करोड़ से अधिक परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

### यूपी में आठ वर्ष में किए गए 210 करोड़ पौधरोपण

सीएम ने कहा कि यूपी सरकार के नेतृत्व में हुए प्रयास से यूपी का ग्रीन कवर बढ़ा है।आठ वर्ष में 210 करोड़ पौधा रोपण किया गया। इसमें 70 फीसदी पौधे सुरक्षित हैं।कहीं कहीं अच्छे जंगल भी बन चुके हैं।अच्छा फॉरेस्ट कवर भी हुआ है।गोरखपुर में जटायु संरक्षण केंद्र भी बनाया गया है।सीएम ने विश्वास जताया कि वनाच्छादन की वृद्धि में नए प्रयास निरंतर आगे बढ़ेंगे।

### मुख्यमंत्री ने तीन पुस्तकों का मंच से किया विमोचन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से तीन पुस्तकों का विमोचन किया।उन्होंने पुस्तक 85 रामसर फैक्ट, पार्वती अरगा की प्रबन्धन योजना एवं गोंडा जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई पुस्तक ''वन टांगिया: संघर्ष से सशक्तिकरण तक'' का विमोचन किया।यह पुस्तक जनपद के पांच वन टांगिया गांवों में रहने वाले परिवारों के जीवन में आए परि वर्तन को दर्शाती है।इसमें उनके संघर्ष, सामाजिक एवं आर्थिक विकास,तथा सरकारी योजनाओं के प्रभाव को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।यह दस्तावेज वनटांगिया समुदाय के सशक्तिकरण की प्रेरणादायक गाथा को उजा गर करता है, जो प्रशासनिक प्रयासों और जनसहभागिता के माध्यम से संभव हुआ।पुस्तक समाज के वंचित वर्गों के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### सीएम के हाथों सम्मानित हुईं विजेता

कार्यक्रम के दौरान सीएम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया। पुरस्कार स्वरूप तीन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सीएम व केंद्रीय मंत्री ने पुरस्कृत किया। तीनों प्रतियोगिताओं की विजेता बालि काएं ही रहीं।तीनों चित्रकला प्रतियोगिता में श्रद्धा मौर्या कक्षा- 8 की विजयी रहीं।इन्हें तीन हजार रुपये,स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।क्विज की विजेता अदिति लांगोरी कक्षा-9 को तीन हजार रुपये, स्मृति चिह्न व प्रमा ण पत्र दिया गया।नुक्कड़ नाटक की विजेता अर्पिता सिंह कक्षा-12 बीस हजार रुपये,स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### टिकरी जंगल को ओपन सफारी योजना में किया गया शामिल : कीर्ति वर्धन सिंह

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्रिमंडल में वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन व विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे इस पार्वती अरगा पक्षी विहार में पचास से अधिक प्रजातियों के एक लाख से अधिक संख्या में पक्षी आते हैं।अगर हम इन पक्षियों का रखरखाव व संरक्षण करें तो इस क्षेत्र को ईकोटूरिज्म का बढ़ावा मिलेगा साथ साथ ही साथ आसपास के लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्रालय से आठ हजार हेक्टेयर में फैले टिकरी जंगल में ओपन सफारी योजना तैयार कर ली है।साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा अरगा ब्रांड का अमेजॉन के साथ एमओयू साइन करने को लेकर बधाई दी।

### कार्यक्रम में मंत्रीगण व अधिकारीगण रहे मौजूद

पूरे कार्यक्रम के दौरान कई वरिष्ठ मंत्रीगण एवं अधिका रीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में वन,पर्यावरण और जलवा यु परिवर्तन एवं विदेश मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह,कारागार मंत्री एवं गोंडा के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान,राज्य मंत्री स्वतं त्र प्रभार पर्यावरण,वन,एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय डॉ. अरुण कुमार सक्सेना राज्य मंत्री वन,पर्यावरण,जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार के.पी. मलिक,मण्डलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील, डीआईजी अमित पाठक,डीएम नेहा शर्मा,एसपी विनीत जायसवाल सहित केंद्र एवं राज्य के कई अधिकारीगण व ईकोटूरिज्म में रूचि रखने वाले कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# अन्तर्जनपदीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बहराइच ने मारी बाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । पुलिस लाइन परिसर बहराइच के परेड ग्राउण्ड में आयोजित गोरखपुर जोन की 12वीं अन्तर्जनपदीय आर्चरी महिलाध्पुरूष प्रतियोगिता-2025 के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस नगर रामानंद कुशवाहा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सीओ कैसरगंज रवि खोखर, मिहींपुरवा के हीरा लाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, पीटीआई राजेश सहित पुलिस बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी तथा खेल प्रेमी मौजूद रहे।पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में हार व जीत मायने नहीं रखती है। डीएम ने कहा कि खेल के मैदान हमें हार कर जीतने की सीख देते हैं जिसका ज्ञान किसी पुस्तक के माध्यम से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। डीएम ने कहा कि तीरअंदाजी का खेल भारत की माटी में रचा बसा है। आर्चरी का उल्लेख महाभारत काल से पूर्व भी मिलता है। डीएम ने खिलाड़ियों को सीख दी कि हार जीत से ज्यादा गुड स्पोर्ट्स मैन स्प्रिट को महत्व दें। डीएम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों की मेधा को निखारने में सफल होगी। इस अनुभव के सहारे आप प्रदेश, देश एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर देश का नाम रोशन करेंगे। पुरूष वर्ग की 30 मी. रेंज में बहराइच के पीटीआई ज्ञानेश्वर तिवारी, सिद्धार्थनगर के चनद्रिका श्रीवास्तव व देवरिया के प्रभात कन्नौजिया, 50 मी. में सिद्धार्थनगर के चनद्रिका श्रीवास्तव, बहराइच के ज्ञानेश्वर तिवारी व संजीय कुमार मिश्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम चैम्पियन शिप में बहराइच के ज्ञानेश्वर तिवारी, जान मोहम्मद, संजीव कुमार मिश्र व गिरजाशंकर तथा सिद्धार्थनगर, चनद्रिका श्रीवास्तव, विनोद कुमार व अजीत यादव ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की 30 मी. रेंज में देवरिया की आरक्षी कशिश सोनकर, बहराइच की शशि पटेल व लक्ष्मी यादव, 50 मी. रेंज में देवरिया की कशिश सोनकर, बहराइच की शिखा श्रीवास्तव व गोण्डा की रचना कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम चैम्पियनशिप में बहराइच टीम की शचि पटेल, अनुप्रिया शुक्ला, अंजली शुक्ला व लक्ष्मी यादव ने प्रथम तथा देवरिया की कशिश सोनकर, मीना, अंजली पाण्डेय व शीला सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल व स्कोरर के रूप में अभिमन्यु सिंह, रंजीत कुमार, सूरज वर्मा, विष्णु दयाल, वीरभद्र त्रिपाठी, प्रज्ज्वल त्रिपाठी तथा मेडिकल स्टाफ के रूप में मुख्य फार्मासिस्ट अरविन्द शुक्ला द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान आरक्षी आरक्षी प्रशांत कुमार पाण्डेय द्वारा उद्घोषक की भूमिका का निर्वहन किया गया। अन्तर्जनपदीय आर्चरी (तीरंदाजी) महिलाध्पुरूष प्रतियोगिता-2025 में गोरखपुर जोन के 11 जनपदों में से गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, गोण्डा व बहराइच कुल सात जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया। शेष कुशीनगर, बस्ती, बलरामपुर व श्रावस्ती की टीमें अपरिहार्य कारणों से प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकीं।

# गाजी-ए-मिल्लत फाउंडेशन की मदद से बालिका के आंखों में फिर से लौटेगी रोशनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । मटेरा विधानसभा क्षेत्र के रिसिया निवासी एक बहुत ही गरीब परिवार की बेटी है जो कई साल से परेशान थी आंखों की रोशनी चली गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। पैसों का इंतजाम न होने के कारण आंखों से पीड़ित बालिका का इलाज नहीं हो पा रहा था। यह सूचना जब गाजी ए मिल्लत फाऊंडेशन के अध्यक्ष रियाज़ अहमद वारसी को मिली तो उन्होंने अपने बहराइच के टीम को जानकारी लेने के लिए भेजा, जिसमें जीएमएफ जिलाध्यक्ष मोहम्मद शोएब व प्रदेश कोषाध्यक्ष नदीम अहमद कुरैशी ने मौके का जायजा लिया। पीड़ित बालिका के परिजनों को लेकर नेपालगंज आंख अस्पताल पहुंच ऑपरेशन की प्रक्रिया पूरी कराई। फाउंडेशन के संरक्षक रियाज़ अहमद वारसी ने कहा हर वर्ग के गरीब, मजलूम, बेसहारा लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए यह संस्था का गठन हुआ है। हमारी कोशिश रहेगी समाज के बेबस बेसहारा लोगों की जरूरत पर मदद पहुंचाना। गाजी ए मिल्लत फाऊंडेशन संस्थान ने अब तक सैकड़ों लोगों तक राहत सामग्री व मदद पहुंचाने में सफल रही है। मदद पहुचाने में पूरी टीम सक्रिय है ।गाजी ए मिल्लत फाउंडेशन द्वारा चलाई गई समाज सेवा मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए फाउंडेशन अध्यक्ष व संरक्षक रियाज़ अहमद वारसी फखरपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहब्बत अली, बहराइच जिलाध्यक्ष मोहम्मद शुएब, प्रदेश कोषाध्यक्ष नदीम अहमद कुरैशी, प्रदेश महासचिव परवेज अहमद, प्रदेश सलाहकार फैयाज अहमद, प्रदेश उपमहासचिव हसन, प्रदेश प्रवक्ता पप्पू हिंदुस्तानी, जिला उपसचिव बहराइच रजीअहमद, जिला सचिव सद्दाम अहमद, भावी प्रदेश मीडिया प्रभारी जमील कुरैशी, प्रदेश संयुक्त सचिव गुफरान अली, प्रदेश सदस्य जुनैद खान वारसी सहित तमाम साथी गण समय समय पर सहयोग कर रहे हैं।

## जो आंख ठीक थी कर डाली उसी की सर्जरी,सात साल के मासूम पर भारी पड़ी डॉक्टरों की लापरवाही



**गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** धरती का भगवान कहे जाने वाले एक डॉक्टर की बड़ी लापरवाही और संवेदनहीनता का मामला सामने आ या है।आरोप है कि शहर में स्थित जीवनदीप हॉस्पिटल के डॉक्टर ने एक सात साल के मासूम बच्चे की आंख की रो शनी छीन ली हैं शहर के कर्बला रोड स्थित जीवनदीप हॉ स्पिटल के डॉक्टर पीके श्रीवास्तव पर एक सात साल के मासूम बच्चे की आंख की रोशनी छीन लेने का गंभीर आ रोप लगाया गया है।आरोप है कि डॉक्टर श्रीवास्तव ने पांच साल के बच्चे की गलत आंख का ऑपरेशन कर दिया।जि ले के नवाबगंज के मोहल्ला संचरही निवासी मोहम्मद व सीम ने नगर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसने अपने सात साल के बेटे को कर्बला रो ड स्थित जीवनदीप हॉस्पिटल में दिखाने के लिए एक फर वरी को ले गया था।इलाज के दौरान डॉक्टर पीके श्रीवास्त व द्वारा बताया गया कि लड़के की दाईं आंख में दिक्कत है।ऑपरेशन करना पड़ेगा।आरोप है कि डॉक्टर पीके के द्वारा लापरवाही पूर्वक ऑपरेशन किया गया जिससे बच्चे की दाईं आंख की जगह बाईं आंख का ऑपरेशन कर दि या।इससे उसके मासूम बेटे की दोनों आंखों में दिक्कत आ गयी।डॉक्टर की लापरवाही ने उसके मासूम बेटे की आंखों की रोशनी छीन ली।पीड़ित का कहना है कि बच्चे की दाईं आंख का ऑपरेशन करना था लेकिन जब बच्चा ऑपरेश न थियेटर से बाहर आया तो उसकी बाईं आंख पर पट्टी बं धी थी।डॉक्टर द्वारा आंख की इस सर्जरी के 25 हजार रुपये भी ले लिए गए।इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया।मामला बढ़ने पर पहुं ची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और पीड़ित की शिकायत ली।पीड़ित द्वारा इस मामले की शि कायत नगर कोतवाली में करते हुए जीवनदीप अस्पताल व डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है।इस संबंध में कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है।जांच की जा रही है। जांचोप रांत कार्रवाई की जाएगी।

## लक्कड़ शाह की दरगाह पर बसंत मेला 3 फरवरी को



**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के मुर्तिहा रेंज में स्थित दरगाह हजरत सैय्यद हाशिम अली शाह उर्फ लक्कड़ शाह की मजार पर बसंत मेलें की तैयारियों को लेकर दरगाह प्रबंध समिति की एक बैठक कमेटी के सदर रईस अहमद की सदारत में सम्पन्न हुई । दरगाह प्रबंध कमेटी के सदर रईस अहमद एवं सेक्रेट्री इसरार अहमद इदरीसी ने बताया कि बसन्त मेले का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से 3 फरवरी को आयोजित होगा। बसंत मेले की तैयारियों को लेकर रंगाई-पुताई एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य चल रहा है । दरगाह कमेटी की तरफ से बसंत मेले में सुबह परंपरा के मुताबिक़फल एवं फूलों की डालियां तथा खिचडी के साथ मजार शरीफ पर चादर पेश कर मुल्क में सुख-समृद्धि व अमन-चैन की दुआ की जाती है । सदियों पुरानी चली आ रही परंपरा के मुताबिक सालाना जेठ मेले की तिथि की घोषणा भी बसंत मेले में ही की जाती है इस मौके पर सदर रईस अहमद, सेक्रेट्री इसरार अहमद इदरीसी, नायब सदर जकी अहमद, खजांची सद्दाम हुसैन, मेम्बर शब्बीर अली, अनवारुल हसन, चुन्ना, लियाकत खां, राहत अली, समेत सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे

## राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के समस्या समाधान शिविर में आईं 62 शिकायतें

**कानपुर।** सरकारी सुविधाओं से वंचित दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए रविवार को काकादेव के शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल पार्क में राष्ट्रीय विकलांग पार्टी की ओर से समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बासठ समस्याएं रजिस्टर्ड की गई। जिन्हें संबंधित विभाग के अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी द्वारा लगाए गए इस शिविर में दूर दराज से आए दिव्यांगों ने पेंशन न मिलने, अंत्योदय राशन कार्ड निरस्त करने, रोजगार के लिए ऋण न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। अड़तीस दिव्यांगों के पेंशन, चौदह दिव्यांगों की फैमिली आईडी, चार दिव्यांगों के कृत्रिम अंग, छह दिव्यांगों ने ऋण के न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस महीने की चार फरवरी को घाटमपुर, पांच को पतारा, छह बिधनू, सात को भीतरगांव और दस फरवरी को कल्याणपुर में कैंप का आयोजन होने जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजन निर्धारित तिथि को जाकर अपनी सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान करवा लें। आगे उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा एनपीसीआई नहीं करने के कारण दिव्यांगजनों की पेंशन उनके खातों में नहीं पहुंच पा रही है। एनपीसीआई के लिए बैंक दिव्यांगजनों को परेशान कर रहे हैं। जल्द ही पेंशन की समस्या के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी से सम्पर्क कर बैंकों की शिकायत की जाएगी। सभी समस्याओं का निस्तारण विभागों से संपर्क कर कराया जाएगा। रेलवे यूनिक कार्ड अब ऑनलाइन भरे जाएंगे ऑफलाइन की प्रक्रिया उत्तर मध्य रेलवे ने समाप्त कर दी है। अब वेबसाईट divyangjanid indianral.gov.in पर जाकर दिव्यांगजन आवेदन कर सकते हैं। किसी प्रकार की असुविधा होने पर शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क बगिया में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं। आज के शिविर में वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी, सीमा कुशवाहा, गौरव कुमार, रंजीत कुमार, गोमती वर्मा, अनुराधा गुप्ता आदि मौजूद थे।

# शासन की फ्लेक्सी योजनाओं की समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित फ्लेक्सी योजनाओं की समीक्षा हेतु शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पीएम सूर्य घर योजना अन्तर्गत कम आवेदन कराने तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह न कराये जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अग्रिम आदेशों तक नगर पालिका परिषद बहराइच को छोड़कर जनपद के शेष सभी अधिशासी अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। डीएम द्वारा अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वेण्डरों के माध्यम से शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को पीएम सूर्य घर योजना से आच्छादित कराया जाय। ग्राम पंचायतों में सूर्य सखी की नियुक्ति के सम्बन्ध में उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को निर्देश दिया कि महिला स्वयं सहायता समूह की हाईस्कूल उत्तीर्ण सक्रिय महिला सदस्य का सूर्य सखी के रूप में चयन कर चयनित महिलाओं की सूची परियोजना अधिकारी नेडा को उपलब्ध करा दी जाय। डीएम ने कहा कि चयनित सूर्य सखियों को प्रशिक्षण दिलाया जायेगा ताकि वे ग्राम पंचायत में सोलर पैनल की मरम्मत का कार्य कर सकेंगी जिससे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो सकेगा तथा योजना से आच्छादित व्यक्ति को घर बैठे ही सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा के दौरान प्रगति खराब पाये जाने पर डीएम ने राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जिले में गठित 86 कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशकों को निर्देश दिया कि अपने सदस्य किसानों के सहयोग से आस-पास के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की प्रगति में सुधार हो सके। समीक्षा में पाया गया 08 से 10 एफपीओ को छोड़कर अन्य कृषक सदस्यों द्वारा रजिस्ट्री नहीं करायी जा रही है। इस स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि आगामी किसान दिवस में सभी निदेशक फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के साथ आयेंगे। डीएम द्वारा सभी एफपीओ से अपेक्षा की गई कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में हर संभव सहयोग प्रदान कर जिले की प्रगति में सुधार लाने का प्रयास करें। डीएम ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों एवं एफपीओ किसी अपरिहार्य परिस्थितियों के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे। सीएम युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा के दौरान डीएम ने उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा व लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिया कि आकांक्षी जिले के अधिक से अधिक इच्छुक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। डीएम ने कहा कि आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य क्षेत्रों में पूर्व से कार्य कर रहे युवक-युवतियों को जागरूक कर उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि शिविर आयोजित कर लक्षित वर्ग को योजना के लिए जागरूक भी किया जाय। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम गति शक्ति योजना जिसे मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान भी कहा जाता है, कि समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बहु-मॉडल नेटवर्क बनाने के लिए यह योजना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह योजना, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है इसे शासन की मंशानुरूप लागू किया जाय। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये गये कि योजना का क्रियान्वयन न करने वाले विभागों की सूची तैयार की जाय। बैठक के दौरान डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना से आच्छादित कराया जाय। बैठक के दौरान डीएम ने गो संरक्षण एवं संवर्द्धधन कोष का खाता खोले जाने की प्रगति एवं फण्ड निर्गमन की स्थिति, आर.एफ., सी.आई.एफ., की एफ.डी.एम. पर फीडिंग की प्रगति, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक, संस्कृत विद्यालयों के प्रस्ताव प्रेषित किये जाने, पीएम श्री विद्यालयों के क्रय व निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्बिन्धत अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वामिनी विश्वमोहिनी वाराणसी में,सोमवार से उमरहां नवग्रह मंदिर में प्रवचन करेंगी

**वाराणसी।** भक्ति मार्ग संप्रदाय की प्रमुख संत स्वामिनी विश्वमोहिनी काशी में है। सोमवार तीन फरवरी से संत उमरहां स्थित नवग्रह मंदिर में अपने भक्तों को आशीर्वाद देने के साथ ज्ञान गंगा की बरसात करेंगी। उनके प्रवचन को लेकर वाराणसी के भक्तों में उत्सुकता है। उनके आने से भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ है। रविवार को यह जानकारी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के पूर्व अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि संत विश्वमोहिनी का प्रवचन भक्तों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव होगा, जिसमें वे गुरु भक्ति, साधना और जीवन के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डालेंगी। नवग्रह मंदिर न्यास के अध्यक्ष प्रो. पांडेय ने बताया कि स्वामिनी विश्वमोहिनी दक्षिण अफ्रीका में जन्मी और वहीं शिक्षा प्राप्त की। आध्यात्मिकता के प्रति गहरी रुचि के कारण वे भक्ति साधना में संलग्न रहीं और 2006 में परमहंस श्री स्वामी विश्वानंद से मिलने के बाद उनका जीवन पूरी तरह बदल गया। वर्ष 2012 में उन्हें स्वामिनी पद पर दीक्षित किया गया, और 2014 में परमहंस स्वामी विश्वानंद ने उन्हें भारत आने का निर्देश दिया। तब से वे वृंदावन स्थित अपने गुरु के आश्रम में निवास कर रही हैं और भक्ति मार्ग के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। नवग्रह मंदिर में होने वाले प्रवचन में भाग लेने के इच्छुक श्रद्धालु समय पर पहुंचकर संत के ज्ञानवर्धक वचनों का लाभ उठा सकते हैं।

# गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस ट्रेन को केंद्रीय मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने ट्रेन को हरी जल्दी दिखाकर किया रवाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री का जताया आभार पीलीभीत वासियों को इस रेल से होगा काफी फायदा लोगों को आने जाने में मिलेगा फायदा उद्योगों को मिलेगी रफ्तार गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस ट्रेन अब पीलीभीत तक भी संचालित होगी पहले गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस ट्रेन मैलानी जंक्शन तक ही जाती थी।जिस कारण पीलीभीत जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती थी। परंतु अब रेलवे विभाग द्वारा ट्रेन का विस्तार किया गया है. अब इस ट्रेन को गोरखपुर-पीलीभीत-गोरखपुर एक्सप्रेस के नाम से जाना जाएगा. ट्रेन का विस्तार पीलीभीत तक कर दिया गया है।दो फरवरी को गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस का केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने उद्घाटन किया है। मैलानी से पीलीभीत की समय सारिणी भी जारी हो गई हैं।ट्रेन नंबर 15009/15010 गोरखपुर-मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार पीलीभीत तक किया जाएगा आज से मैलानी पहुंचने वाली 15009 गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस का रैक उद्घाटन के लिए मैलानी से पीलीभीत तक खाली ले जाया जाएगा। ट्रेन नंबर 15010 पीलीभीत से गोरखपुर के लिए रवाना होगी।जारी समय सारिणी के अनुसार 15009 मैलानी से पूर्वाह्न 11:30 बजे प्रस्थान कर पूरनपुर से 12:25 बजे छूटकर 13:25 बजे पीलीभीत पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन नंबर 15010 पीलीभीत से शाम 16:05 बजे प्रस्थान कर पूरनपुर से 17:10 बजे छूटकर शाम 18:00 बजे मैलानी पहुंचने के बाद यहां से 18:05 बजे अगले स्टेशन के लिए रवाना होगी। कार्यक्रम में एमएलसी सुधीर गुप्ता भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष संदीप प्रताप सिंह नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल विधायक बाबूराम पासवान, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, रेखा सिंह परिहार,अधिवक्ता अमित मिश्रा सहित रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# फिरोजपुर में बच्चों को टीवी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत दिलाई शपथ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर। टीवी उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय सघन चिकित्सा अभियान के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय चाट फिरोजपुर में जाकर बच्चों को टीवी जागरूकता की शपथ दिलाई गई

इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा के जिला अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने जिला अधिकारी पीलीभीत संजय कुमार सिंह के निर्देशन में टीबी उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय सघन चिकित्सा अभियान के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय चाट फिरोजपुर में बच्चों के मध्य टीवी जागरूकता शपथ कराई गई बच्चों को टीवी के बारे में जानकारी प्रदान कराई गई बच्चों को बताया गया कि अपने आसपास अपने परिवार में जिस व्यक्ति को लगातार खांसी आ रही हो लगातार बुखार हो रहा हो और वजन निरंतर काम होता जा रहा हो ऐसे लोगों की अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर जांच करवाएं सरकार के द्वारा सभी जांच और दवाइयां बिल्कुल निशुल्क है। अवैतनिक सचिव ने बताया दिनांक 5 फरवरी 2025 दिन बुधवार को विद्यालय में पीलीभीत टीवी अस्पताल के द्वारा एक टीवी उन्मूलन हेतु कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें निशुल्क एक्सरे एवं दवाइयां का वितरण किया जाएगा कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका निराजना शर्मा सहित अन्य समस्त स्टाफ मौजूद रहा है।

# 12 लाख तक की आय को टैक्स फ्री कर मोदी सरकार ने मिडिल क्लास को दी बड़ी राहत : ब्लॉक प्रमुख

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**सभी वर्ग के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट : ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा**

पीलीभीत।विकास खंड मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बजट-2025 की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 12 लाख रुपये तक की इंकम को टैक्ट फ्री करके मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी है। मोदी सरकार का यह संपूर्ण बजट है और इसमें हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। मोदी सरकार ने बजट में गरीब,किसान,मध्यम वर्ग, युवा और सभी के लिए एक अद्भुत बजट पेश किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को अद्भुत बजट पेश करने पर ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बधाई एवं आभार जताया। यह बजट विकसित भारत और प्रधानमंत्री के नए और ऊर्जावान भारत के सपने को पूरा करने के संकल्प को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि यह कंप्लीट बजट है। जो भारत को आगे ले जाएगा और न केवल भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा,बल्कि इसे विश्वगुरु के रूप में स्थापित करेगा।केंद्र की मोदी सरकार ने बजट गरीब,युवा,अन्नदाता और महिलाओं को ध्यान में रखकर पेश किया है। इससे हर वर्ग लाभान्वित होगा। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है। जिससे किसानों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में 36 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह से खत्म कर दी गई है। केंद्र की मोदी सरकार का यह बजट विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने का बजट है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दी गई है। जिससे उद्योग को काफी फायदा मिलेगा। बजट में युवाओं के लिए बड़े-बड़े ऐलान किए गए हैं। स्टार्टअप के लिए सरकार 10 हजार करोड़ रुपये का फंड बनाएगी। उन्होंने कहा कि विकास की इस यात्रा में मोदी सरकार का यह बजट सभी वर्ग के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगा।

# अमेठी टीचर प्रीमियर लीग में जामो तिलोई और जगदीशपुर की टीम ने जीता मैच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षक शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों की चल रही अमेठी टीचर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच का आयोजन आज डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में हुआ जिसमें जामो तिलोई और जगदीशपुर की टीम ने जीत दर्ज कराई है।अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग का प्रथम मैच जामो और जगदीशपुर के बीच में खेला गया जामो से शिवम मिश्रा के उनसठ रनों की बदौलत टीम ने एक सौ बयालिस रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जवाब में उतरी जगदीशपुर टीम की तरफ से बलराम ने सैंतीस और धर्मेंद्र ने पैंतीस रन की पारी खेली।इस मैच को जामो की टीम ने चौतीस रन से मैच जीत लिया जिसमें शिवम मिश्रा मैन आफ द मैच बने।दूसरा मैच सिंहपुर और तिलोई के बीच में खेला गया जो कि बहुत ही रोमांचक रहा तिलोई की तरफ से बल्लेबाजी करने के लिये उतरे सुधीर तिवारी ने सत्ताइस रन की शानदार पारी खेली उनके साथ संदीप सिंह ने भी सत्ताइस रन बनाकर खूब साथ दिया जवाब में उतरी सिंहपुर की टीम शुरुआत में ही विकेट गिर जाने से लड़खड़ा गई अंतिम में बयालिस रन बनाकर आशीष ने पारी संभालने कोशिश किया और मैच का रोमांच अंतिम ओवर तक पहुंचा दिया आखिरी ओवर में तिलोई के मनीष की घातक गेंदबाजी के आगे तिलोई ने आठ रन से जीत दर्ज किया है।तीसरा मैच भादर और जगदीशपुर के बीच में खेला गया भादर की तरफ से सौरभ सिंह ने चौदह रन से अच्छी शुरुआत किया किंतु विकेट लगातार गिरते रहे आखिर में अनिल के पन्द्रह रन से भादर का स्कोर तिरसठ रन पर पहुंचा दिया जगदीशपुर की तरफ से धर्मेंद्र ने तीन और वीरेंद्र वर्मा ने दो विकेट लिये जिसके जवाब में उतरी जगदीशपुर की तरफ से बलराम ने ओपनर बल्लेबाज के रूप में चौवालिस रन की धुआंधार पारी खेल कर नौ विकेट से जगदीशपुर को मैच जीता दिया जिसमें खिलाड़ी बलराम मैन आफ द मैच बने।कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि अब लीग मैच आगामी रविवार को खेला जायेगा।आज प्रमुख रूप से अजय सिंह,अमन चौरसिया,योगेंद्र नवनीत,जितेंद्र, चेतन भीष्म सिंह, हेमंत सिंह,अभिषेक यादव,अनिल यादव बृजलाल यादव,रोहित सिंह,विवेक त्रिपाठी,ज्ञान चंद सतीश,स्वप्निल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई की यादों को सहेजेगी भाजपा : उमाशंकर पाण्डेय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गौरीगंज अमेठी । भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर भाजपा पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगी।पूर्व पीएम की जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुये पूर्व जिलाध्यक्ष उमा शंकर पाण्डेय ने उनसे जुड़े संस्मरणों को साझा किया और उनके राजनीतिक जीवन पर चर्चा की। पूर्व जिलाध्यक्ष उमा शंकर पाण्डेय ने कहा कि शताब्दी वर्ष के दौरान भाजपा पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के यादों को सहेजेगी उनके स्मृतियों को संजोकर भाजपा उनके लेख, पत्र, फोटो,ऑडियो व वीडियो का संकलन करेगी।उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा अटल जी के आदर्श हम सबके लिए अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अटल जी को लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि वह इतने विशाल व्यक्तित्व के नेता थे कि विपक्ष समेत दुनिया भर के नेता उनकी सराहना और सम्मान करते थे।उन्होंने बताया कि पन्द्रह फरवरी से पन्द्रह मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन आयोजित होगा।भाजपा के जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह के संचालन में आयोजित प्रेस वार्ता की अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा ने पूर्व पीएम अटल जी को राजनीति का अजात शत्रु बताया।उन्होंने बताया की पूर्व पीएम अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत पच्चीस दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनको याद किया जायेगा।इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं की पीड़ा देख द्रवित हुआ राजू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। बीते दिनों मौनी अमावस्या के बाद जिले में आई दर्शनार्थियों की बाढ़ और उनकी समस्याओं ने एक ई रिक्शा चलाने वाले का हृदय बदल दिया। सेवा भावना लिए उसने चौक व दरियापुर के व्यापारियों से अपने विचार साझा किया फिर क्या था सहायता करने वालों की बाढ़ आ गई। कई लोगो ने सहयोग कर देखते-देखते ?21000 इकट्ठा कर दिए। फिर क्या था जुनून पर सवार ई रिक्शा लेकर शहर का दरियापुर निवासी राजू अहिमाने पहुंचा और 21000 रुपए लाई चना नमकीन की खरीदारी कर डाली।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के दरियापुर निवासी राजू जो की ई रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है मौनी अमावस्या के बाद शहर के चारों ओर जाम व तीर्थ यात्रियों की स्थिति देखकर द्रवित हो उठा उसने चौक व दरियापुर में समाजसेवियों से संपर्क कर पीड़ा में फंसे हुए दर्शनार्थियों की मदद का आवाहन किया। चौक के सुधीर अग्रहरि विनोद सोनी नीरज शर्मा अखिलेश जायसवाल रवि सोनी जनार्दन तिवारी पंकज सोनी गौतम सोनी हाजी सुफियान संजय कौशल व दरियापुर के नि सभासद राजदेव शुक्ल व एलआईसी के पदाधिकारी राजेश सिंह पंकज बरनवाल का सहयोग लेते हुए राजू सेवा के अभियान में जुट गया। दरियापुर के नि सभासद समाज सेवी राजदेव शुक्ल के निर्देशन में दरियापुर मोहल्ले के लड़कों को इकट्ठा किया खाद्य समाग्री पैक कराया। लगभग तीन हजार पैकेट बनाकर पयागीपुर चौराहे पहुंच गया चार घंटे तक राजदेव बेनू शुक्ल राकेश सिंह अजय शुक्ला शुभम गर्ग वंशी अभिषेक विश्वकर्मा शुभम रावत अंशुमान शुक्ल अंश रुद्र पंडित अभय सोनी आदि के साथ प्रयाग से लौट रहे दर्शनार्थियों की सेवा की।वाहन के आगे हाथ जोड़कर रुकवा कर उनको आवश्यकता अनुसार खाद्य सामग्री का वितरण करवाता रहा। देर रात तक उसकी सेवा भावना देखकर लोग कह उठे कि जिस देश में सनातन धर्म धारण करने वाले ऐसे सामान्य लोग सेवा के नाम पर सब कुछ लुटाने को न्योछावर हो उस देश की सनातन संस्कृति का कभी कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। दरियापुर निवासी राजदेव शुक्ल बताते हैं राजू कौशल बचपन से ही सहयोगी मिजाज रहे। सोने चांदी की कारीगरी कर किसी तरह परिवार का पेट भरते रहे काम धंधा बंद हुआ तो परिवार चलाने को ई रिक्शा उठा लिया। समाज में जरूरतमंदों की मदद करना हर व्यक्ति के सहयोग में खड़े होना उसकी आदत रही है। कोरोना काल में पूर्व विधायक अनूप संडा द्वारा वितरित की गई सामग्री के साथ अपने घर का राशन भी जरूरतमंदों को बांट देने के बाद ये चर्चा में आये थे। कोरोना काल के दौरान मोहल्ले वालों की सेवा के लिए शासन द्वारा बनाई गई समिति के अहम सदस्य थे राजू भले ही परिस्थितियों से जूझ रहे हो पर सेवा का भाव लिए राजू जैसे लोग अन्य के लिए प्रेरणा का काम करते हैं।

## खुशखबरी शासन से धनराशि मिलते ही हुआ गन्ना किसानो का भुगतान : डीसीओ आरके भार्गव

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। किसान सहकारी चीनी मिलो के गन्ना मूल्य भुगतान के लिये शासन से 24 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है।शासन से धनराशि प्राप्त होते ही किसानो के खाते मे आरटीजीएस द्वारा इसका ट्रांसफर कर दिया गया है।इसमें 14 करोड़ बीसलपुर चीनी मिल को एवं 10 करोड़ पूरनपुर चीनी मिल को प्राप्त हुआ है।इस धनराशि से बीसलपुर चीनी मिल ने 12 जनवरी 2025 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानो के खाते मे भेज दिया है। बीसलपुर चीनी मिल का अब 90 प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान हो गया है।इसी प्रकार पूरनपुर चीनी मिल का 8 जनवरी 2025 तक का गन्ना मूल्य भुगतान किसानो के खाते मे भेज दिया है। अब तक पूरनपुर चीनी मिल का 83 प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान हो चुका है। पीलीभीत चीनी मिल का शतप्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान हो गया गया है। बरखेड़ा चीनी मिल का विगत वर्ष का भुगतान हो चुका है। इस वर्ष का भुगतान शुरू कर दिया गया है।अब तक जनपद की सभी चीनी मिलो द्वारा 390 करोड़ का भुगतान किसानो के खाते मे भेजा जा चुका है। चीनी मिलो द्वारा 162 लाख कुं गन्ना खरीद की जा चुकी है। तथा 15 लाख कुं चीनी का उत्पादन किया जा चुका है। वर्तमान मे सभी चीनी मिले अपने आवंटित क्षेत्र से गन्ना पेराई का कार्य कर रही है।

## अंडर पास बनाने को लेकर सभासदों ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद की सभासद नेहा, सुबे जहां, शाहजहां बेगम, मुन्नी बेगम सहित अन्य सभासदों ने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर कहा कि लाइन पर स्थित रेलवे स्टेशन के सामने लगभग 50000 आबादी निवास करती है। इन लोगों को प्रतिदिन रेलवे लाइन पार होकर ही ब्लॉक, तहसील,थाना, नगर पालिका, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, छोटे बड़े प्रतिष्ठान आदि शहर के अंदर ही स्थापित व संचालित हैं। दैनिक कार्यों हेतु हजारों महिलाओं, पुरुषों ,बुजुर्गों तथा नौनिहाल स्टेशन से होकर गुजरना पड़ता है। इन लोगों को रेलवे लाइन पार करने में जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ता है। जनता की इन समस्याओं के निदान के लिए एक अंडरपास बनबाने लिए प्रभारी कार्रवाई किए जाने की उम्मीद लाइन पर वासियों ने लगा रखी है। जनहित को देखते हुए सभासदों में अंडरपास बनवाने की केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मांग की है।

## कलीनगर नगर पंचायत सड़क निर्माण में जमकर हुआ घोटाला नगर पंचायत वासियों ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर नगर पंचायत में कलीनगर संपर्क मार्ग बनाने के लिए नगर पंचायत वासियों ने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा है।नगर वासियों ने कहा कि नगर के अंदर लगभग डेढ़ किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण हुआ है। जिसमें मानकों की भारी अनदेखी व भेदभाव किया गया है। जैसे कि मार्ग और उसकी मोटाई मानक से काफी कम है। सड़क को नियमानुसार नहीं बनाया गया है।मार्ग के केंद्र से दोनों और बराबर ना बनाकर कही पर ब चौड़ा कही पर पतला बनाया गया है। जिस कारण किसी को लाभ व किसी को हानि हुई है। मार्ग के दोनों और नाला बनाने की कोई जगह नहीं छोड़ी है।अब लोगों के मकानों को ध्वस्त कर नाला प्रस्तावित दिखाया जा रहा है।जो बिल्कुल गलत है। यह सड़क कलीनगर आबादी वाला मार्ग लोक निर्माण विभाग में भी दर्ज नहीं है। मार्ग प्रस्ताव में सकरिया चांदूपूर व कलीनगर से होली चौराहे तक हैं। कलीनगर की आबादी का पानी का निकास मात्र नाली से हो सकता है।जो कि अब तक चलता आ रहा है। नगरवासियों ने छोटा नाला बनवाने और सड़क में बरती गई अनियमिताओ की जांच किसी सक्षम अधिकारी व टेकनीशियन अधिकारी से कराने की मांग की है। पत्र में मुख्य रूप से गंगाराम शर्मा, पूरनलाल, अनिल,करन सिंह,नवीन चढ़ा,जगदीश, गोविंद, विशाल सिंह यादव,बंटी यादव, महेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, राहुल यादव, बलराम संजीव यादव, सुरेश कुमार, गंगाराम ,बच्चू सिंह, नंदकिशोर, राजकुमार, नरेश कुमार ,सोमदेव, राम अवतार सहित लगभग दो दर्जन नगर वासियों के हस्ताक्षर हैं।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट का हुआ प्रधान ने फीता काट कर किया शुभारंभ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत गोरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद ने फीता काटकर शुभारंभ किया है। ग्राम प्रधान ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बुलंद किया है। खेल के मैदान में पहुंचे ग्राम प्रधान का ग्रामवासियों ने फूलमाला डालकर स्वागत किया है।

# शारदा सहायक खंड 16 में लाखों का स्क्रेप घोटाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**दिनदहाड़े ढोया जा रहा लाखों का लोहा, बिक रहा मलबा**

सुलतानपुर। सिंचाई विभाग के शारदा सहायक खंड 16 में स्क्रेप घोटाला प्रकाश में आया है। लाखों के इस गोलमाल में विभागीय अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। जयसिंहपुर विकासखंड क्षेत्र में आधा दर्जन ड्रेन और एक नहर पर पुराने पुल को तोड़कर नए पुल का निर्माण चल रहा है। पुलों को तोड़ने के बाद निकला लोहा कबाड़ी की दुकानों पर पहुंच रहा है। वहीं मलबा भी बेचा जा रहा है।

इन दिनों शारदा सहायक खंड 16 नहर और माइनर पर जर्जर हो चुकी पुलिया के स्थान पर नए पुलों का निर्माण कर रहा है। माइनर पर 3.15 करोड़ की लागत से कुल 6 पुल बनाए जा रहे हैं। जबकि एक करोड़ 88 लाख की लागत से नहर पर भी एक पुल का जीर्णोद्धार चल रहा है। कल 5 करोड़ 13 लाख की लागत से होने वाले इन पुलों के निर्माण के इस्टीमेट में जर्जर पुलों को तोड़ने से लेकर नए पुलों का निर्माण शामिल है। जयसिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर संपर्क मार्ग के अलावा पलिया, बरसोमा, राम बहादुर नदी धाम मार्ग पर पुलिया बनाई जा रही हैं। कई स्थानों पर पोकलैंड मशीनों द्वारा युद्ध स्तर पर तोड़फोड़ का काम हो चुका है कहीं-कहीं नए पुलों का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है। वहीं इन आधा दर्जन से अधिक पुलों को तोड़ने से निकले मलबे को लूटने का खेल भी शुरू है।सूत्रों के मुताबिक तोड़े गए पुलों में से लाखों की कीमत की सरिया निकली हैं। जिन्हें कबाड़ियों की दुकान पर पहुंचाया जा रहा है। इतना ही नहीं रात के अंधेरे में नही बल्कि यह काम दिनदहाड़े खुले आम चल रहा है। जर्जर पुलों के तोड़ने से बड़े पैमाने पर ईंटें, अद्धा और मलबा निकला है,उसे भी निर्माण में लगे लोग बेच रहे हैं। लोहा जहां कबाड़ी खरीद रहे हैं वहीं पुरानी ईंट,अद्धा को गिट्टी तोड़ने वाले व्यापारियों के पास बेचा जा रहा है। इसके अलावा पुल के निर्माण में लगे ठेकेदार और अभियंताओं का गठजोड़ मलबे को पटाई वाले जरूरतमंदों को बेच रहे हैं। विभाग में चल रहे इस लाखों के गोलमाल में विभागीय अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। जब स्क्रेप घोटाला हो रहा है तो ऐसे में बनने वाले पुलों की गुणवत्ता पर भी अभी से सवाल उठने शुरू हो गए हैं। विभाग में चल रहे गोलमाल को उजागर होता देख अधिशासी अभियंता शरद कुमार ने मामले की जांच करवाने की बात कही है। तोड़फोड़ में निकली सामग्री भी विभाग की संपत्ति है। उन्होंने कहा कि प्रकरण की जांच सहायक अभियंता ध्रुव अग्रवाल को सौंप गई है। श्री कुमार ने कहा कि जांचों उपरांत दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## कार्यकर्ताओं ने महाराजा सुहेलदेव की जयंती मनाई

पीलीभीत।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत द्वारा ग्राम चंदौई में शिबिल खां मंडल अध्यक्ष युवा मंच की अध्यक्षता में राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई।जिसमें मुख्य अतिथि राजू वर्मा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग ने कहा हम आज महाराजा सुहेलदेव जयंती मना रहे हैं। वह एक बहुत बड़े योद्धा थे।इस मौके पर कैफ रजा प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच मंत्री प्रतिनिधि ने कहा हम आज राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव की 1016 वी जयंती मना रहे हैं। वीर सुहेलदेव राजभर का जन्म बसंत पंचमी के दिन हुआ था। और उनके अंदर राष्ट्र भक्ति कूट-कूट के भरी हुई थी।इस मौके पर जुल्फिकार अली प्रदेश उपाध्यक्ष, राजकुमार लखन बर्मा, अजहर खान मंडल अध्यक्ष मीडिया प्रभारी, होरीलाल, लाइक अहमद, पूरनलाल लाला सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं ।

# नवाचार का स्वीकार

शब्द भाषा और मनुष्य दोनों का अंतरंग है । जो कुछ भी अनकहा हो, उसे न कहा जाए तो जो कहा गया है, उसमें वह अबाध्य शामिल हो जाता है। जीवन उस अबाध्यता को साध लेता है। यह अव्यक्त का रहस्य ही है जो हमें बांधे रखता है जीवन से । जिंदगी अपनी शर्तें उस जीवन से ही लेती है, जिसके साथ उसे चलना है। उनकी कोई सामाजिक प्रासंगिकता भले न हो, लेकिन निज जरूर होती है। जीवन की अवधारणा परिवर्तन की उस लय से नितांत भिन्न होती है, जिसमें हम भविष्य का कल्प रचते हैं। अतीत में अनुगमन करते हुए भविष्य ही हमारे वर्तमान का निर्णायक होता है। कल्पना भले ही विलास की चीज नहीं है, लेकिन जीवन के प्रयोगों में उसका एक कोना सुनिश्चित है। इतिहास किसी पड़ताल का ठोस आधार नहीं हो सकता। उसके लिए ठोस गवाहियों का होना जरूरी है। गवाहियों के लिए केवल भाषा काफी नहीं है। ठीक उसी तरह, जैसे विद्रोह करने के लिए सिर्फ असहमति नाकाफी है। बिना किसी नैतिक आधार के विद्रोह भी महज निजी उत्कंठा बनकर रह जाता जाता है । इतिहास हमारे समकाल के लिए एक सहायक तत्त्व होता है, जिसके द्वारा समकालीन जीवन की विसंगतियों का अनुशीलन होता है । अतीत के वे तमाम लक्षण भी उस इतिहास में मौजूद होते हैं, जिसकी झलकें हम अपने आज में देखते हैं, लेकिन वह महज इतिहास नहीं होता। उसमें स्मृतियां होती हैं, समय होता है, मिथक होते हैं। यह जरूरी नहीं कि वह बहुत गहरा और उदार भी हो। अब जबकि सृजन, समय और भूगोल का स्थान भी पार कर गया है, कुछ प्रश्नों से हमें जूझना होगा। सृजन केवल बम फेंकने की त्रासदी से नहीं उपजता । या कहीं युद्धों, महायुद्धों, बाढ़ या भूकम्प से उपजने की राह देखता है। सृजन का संवेदन तत्त्व तो बिना घटना के भी शाश्वत रूप में अंतर्निहित है। वह तो बछिया को दूध पीते भी फूट पड़ता है, वह संतान - जन्म के हुए आभास और उसकी मृत्यु की आशंका दोनों में रचता है। सृ समाज की एक और विसंगति उपजी । कफन खरीदने के लिए बाप- बेटे बाजार जाते हैं। देखते-देखते शाम हो जाती है, पर कोई पसंद दैवी नहीं आता। दोनों ही सामाजिक यथार्थ की आलोचना करते हुए प्रेरणा से मधुशाला पहुंच जाते हैं। ऐसे में भाव संज्ञा सृजन का मूल होते हुए भी कुछ बहसें निरर्थक लगती है। मगर यह सत्य है कि च को निर्मम और तटस्थ हुए बगैर नहीं देखा जा सकता... इतिहास को लौटाया नहीं जा सकता है और न वर्तमान की प्रक्रियाओं को अतिक्रमित कर भविष्य को पाया जा सकता है, लेकिन वर्तमान की चोट से बौखलाए लोगों में इतिहास और भविष्य की तरफ लपकने की प्रवृत्ति अवश्य सक्रिय हो जाती है। जरूरी है साहित्य में भाषागत आचार संहिताओं के साथ नवाचार का स्वागत हो । अपने समय के विद्रूप से टकराना लेखक की बाध्यता है। वह इससे पलायन नहीं कर सकता। इनसे टकराने और इनके समाधान खोजने का उद्यम अतीत में जाकर भी हो सकता है, क्योंकि कोई भी विसंगति अनायास नहीं होती। इसकी जड़ें अतीत में सुदूर होती हैं। जीवन-जगत के परिवर्तनों के साथ-साथ बदलते जाते हैं मानवीय रिश्ते और उसी के समांतर साहित्य-सृजन में भी परिवर्तन आता जाता है। लेखकों को ही नहीं, दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को नवाचारों का सहारा लेकर अपने समकाल को सुंदर बनाने का उद्यम करना होता है। संस्कृति का जिस 'लोक' से, श्रमशील जनता से सीधा संबंध था, वह 'लोक' बदलाव के साथ क्रमशः गौण होता गया। जन-संस्कृति के स्थान पर धन- संस्कृति और अभिजन संस्कृति प्रमुख होती गई। यह संशय सत्य में न बदल जाए कि भारत के प्रत्येक शहर में अमेरिका है। हम केवल लेखक होकर ही संवेदनशील नहीं हो सकते। अगर हमारे पास मूल्य हैं जीवन के तो हम बिना किसी विशेषण भी समाज के नवाचार में बहुत कुछ चुप्पी के साथ दे सकते हैं। इसीलिए कवि जहां मनीषी होता है, वहीं मूल्यान्वेषी भी होता है। ऐसे में बहुत कुछ थोपा नहीं जाएगा, क्योंकि बहुत कुछ थोपे गैर भी हमारे भीतर बना रहेगा। उससे तो हमें जूझना ही है। फिर नए से व्यथित क्यों? समय के साथ मोह भंग तो नहीं होता, रूपांतरित होता है और उस रूपांतरण में हम उसे बेखबर से छोड़ देते हैं, अपने सहज रूप में उलझने के लिए।

# राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी लेडी का कटाक्ष दुर्भाग्यपूर्ण

**राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है। यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषतः कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन, सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, उससे इस पद की गरिमा को गहरा आघात लगा है।

राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है। यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब वे और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी हुए थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वर्गों की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्तव्य का एक अहम हिस्सा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिंदी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। बयान में कहा गया कि संभवतः ये नेता हिंदी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या कर ली। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि ऐसे भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बयानों से बचा जाना चाहिए, जो न केवल अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाते हैं। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए यह भी कहा कि इस तरह की टिप्पणियां पूरी तरह से अनुचित हैं और इन्हें टाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क रहें। राष्ट्रपति भवन की यह कठोर प्रतिक्रिया कांग्रेस नेताओं के लिये सबक एवं सीख बननी चाहिए। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने न केवल गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। कांग्रेस न जाने क्यों मानसिक दुर्बलता की शिकार है कि उसे अंधेरे सायों से ही प्यार है। ऐसे राजनीतिक दलों एवं सोनिया गांधी जैसे राजनेताओं की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजालों के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है सोनिया जैसे राजनेताओं की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीतिक सागर की यात्रा करना चाहते हैं। इसीलिये राष्ट्रपति भवन ने यह सही कहा कि सोनिया गांधी की ओर से जो टिप्पणी की गई, वह सर्वथा टालने योग्य थी। शीर्ष नेताओं को अपनी बात कहते समय पद की गरिमा के साथ अपने शब्द चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उस समय तो और भी जब टिप्पणी राष्ट्रपति के संदर्भ में की जा रही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी, वे किसी की आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं। सोनिया गांधी अपने आपको सक्षम राजनीतिज्ञ मानती होंगी, वे विरोध एवं व्यक्तिगत आलोचना की राजनीति की खिलाड़ी भी स्वयं को साबित करने में जुटी हो, भले ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध में सारी हदें लांघी हो, लेकिन भारत की राजनीति केवल विरोध पर जीवंत नहीं रह सकती। राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बहुत बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपने विवेक को गिरवी रखकर समालोचना करता है, उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जायेगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता। आखिर निषेधात्मक भावों का उत्तर कब तक दिया जाए? कांग्रेस की इस श्रृंखला का कहीं अंत ही दिखाई नहीं देता। रचनात्मक समालोचना हो, तथ्यों के आधार पर हो, विवेकसम्मत हो तो उसके बारे में चिंतन भी किया जा सकता है। लोकतंत्र समालोचना का विरोधी नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं शालीन समालोचना का स्वागत ही होता है, इससे राजनीति परिपक्व एवं मजबूत होती है, किन्तु नमक की रोटी का क्या स्वागत किया जाए? कुछ आटा हो तो नमक की रोटी भी काम की हो सकती है। पर जिसमें कोरा नमक ही नमक हो, वह स्पृहणीय कैसे बन सकती है। प्रश्न है कि इस तरह की दूषित राजनीति एवं पूर्वाग्रहों के घनघोर परिवेश से लोकतंत्र एवं राष्ट्रपति जैसा सर्वोच्च पद कब तक आहत होता रहेगा? सोनियाजी राजनीति ही करनी है तो मूल्यों की राजनीति करो, देश सेवा की राजनीति करो, जनता के दिलों को जीतने की राजनीति करो। उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास एवं चरित्र हनन के उद्देश्य से किया जाने वाला ऐसा राजनीतिक प्रयत्न कितना जघन्य होता है, समझने वाली जनता अच्छी तरह समझती है। **–ललित गर्ग**

# उद्योगों और करियर को आकार देने में खेल की परिवर्तनकारी शक्ति

**विजय गर्ग**

खेल पर्यटन को 2032 तक त्त1.33 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। यह आँकड़े इस गतिशील उद्योग के भीतर बहुत कैरियर की क्षमता को रेखांकित करते हैं पिछले साल के परिभाषित क्षणों को दर्शाते हुए, यह स्पष्ट हो जाता है कि कई खेलों के दायरे में निहित हैं। जर्मनी में पेरिस ओलंपिक और यूईएफए यूरो 2024 जैसे वैश्विक घटनाओं से टूर डी फ्रांस, फीफा विश्व कप, और साप्ताहिक फॉर्मूला 1 और मोटोगपी ग्रां प्री रेस जैसे चश्मे तक, खेल यात्रा, पर्यटन और उपभोक्ता खर्च को जारी रखते हैं। अभूतपूर्व पैमाने। खेल का आर्थिक महत्व चौंका देने वाला है। स्पोर्ट्स ग्लोबल मार्केट रिपोर्ट 2024 के अनुसार, वैश्विक खेल बाजार 2023 में त्त480 बिलियन से बढ़कर 2024 में त्त500 बिलियन से अधिक हो गया है, जो 5.6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को दर्शाता है। स्पोर्ट्स टूरिज्म, एक तेजी से विस्तार करने वाले सेगमेंट, को 2032 तक त्त1.33 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि 10 प्रतिशत की मिश्रित वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। ये आंकड़े न केवल खेल के सार्वभौमिक आकर्षण बल्कि इस गतिशील उद्योग के भीतर बहुत अधिक कैरियर की क्षमता को रेखांकित करते हैं। यह विकास एक बदलाव का संकेत देता है कि संगठन प्रशंसकों और हितधारकों को कैसे संलग्न करते हैं। आज, खेल व्यवसाय क्यूरेट, इमर्सिव और अविस्मरणीय अनुभव देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो एक स्थायी छाप छोड़ते हैं। इन अनुभवों को तैयार करने के लिए एक संगठन की क्षमता द्वारा सफलता को तेजी से परिभाषित किया जाता है, जो उद्योग के विकास की आधारशिला बन गया है। यह परिवर्तन छात्रों और पूर्व छात्रों की महत्वाकांक्षाओं में दिखाया गया है। कई लोग खेल-संबंधित करियर में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें स्नातक फीफा, फॉर्मूला 1, नाइके और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति जैसे प्रमुख संगठनों के भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति पेशेवरों, एथलीटों और हितधारकों के लिए सहज, उच्च गुणवत्ता वाले अनुभव बनाने के लिए आतिथ्य और व्यापार कौशल को सम्मिश्रण करने के लिए पेशेवरों की बढ़ती मांग पर प्रकाश डालती है। आतिथ्य के विस्तार के दायरे ने भी खेल क्षेत्र में अपनी भूमिका को फिर से आकार दिया है। आतिथ्य अब होटल और रेस्तरां तक ??ही सीमित नहीं है; यह अब विविध संदर्भों में यादगार अनुभवों के डिजाइन और प्रबंधन को शामिल करता है। चाहे वैश्विक टूर्नामेंट में वीआईपी सूट का प्रबंधन, सहज प्रशंसक यात्रा सुनिश्चित करना, या खेल पर्यटन के लिए लक्जरी यात्रा पैकेजों को तैयार करना, आतिथ्य सिद्धांत खेल उद्योग की सफलता के लिए अभिन्न अंग हैं। इन उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए, लेस रोच ने खेल व्यवसाय प्रबंधन और खेल पर्यटन में एक विशेष कार्यक्रम पेश किया। यह चार साल की डिग्री उम्मीदवारों, एथलीटों और उत्साही लोगों को इस प्रतिस्पर्धी उद्योग में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कौशल से लैस करती है। पाठ्यक्रम में खेल संचालन, डिजिटल परिवर्तन और अनुभवात्मक विपणन अभियानों में स्थिरता शामिल है, स्नातक एक विकसित वैश्विक परिदृश्य में पनपने के लिए स्नातकों को तैयार करता है। खेल उद्योग प्रतिभा और नेतृत्व के लिए एक प्रवेश द्वार है, जिसमें पेशेवरों की बढ़ती मांग है जो नवाचार, अनुकूलन और नेतृत्व कर सकते हैं। लिंक्डइन ने 2023 में वैश्विक खेल प्रबंधन नौकरी पोस्टिंग में 23 प्रतिशत की वृद्धि की रिपोर्ट की, जिसमें यूरोप, उत्तरी अमेरिका और पश्चिम एशिया ने इस मांग को चलाया। यह लचीलापन, रचनात्मकता और उत्कृष्टता पर उद्योग के जोर में एक व्यापक बदलाव को दर्शाता है। आगे देखते हुए, खेल और आतिथ्य के बीच तालमेल गहरा होगा, स्थिरता, डिजिटल परिवर्तन और समावेशिता से प्रेरित होगा। इस क्षेत्र में सफलता के लिए नवाचार, उत्कृष्टता और क्राफ्टिंग की कला के साथ सम्मिश्रण जुनून की आवश्यकता हैप्रभावशाली अनुभव। यह अगली पीढ़ी के नेताओं का पोषण करने का समय है, उन्हें खेल और आतिथ्य की कभी-कभी विकसित होने वाली दुनिया में एक विरासत छोड़ने के लिए सशक्त बनाया गया है।

## सेहत मंत्र

# बेहद लाभकारी होते हैं सब्जी व फल के छिलके

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि सब्जियां व फल सेहत के लिए बेहद लाभदायक होते हैं, लेकिन अक्सर देखने में आता है कि लोग फलों व सब्जियों का सेवन तो करते हैं, परंतु उसके छिलके को बाहर का रास्ता दिखा देते हैं। पर क्या आप इस बात से वाकिफ हैं कि यही बेकार समझे जाने वाले कई तरह की स्वास्थ्य समस्या को बेहद आसानी से ठीक करते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में? आंखों की थकान करे दूरः सारा दिन स्क्रीन पर आंखें गड़ाकर रखने से आंखों में थकान का अनुभव होता है। इस थकान को दूर करने में आलू के छिलके काफी मददगार होते हैं। दरअसल, आंखों में मौजूद एंजाइम्स व विटामिन-सी सूजी व थकी हुई आंखों को आराम दिलाते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए पहले आप आलू के छिलके को पन्द्रह?बीस मिनट के लिए फ्रिज में रखें और जब यह ठंडे हो जाएं तो इन्हें अपनी आंखों के ऊपर रखें। इससे आपकी आंखों को काफी हद तक आराम मिलेगा। चमकाएं दांत- दांतों का पीलापन देखने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता। लेकिन अगर आप प्राकृतिक तरीके से दांतों को चमकाना चाहते हैं तो फल व सब्जी के छिलकों की मदद लीजिए। इसके लिए आप केले या संतरे के छिलके को दांतों पर रगड़ें। इस छिलकों में मैग्नीशियम, मैग्नीज व पोटेशियम पाया जाता है जो दांतों को सफ़ेद करने में मदद करता है। भगाएं कीट व मच्छर- अक्सर घरों में छोटे-छोटे जीव व मच्छर आदि होते हैं जो कई तरह की बीमारी का कारण बनते हैं। इन्हें घर से भगाने के लिए आपको केमिकलयुक्त प्रॉडक्ट इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है। इस काम में फलों के छिलके भी आपकी मदद कर सकते हैं। संतरे व नींबू के छिलके की महक हर तरह के कीट व मच्छरों को दूर रखने में मददगार होती है। बस आप इन्हें अपने घर की खिड़की व दरवाजों पर रखें और मच्छरों को दूर भगाएं। खांसी या गला नहीं होगा खराब- अगर किसी को खांसी है या फिर उसका गला खराब है तो उसे अनार के छिलकों का सेवन करना चाहिए। इसमें विटामिन-सी व एंटी?ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए पहले आप अनार के छिलकों को पीसकर उसे एक कप गर्म पानी में डालकर उस पानी की मदद से गरारे करें।

## धर्म मंत्र

# सोमवार को शिव जी की पूजा से होता है सर्वोत्म लाभ

सप्ताह के सातों दिन किसी न किसी ईश्वर की पूजा, भक्ति और व्रत के लिए होता हैं पर सोमवार का दिन हिन्दू धर्म परमपराओं के अनुसार भगवान शिव को समर्पित होता है। हर दिन नियत है किसी ना किसी की पूजा के लिए- भारतीय मान्यताओं के अनुसार सप्ताह के सातों दिन किसी न किसी ईश्वर की पूजा, भक्ति और व्रत के लिए नियत होते हैं। इस क्रम में सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। वैसे तो माना जाता है कि शिवजी की भक्ति हर पल ही शुभ होती है। सच्चे मन से उनकी पूजा की जाए तो वे अपने भक्तों पर शीघ्र प्रसन्न हो जाते है। इसके बावजूद सोमवार को शिव की पूजा करना सबसे लाभदायक होता है? आइए जाने इस दिन की पूजा से जुड़ी खास बातें। शिव के साथ चंद्रमा भी हैं पूजनीय- सोमवार के दिन रखा जाने वाला व्रत सोमेश्वर व्रत के नाम से जाना जाता है। इसके अपने धार्मिक महत्व होते हैं। इसी दिन चन्द्रमा की पूजा भी की जाती है। हमारे धर्मग्रंथों में सोमेश्वर शब्द के दो अर्थ होते हैं। पहला अर्थ है ऽ सोम यानी चन्द्रमा। चन्द्रमा को ईश्वर मानकर उनकी पूजा और व्रत करना। सोमेश्वर शब्द का दूसरा अर्थ है- वह देव, जिसे सोमदेव ने भी अपना भगवान माना है। उस भगवान की सेवा-उपासना करना, और वह देवता हैं, भगवान शिव। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस व्रत और पूजा से ही सोमदेव ने भगवान शिव की आराधना की। जिससे सोमदेव निरोगी होकर फिर से अपने सौंदर्य को पाया। भगवान शंकर ने भी प्रसन्न होकर दूज यानी द्वितीया तिथि के चन्द्रमा को अपनी जटाओं में मुकुट की तरह धारण किया।

पर्यटन



# महात्मा गांधी की तमाम यादों को संजोये हुए है गुजरात का अहमदाबाद

गुजरात का अहमदाबाद कर्णावती शहर के नाम से भी मशहूर है क्योंकि इस शहर को राजा कर्णदेव प्रथम ने बसाया था। सोलंकी वंश जैसे-जैसे खत्म हुआ समय बढ़ता गया और सुल्तान अहमद शाह ने कर्णावती पर हमला कर दिया और इसे अपने कब्जे में ले लिया और तब अहमद शाह ने इस शहर का नाम बदलकर अहमदाबाद रख दिया। अहमदाबाद शहर के ऐतिहासिक महत्त्व के साथ-साथ इस शहर का भारत को स्वतंत्रता दिलाने में भी योगदान रहा है क्योंकि 'बापू' महात्मा गांधी का अहमदाबाद से विशेष जुड़ाव रहा है। कह सकते हैं कि बापू का ज्यादा समय अहमदाबाद में ही कटता था। यहां देश भर से सैलानी बड़ी संख्या में आते हैं और गुजरात देश का सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल इसलिए भी है क्योंकि यहां की वास्तुकला में इस्लामी और हिंदू शैली का अनूठा मेल है। अहमदाबाद के कुछ लोकप्रिय पर्यटन स्थल इस प्रकार हैं- साबरमती आश्रमः साबरमती आश्रम को देखने के लिए हर दिन सैंकड़ों लोग आते हैं। साबरमती आश्रम में रखा गांधीजी का चरखा और गांधी सिद्धांतों पर विनोबाजी द्वारा बनाया गया जीवन-चक्र पट। साबरमती आश्रम से लगभग 6 किलोमीटर दूर बहती साबरमती नदी। दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद महात्मा गांधी ने भारत में अपना पहला आश्रम 25 मई, 1915 को अहमदाबाद के कोचराब क्षेत्र में स्थापित किया था। यह आश्रम 17 जून, 1917 को साबरमती नदी के किनारे स्थानांतरित किया गया। साबरमती नदी के तट पर स्थित होने के कारण इस आश्रम को 'साबरमती आश्रम' नाम दिया गया। टेक्सटाइल का केलिको संग्रहालयः कैलिको म्यूजियम ऑफ़ टेक्सटाइल संग्रहालय प्राचीन और आधुनिक भारतीय वस्त्रों का तालमेल कराता बेहतरीन संग्रहालय है। ये संग्रहालय पूरी दुनिया में मशहूर है। यहाँ के सभी वस्त्र हस्तनिर्मित और 500 वर्ष पुराने हैं। यहाँ पर आपको शाही वस्त्र, उत्कृष्ट साड़ियां, आदिवासी परिधान, पटोला और मशरु वौव्स और बांधणी टाई डाई के उल्लेखनीय उदाहरण देखने को मिलते हैं।

# नवनिर्मित मंदिर में विधि विधान से विराजमान हुए संकट मोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी सिद्धौर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुशली पुरवा मजरे नसीरपुर गांव में नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित की गई। उक्त कार्यक्रम को लेकर 24 जनवरी से चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर खुसली पुरवा मजरे नसीरपुर गांव से लेकर बक्सावा, मदारपुर ,कोठी ,पूरे कारिक , भवानी बखस पुरवा होते हुए तपापुर स्थित तपा बाबा मंदिर तक शोभा यात्रा डीजे की धुन पर गाजे बाजे के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर कोठी स्थित राम जानकी मंदिर कोठी बाजार में स्थित दुर्गा माता मंदिर होते हुए मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा को विध पूजा पाठ के साथ



## आयोजित भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद

स्थापित किया साथ ही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया भंडारा में रामदीन पुरवा,लोखड़िहा बक्सावा,मदारपुर सहित अन्य गांव के लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर में आरती व भजन कीर्तन कर पूजा की गई

# स्वच्छता हमारी नैतिक जिम्मेदारी, लोगों को इसके लिए जागरूक रहने की जरूरत : आलोक वर्मा

## स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत कैपिसिटी बिल्डिंग के अन्तर्गत सफाई कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी । स्वच्छता हमारी नैतिक जिम्मेदारी है इसके लिए हमें जागरूक रहने की आवश्यकता है स्वच्छ भारत मिशन का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक आमजन सहयोग न करे उक्त बात अधिशाषी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने नगर पंचायत जैदपुर परिसर में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत कैपिसिटी बिल्डिंग के अन्तर्गत सफाई कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कही । शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया




जिसमें प्रशिक्षण सम्पन्न उपरान्त कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया । प्रशिक्षण के दौरान नगर पंचायत जैदपुर के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा, मण्डल डी0पी0एम0 वैभव पाण्डेय, निकाय के लिपिक प्रदीप कुमार वर्मा एवं डी0पी0एम0 प्रदीप कुमार व निकाय के सैंकड़ों कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव ने वरिष्ठ कोषाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अखिलेश शुक्ल एवं सचिव नंदू प्रसाद गुप्ता ने संगठन की ओर से जिम्मेदारी मिलने पर वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित प्रताप सिंह से

## प्रतीक चिन्ह भेंट किया सम्मानित

शिष्टाचार भेंट कर लोधेश्वर महादेव का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया। भेंट के समय अखिलेश कुमार शुक्ल, नंदू गुप्ता, कृष्ण लाल, पंकज श्रीवास्तव, शामता प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।



इसके साथ ही राजकीय इंटर कालेज के पंकज श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक एवं जगदीश प्रसाद परिचारक के साठ वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवानिर्वृत्त होने पर जी आई सी के प्रधानाचार्य राधेश्याम, उप प्रधानाचार्य अरविंद प्रकाश त्रिपाठी सहित अखिलेश कुमार शुक्ल , नंदू प्रसाद गुप्ता, कृष्ण लाल, अनिल निसाद, सुशील कुमार द्विवेदी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों द्वारा सेवानिर्वृत्त दोनो कर्मचारियों को अंग वस्त्र पुष्प माला, रामचरित मानस, एवं माँ सरस्वती का चित्र भेंट कर विदाई दी गई।

# भव्य शोभा यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर धूमधाम व गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा शुक्रवार को ग्राम अटौटा मोहल्ला रानी 3 रामनगर से चलकर बदोसराय मार्ग होते हुए रामनगर कस्बा अंदर से बुढ़वल चौराहा पहुंची। जगह-जगह कस्बा वासियों ने पुष्प वर्षा व आरती कर के कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। सैकड़ो महिलाएं सजे हुए कलश सर पर लिए यात्रा में शामिल हुई। शुक्रवार की शाम से ही गायत्री महायज्ञ व श्रीराम कथा की शुरुवात हुई। कार्यक्रम संचालक बबलू वर्मा एवं विहिप के जिला मंत्री राहुल कुमार के कुशल संयोजन में कलश यात्रा निकाली गई। डीजे पर महामाई के भक्तों ने जमकर धूम मचाई तो वहीं शोभा यात्रा को देखने वालों का ताता लगा रहा। सैकड़ो महिलाएं सिर पर कलश के साथ पैदल यात्रा में सम्मिलित हुई। प्रत्येक दिन सुबह पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा शाम को हरिद्वार के प्रसिद्ध कथा वाचिका सुशीला सिंह के



द्वारा श्रीराम कथा होगी । जिसका समापन 7 फरवरी को सांस्कृतिक संध्या व विशाल भंडारे के साथ होगा। कलश यात्रा में कार्यक्रम आयोजक रामावती विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्याध्यक्ष रामनाथ मौर्य जिला प्रचार प्रसार प्रमुख एसपी शुक्ला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राकेश पटेल जिला सामाजिक समरसता प्रमुख मनीष कनौजिया,प्रखंड अध्यक्ष विनय मिश्रा,आशुतोष प्रताप दूबे,विनय वाजपेई,अर्जुन सोनी मनीष मौर्य जिला सेवा प्रमुख निर्मल मिश्र रमाकांत वर्मा अंशु शुक्ला सागर अवस्थी सहित तमाम हिंदू जनमानस ने कलश यात्रा में सहभाग किया। वीएचपी के कार्यकर्ताओं ने यात्रा में सहभाग कर रहे सभी भक्तों को पानी वितरण किया। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार त्रिपाठी व फतेहपुर प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# संयुक्त चिकित्सालय का जॉइंट डायरेक्टर ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । स्वास्थ्य विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉक्टर नीना वर्मा ने संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने ने बीमार नवजात बच्चों की चिकित्सा के लिए बनाए गए नवनिर्मित एस एन सी यू वार्ड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रविवार को अचानक अस्पताल पहुंची ज्वाइंट डायरेक्टर ने अस्पताल में तैनात स्टाफ के बारे में जानकारी ली और ड्यूटी रोस्टर चेक किया। उन्होंने अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी की कम मात्रा को लेकर नाराजगी जताते हुए डाक्टरों को इन्हें बढ़ाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि जिले लेविल के अस्पताल में कम-से-कम एक महीने में दस सिजेरियन डिलीवरी होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए और प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने ने बताया कि एक दर्जन बीमार नवजात शिशुओं के लिए एस एन सी यू वार्ड बनाया गया है।

इस वार्ड में भर्ती बच्चों की देखभाल करने वाली माताओं को भोजन आदि भी दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ नीलम गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ डीके श्रीवास्तव, डाक्टर गौरव कृष्णा, डाक्टर आरिफ मौजूद रहे।

# नन्ही कली परियोजना: बेटियों के सपनों को नई उड़ान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। उच्च प्राथमिक विद्यालय निंदूरा में महिंद्रा एजुकेशन ट्रस्ट और नान्दी फाउंडेशन द्वारा संचालित ''नन्ही कली परियोजना'' के तहत कक्षा छः से 10 की छात्राओं को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा और नेतृत्व कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीते छह महीनों से चल रही इस पहल का उद्देश्य बेटियों को सशक्त बनाना और उनके व्यक्तित्व का विकास करना है।

प्रोग्राम ऑफिसर सितारा जी के निर्देशन में चल रहे इस कार्यक्रम में प्रशिक्षकों लता गुप्ता, पूजा पांडेय और दिव्या मौर्या का विशेष योगदान रहा है। छात्राओं को टाइम मैनेजमेंट, करियर गाइडेंस, वित्तीय साक्षरता और सामाजिक नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इसके अलावा, फुटबॉल, तूफान गेम जैसी गतिविधियों ने छात्राओं की




रुचि बढ़ाई है, जिससे उनकी विद्यालय में उपस्थिति में भी वृद्धि हुई है। उन्हें शिक्षा सामग्री और आवश्यक किट्स भी प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे वे अपने भविष्य के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें।

''नन्ही कली परियोजना'' बालिकाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर समाज में अपनी अलग पहचान बना सकें।

## एएसपी एवं एसडीएम ने कोटवाधाम मेला तैयारी का लिया जायजा

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तीर्थ श्री कोटवा धाम में जन्म सप्तमी पर आयोजित होने वाले विशाल मेला की तैयारियों का अपर पुलिस अधीक्षक डा अखिलेश नारायण सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। रविवार को कोटवाधाम मेला परिसर में पंहुच कर एडीशनल एसपी ने एसडीएम प्रभारी तहसीलदार सुश्री पूजा , पुलिस उपाधीक्षक रामनगर सौरभ श्रीवास्तव नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय, अजीत कुमार जायसवाल, प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार एंव मेला मालिकान महन्त नीलेन्द्र बक्श दास, सोनी दास एवं कमेटी के साथ विचार विमर्श किया। जिसमें उन्होंने बताया कि 3 फरवरी की रात 3 बजे से 4 फरवरी को सुबह 8 बजे तक जन्मोत्सव कार्यक्रम होगा जिसके चलते मन्दिर गेट बंद रहेगा। मेलें में आने वाले मेलार्थियों से पुलिस प्रशासन ने अपील किया है कि 4 फरवरी की सुबह 8 बजे से दर्शन पूंजन के लिए मन्दिर जाएं। पुलिस चौकी के पास बैरियर लगा कर भीड को नियन्त्रित रखते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन पूंजन कराया जाएगा।कोटवाधाम चौराहे से मन्दिर मुख्य मार्ग पर जल जीवन मिशन पानी टंकी अरियामऊ की पाइप लाइन का पाइप निकला हुआ है जिसमें श्रद्धालु गिर सकते हैं। तहसीलदार पूंजा गुप्ता ने बताया है कि जल जीवन मिशन के अधिकारियों से बात कर पाइप को सही करवाया जायेगा। इसके साथ ही पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित को निर्देश दिए हैं।



## बाबू सोसाइटी को हराकर क्लब 25 फाइनल को अग्रसर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पदम् श्री के डी सिंह बाबू जी के जन्म दिवस पर आयोजित फाइव ए साइड हॉकी टूर्नामेंट में आज का पहला सेमी फाइनल क्लब 25 प्लस ने बाबू सोसाइटी को 7-1से हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। दूसरा सेमी फाइनल गांधी क्लब ए और एवेंजर्स क्लब के बीच खेला गया जिसमें एवेंजर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए गांधी क्लब को 6-3से जीतकर फाइनल में पहुंचे। एवेंजर्स क्लब के मोहम्मद माज ने चार,दो गोल देवांशू ,और एक गोल समर्पित टोप्पो ने किया फाइनल मैच क्लब 25 प्लस ने एवेंजर्स क्लब को 6त4से हराकर विजेता के खिताब पर कब्जा कर लिया मैच से पहले मुख्य अतिथि भाजपा नेता पंकज गुप्ता पनकी ने बाबू के डी सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर के अपनी शुभकामनाएं दी फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा क्लब 25 प्लस के अंशुमान अवस्थी ने शानदार तीन गोल,अनुराग गौतम ने तीन गोल किए उसके जवाब में रिजवान एक,समर्पित ने एक,दिव्यांशु और सरिता ने एक गोल करके अपनी टीम को सम्मानजनक स्थान पर रखा। विजेता टीम क्लब 25 प्लस रही इस अवसर पर हॉकी सचिव मजहर अज़ीज़ खान, मोहम्मद असलम, सिद्धार्थ कन्नौजिया अध्यक्ष इंडियन स्टूडेंट पावर,मनीष परिहार,आशीष आनंद,चंदा रानी, मोहम्मद शादाब,मोनू वर्मा ,विजय अवस्थी,ज़मीरुल हसन,अयाज़ अंसारी,मुजीब अहमद,विवेक प्रकाश सिंह, अभिषेक सिंह राम आशीष वर्मा आदि खेल प्रेमी मौजूद थे।



## नदी में मिला नवजात बच्ची का शव

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र में बदोसराय मार्ग पर कल्याणी नदी पर बने पुराने पुल विसर्जन घाट के निकट रविवार सुबह एक नवजात बच्ची का शव पानी मे तैरता दिखा। इस दौरान पुल के पास से जा रहे कुछ लोगों की नजर नवजात के शव पर पड़ी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले को जांच कर रही है। लोगों का कहना है कि किसी महिला ने लोकलाज के चलते नवजात बच्ची को शव पुल के नीचे फेंक दिया। निजी अस्पताल पर शक नदी मे मिली नवजात बच्ची का शव कही न कही इलाके मे खुले निजी अस्पताल की करतूत हो सकती है क्योकि बच्ची की नाल मे नीले रंग की पट्टी लगी हुई है।

# पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का मंत्र जप संग समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्म दिवस बसंत पंचमी के अवसर पर रामसनेहीघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर 24 घंटे का अखंड गायत्री मंत्र जप के उपरांत पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इस मौके पर गायत्री परिजनों एवं स्थानीय नागरिको ने पहुंचकर गायत्री महायज्ञ में आहुतियां डाली। इससे पूर्व शनिवार की सुबह सात बजे से गायत्री शक्तिपीठ पर गायत्री मंत्र का अखंड जप शुरू प्रारंभ हुआ। जो रविवार की सुबह समाप्त हुआ। इसके उपरांत पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ प्रारंभ हुआ। गायत्री महायज्ञ का संचालन शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी डॉ शिवाकांत त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि 1926 में बसंत पंचमी के दिन साधना के दौरान परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य जी को हिमालय से आई गुरुसत्ता का साक्षात्कार हुआ, इस दौरान



प्रकाशपुंज रूपी गुरु ने उन्हें उनके पूर्व जन्म की याद दिलाते हुए कहा कि तुम्हारा जन्म दिव्य है इस जीवन में तुम्हें बहुत कुछ करना है। गुरुसत्ता ने आवश्यक दिशा निर्देश के साथ ही अखंड दीप प्रज्वलित कर गायत्री महापुरस्चरण करने का एक तरह से आदेश दिया जिसका पालन तत्काल शुरू करते हुए गुरुसत्ता को आस्वस्त किया कि मेरा जीवन आपका है आप इसका चाहे जैसे उपयोग करें मैं कठपुतली की तरह आपके इशारे पर जीवन भर नाचता रहूंगा।

श्री त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को गायत्री मंत्र एवं उससे उत्पन्न होने वाली विचार शक्ति के बारे में विस्तार से बताया साथ ही कहा कि गायत्री मंत्र जप से न केवल विचार बदलते हैं बल्कि ईश्वर उन्हें सही दिशा में चलना सिखा देता है। इस दौरान विद्यारम्भ, अन्नप्राशन एवं दीक्षा संस्कार भी संपन्न कराए गए। सायंकाल बसंत के अवसर पर दीप यज्ञ का भी आयोजन किया गया।

# क्षेत्र का विकास ही हमारा लक्ष्य सीसीरोड जनता को समर्पित : अभिषेक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।आज बसंत पंचमी अवसर पर जिला पंचायत द्वारा ल्लपहलवानपुरवा संपर्क मार्ग से लोनियनपुरवा संपर्क मार्ग ल्ल16.50 लाख की लागत से बनी सी.सी.रोड़ व ल्लदुल्हदेपुर में अवशेष आरसीसी नालाङ्क 6.50 लाख की लगात से नवनिर्मित निर्माण मार्ग का भव्य लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा नयन ने ग्रामवासियों की उपस्थित में किया। इस अवसर पर कुंवर बहादुर मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह , अश्वनी मिश्र हरिशंकर मिश्रा दीपक मिश्रा,नन्हू यादव इंन्दल रावत,नौमी लाल गौतम,बाबा देवी शरण ,कन्हैया गुप्ता,राम सुरेश गुप्ता,उमेश गुप्ता,विजय कुमार यादव ,पद्युम गोस्वामी,विध्याचल यादव ,गोबिंद साहू,राम उजागर प्रजापति,राम धीरज प्रजापति,राम कैलाश विश्वकर्मा,पुरन,राम जश विश्वकर्मा,नन्हाऊ गोस्वामी ,पवन गोस्वामी ,अर्जुन उर्फ दीपू गोस्वामी,सुरेश यादव,लाल बहादुर चौहान,पप्पू चौहान,हरीश चंद्र चौहान ,राम सिंह,टीरऊ चौहान ,राम लखन गुप्ता ,जंग बहादुर,मल्हू यादव ,हरि नारायण,पूर्वी रावत ,सोनू गौतम,जग जीवन विश्वकर्मा,राम लखन रावत ,केशव राम रावत ,लवकुश रावत,राज कुमार,पारश नाथ चौधरी ,सोनू यादव,राम नेवाज,तेज बहादुर ,लालता विश्वकर्मा ,कन्हैया साहू ,राजू चौहान ,प्रेम शंकर यादव ,संजय चौहान,सहित सम्मानित क्षेत्रवासी गण उपस्थित रहे।





## भारत ने लगातार दूसरी बार जीता महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप का खिताब

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम को 9 विकेट से हराया। भारत ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2023 में हुई थी। पहले ही संस्करण में भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने शेफाली वर्मा की कप्तानी में जीत हासिल की थी। अब दो साल बाद दूसरे संस्करण में निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की है। कुआलालंपुर के बयूमास ओवल में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 82 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे भारतीय महिला अंडर 19 टीम को जीत के लिए 83 रनों का लक्ष्य




मिला। जवाब में भारतीय टीम ने 11.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम किया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारतीय टीम की जीत में गोंगाडी तृषा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले गेंदबाजी में तीन विकेट लिए, फिर बल्ले से नाबाद 44 रन भी बनाए। 83 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने अच्छी शुरुआत की और चार ओवर में टीम का स्कोर 36 रन पहुंचा दिया। पांचवें ओवर में जी कमलिनी के रूप में भारतीय टीम को पहला झटका लगा। कमलिनी 8 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद भारतीय टीम का कोई और विकेट नहीं गिरा और लक्ष्य को 11.2 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया। गोंगाडी तृषा 33 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 44 रन और सानिका चाके 22 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकमात्र विकेट कायला रेनेके ने लिया। इससे पहले फाइनल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज सिमोन लॉरेन्स बिना खाता खोले बोल्ड हो गईं। फिर 20 रन के स्कोर पर दूसरी सलामी बल्लेबाज जेम्मा बोथा भी पवेलियन लौट गईं। बोथा ने तीन चौके की मदद से 14 गेंदों पर 16 रन बनाए। 20 रन के स्कोर पर ही दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटका लगा। दियारा रामलाकन 3 रन बनाकर बोल्ड हो गईं। दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम के विकेट्स गिरने का सिलसिला जारी रहा और पूरी टीम 20 ओवर में 82 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान कायला रेनेके 7 रन, काराबो मेसो 10 रन, मीइके वान वूर्स्ट 23 रन, फाय कॉलिंग ने 15 रन बनाए। सेशनी नायडू, एश्ले वैन विक और मोनालिसा लेगोडी खाता भी नहीं खोल सकीं।

## टोगो के खिलाफ भारत जीता, विश्व ग्रुप एक में रहेगी टीम, करण ने पदार्पण में किया प्रभावित

एजेंसी

नयी दिल्ली। एन श्रीराम बालाजी और रित्विक चौधरी बोलीपल्ली की जोड़ी ने रविवार को यहां टोगो के खिलाफ युगल मैच में जीत दर्ज की जिससे भारत डेविस कप टेनिस विश्व ग्रुप एक में बना रहेगा। भारत की विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले में जीत तय होने के बाद करण सिंह ने उलट एकल में डेविस कप के अपने पदार्पण मैच को जीत कर टीम की बढ़त को 4-0 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने अंतिम पांचवां मैच नहीं खेलने का फैसला किया। भारत रविवार को मुकाबले में 2-0 की बढ़त के साथ उतरा था और उसे मुकाबला जीतने के लिए तीन मैच में से केवल एक में जीत की जरूरत थी। बालाजी और रित्विक की जोड़ी ने मलापा टिंगौ अकोमोलो और होडाबालो इसाक पेडियो के खिलाफ पहले ही पुरुष युगल मैच में जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी ने डीएलटीए परिसर में पुरुष युगल मुकाबला केवल 57 मिनट में 6-2, 6-1 से जीता। टोगो ने हाथ की चोट के कारण अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थॉमस सेतोदजी की जगह अकोमोलो को खिलाया लेकिन टीम को इसका नुकसान हुआ क्योंकि वह मैच में एक बार भी अपनी सर्विस नहीं बचा सके। मुकाबले का परिणाम तय होने के बाद भारत ने उम्मीद के मुताबिक पहले उलट एकल में युवा करण सिंह को पदार्पण का मौका मिलेगा। अपने कोच आदित्य सचदेवा की निगरानी में 21 वर्षीय खिलाड़ी ने पेडियो पर 6-2, 6-3 से जीत हासिल की। करण ने बहुत अच्छी सर्विस की और अपने रिटर्न पर आक्रामक दिखे। उन्होंने ड्रॉप शॉट्स का भी समझदारी से इस्तेमाल किया। अमेरिका के कॉलेजिएट सर्किट में खेलने वाले पाडियो ने गेंद को अच्छी तरह से हिट किया लेकिन करण ने बेहतर नियंत्रण दिखाते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। करण ने डीएलटीए में अब बंद हो चुके नेशनल टेनिस सेंटर (एनटीसी) में भी प्रशिक्षण लिया है। उन्होंने इस मैच में काफी संयम दिखाया और बड़े मुकाबले का दबाव खुद पर हावी नहीं होने दिया। पूरे मैच के दौरान करण ने एकमात्र गलती दूसरे सेट के पांचवें गेम में अपनी सर्विस गंवा कर की। बालाजी ने अपनी सर्विस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ एक अंक गंवाया। पिछले साल एक साथ मिलकर चैलेंजर खिताब जीतने वाले बालाजी और रित्विक ने पूरे मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा। रित्विक थोड़े दबाव में थे जब वह पदार्पण करते हुए अपनी पहली ही सर्विस में हाफ वॉली पर चूक गए और स्कोर 30-30 हो गया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि अपनी सर्विस बचाई और उसके बाद पूरा मुकाबला एकतरफा रहा। तीसरे गेम में अकोमोलो की सर्विस पर भारतीय जोड़ी ने पहली बार सर्विस ब्रेक हासिल किया। रित्विक ने 15-15 के स्कोर पर शानदार फोरहैंड रिटर्न लगाया जो दोनों खिलाड़ियों के ऊपर से निकल गया लेकिन लाइन के अंदर जा गिरा। इसके बाद बालाजी ने शानदार सर्विस रिटर्न के साथ दो ब्रेक प्वाइंट हासिल किए। पहले ब्रेक प्वाइंट पर रोमांचक वॉली रैली हुई लेकिन आखिरकार अकोमोलो का शॉट बेसलाइन के ऊपर से निकल गया जिससे भारत ने 3-1 की बढ़त हासिल की।

## चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ना मुश्किल: पोंटिंग

एजेंसी



दुबई। महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता और हालिया इतिहास भारत और ऑस्ट्रेलिया को आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने का प्रबल दावेदार बनाते हैं। पचास ओवर यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान में तीन और दुबई में एक स्थल पर खेला जाएगा। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू को बताया, ''भारत और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ना फिर से मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, ''इस समय दोनों देशों के खिलाड़ियों के स्तर के बारे में सोचें और हाल के इतिहास को देखें, जब ये बड़े फाइनल और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बड़ी प्रतियोगिता हुईं तो निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलिया और भारत कहीं ना कहीं मौजूद थे।'' भारत और ऑस्ट्रेलिया दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली सिर्फ दो टीम हैं। भारत ने 2013 में खिताब जीता था और 2002 में फाइनल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद श्रीलंका के साथ ट्रॉफी साझा की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 2006 और 2009 में लगातार दो खिताब जीते थे। पोंटिंग के अनुसार 2017 मे खिताब जीतने वाला गत चैंपियन पाकिस्तान भी कड़ी चुनौती पेश करेगा। कप्तान के रूप में दो एकदिवसीय विश्व कप और इतने ही चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने वाले पोंटिंग ने कहा, ''इस समय अन्य टीम जो काफी अच्छा क्रिकेट खेल रही है, वह है पाकिस्तान। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ समय से उनका एकदिवसीय क्रिकेट बहुत शानदार रहा है। हम जानते हैं कि बड़ी प्रतियोगिताओं में उन्हें लेकर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने चीजों को थोड़ा सुलझा लिया है। पाकिस्तान ने पिछले साल खेली गई तीनों एकदिवसीय श्रृंखला जीतीं। उसने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे को 2-1 से हराया जबकि दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से शिकस्त दी।

## अश्विन ने कनकशन विवाद पर कहा, पूरी तरह से क्रिकेट संबंधित गलत आकलन

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 'कनकशन सब्स्टीट्यूशन' के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए इसे पूरी तरह से क्रिकेट संबंधित गलत आकलन करार दिया जिसमें मध्यम गति के गेंदबाज हर्षित राणा ने बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह ली थी। दुबे ने मैच के दौरान अर्धशतक बनाया था और भारत की पारी के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद उनके सिर पर लग गई, तब जेमी ओवरटन गेंदबाजी कर रहे थे। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने 'कनकशन प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए दुबे की जगह राणा को मैदान पर उतार दिया जो 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। राणा ने अपने पदार्पण मैच में 33 रन देकर तीन विकेट झटक लिए जिससे भारत ने मैच 15 रन से जीत लिया। इस तरह भारत ने एक मैच रहते ही टी20 श्रृंखला अपने नाम कर ली। अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, ''खेल खत्म हो गया है। भारत ने घरेलू मैदान पर एक और श्रृंखला अपने नाम कर ली। टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत का सिलसिला वाकई शानदार रहा। लेकिन मेरा पहला सवाल यह है कि क्या हम भूल गए कि यह एक अंतरराष्ट्रीय मैच था या फिर हमने आईपीएल मैच खेला? उन्होंने कहा, ''क्योंकि आज सारी चर्चा इस बात पर थी कि हर्षित राणा किस तरह शिवम दुबे के 'कनकशन सब्स्टीट्यूट' बन गए? मैं समझ सकता हूं कि ऐसा पहले भी हुआ है। कैनबरा में युजवेंद्र चहल ने रविंद्र जडेजा की जगह ली। अश्विन ने कहा, ''आप इसे 'पोएटिक जस्टिस' बल्कि 'पोएटिक इनजस्टिस' कह सकते हैं। मुझे यह समझ में नहीं आ रहा। कम से कम पहले तो स्पिनर चहल ने स्पिनर जडेजा की जगह ली थी। यहां हर्षित राणा ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह कैसे ले सकते हैं। 'कनकशन प्रोटोकॉल' के अंतर्गत एक खिलाड़ी की जगह उसकी तरह के खिलाड़ी को ही शामिल करने की अनुमति है और राणा तो एक तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने मध्यम गति के गेंदबाज दुबे की जगह ली जिन्हें आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 'इम्पैक्ट खिलाड़ी' के तौर पर इस्तेमाल किया गया। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर इस फैसले से नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीम से सलाह नहीं ली गई और वह मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ से स्पष्टता मांगेंगे कि कनकशन के मामलों में समान प्रतिस्थापन क्या होता है। अश्विन का मानना है कि दुबे के लिए समान प्रतिस्थापन खिलाड़ी के लिए रमनदीप सिंह अधिक उपयुक्त होते। उन्होंने कहा, ''भारतीय या इंग्लैंड टीम की इसमें कोई भूमिका नहीं है। अगर टीम में कोई नहीं है तो आप कह सकते हैं कि हर्षित राणा थोड़ी बल्लेबाजी कर सकता है और शिवम दुबे थोड़ी गेंदबाजी कर सकता है इसलिए हमने उसे शामिल किया। पर समान प्रतिस्थापन खिलाड़ी रमनदीप सिंह बाहर बैठे थे। मुझे समझ में नहीं आ रहा।

## सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी जारी, चांदी में मामूली गिरावट

एजेंसी



नई दिल्ली। सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट आई है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत मे 140 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 84,490 रुपये से लेकर 84,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 77,450 रुपये से लेकर 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में गिरावट आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 84,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 84,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 84,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 84,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 84,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## देश राजकोषीय मजबूती के साथ कर्ज कटौती के लक्ष्य की राह पर: सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि भारत राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने इस बात को तवज्जो नहीं दी कि मूडीज जैसी एजेंसियों ने इन सबके बावजूद भारत की साख को नहीं बढ़ाया है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने बजट में राजकोषीय सूझबूझ के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के बीच बेहतर संतुलन साधा है। उन्होंने न केवल मध्यम वर्ग को बड़ी कर राहत दी है, बल्कि अगले साल राजकोषीय घाटे को कम करने तथा 2031 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत रूप में कर्ज में कमी लाने का खाका भी पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक चुनौतियों, आपूर्ति व्यवस्था के स्तर पर समस्याओं और दुनिया में संघर्षों के बीच अर्थव्यवस्था की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए महामारी के दौरान अधिक कर्ज लेना पड़ा। सीतारमण ने साक्षात्कार में कहा, ''इन सबके बावजूद हमने प्रतिबद्धता दिखाई है और राजकोषीय घाटे के संबंध में हम अपनी कही बातों का पालन कर रहे हैं। एक भी साल ऐसा नहीं है, जब हम अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हों। मूडीज रेटिंग्स ने शनिवार को सरकार द्वारा अपने वित्त को विवेकपूर्ण ढंग से प्रबंधित करने के प्रयासों के बावजूद भारत की साख को तत्काल बढ़ाने की बात से इनकार किया था। मूडीज ने फिलहाल भारत की रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ बीएए3 पर बरकरार रखा है। यह निवेश के लिहाज से निम्न स्तर की रेटिंग है। भारत राजकोषीय अनुशासन और मुद्रास्फीति नियंत्रण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन मूडीज का कहना है कि साख बढ़ाने के लिए ऋण के बोझ में पर्याप्त कमी और अधिक महत्वपूर्ण राजस्व उत्पन्न करने वाले उपाय आवश्यक हैं। हाल के सुधारों के बावजूद, राजकोषीय घाटा और कर्ज-जीडीपी अनुपात महामारी-पूर्व के स्तर की तुलना में व्यापक बना हुआ है। कर्ज पर ब्याज अदायगी की लागत बजट में सबसे बड़ा हिस्सा बनी हुई है। सीतारमण ने शनिवार को संसद में पेश अपने आठवें बजट में कहा कि पिछले साल किये गये वादे के अनुसार चालू वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.8 प्रतिशत होगा इसे वित्त वर्ष 2025-26 तक घटाकर 4.4 प्रतिशत पर लाया जाएगा। उन्होंने कहा, ''हमने कहा है कि दीर्घकालीन स्तर पर हम अपने कर्ज का प्रबंधन इस तरह से करेंगे कि ऋण-जीडीपी अनुपात लगातार कम हो। हम ठीक वैसे ही आगे बढ़ रहे हैं, जैसा कि एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में बताया गया है। कर्ज को नीचे लाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने ऐसे कदम उठाये हैं, जो कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं द्वारा भी नहीं उठाए गए हैं।

## बजट घोषणा और आरबीआई के निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने की घोषणा और आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में नये वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की मजबूत वृद्धि दर के अनुमान से हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह 1.7 प्रतिशत चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह केंद्रीय बजट की घोषणाओं, आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय और जनवरी के वाहन बिक्री आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1315.5 अंक अर्थात 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 77505.96 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 389.95 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 24382.15 अंक पर बंद हुआ। बीते सप्ताह 01 फरवरी यानि शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश किये जाने की वजह से बाजार में छह दिन कारोबार हुआ। शनिवार को बाजार का विशेष सत्र रखा गया था। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 168.65 अंक अर्थात 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 42884.28 अंक पर पहुंच गया वहीं स्मॉलकैप 7.71 अंक की मामूली गिरावट लेकर 50099.80 अंक पर सपाट रहा। विश्लेषकों के अनुसार, बीते शनिवार को संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री

**शेयर समीक्षा**



निर्मला सीतारमण के पेश किए गए बजट में की गई घोषणाएं विशेष रूप से आर्थिक सुधार, बुनियादी ढांचे में निवेश और कर नीतियों से संबंधित प्रावधान अगले सप्ताह बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी। साथ ही आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक अगले सप्ताह 05 से 07 फरवरी को होने वाली है। नीतिगत दरों में बदलाव, विशेष रूप से ब्याज दरों में कटौती या तरलता बढ़ाने के उपाय बाजार की चाल पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। इसी तरह जनवरी 2025 के वाहनों की बिक्री का भी बाजार पर असर रहेगा। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की चाल, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाएं घरेलू बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों पर निवेशकें की नजर रहेगी। हाल के महीनों में एफपीआई द्वारा बाजार से बड़े पैमाने पर पूंजी निकासी देखी गई है। हालांकि, जनवरी सीरीज के अंत में उन्होंने इंडेक्स फ्यूचर्स में अपनी शॉर्ट पोजिशन को कम किया है, जिससे उम्मीद है कि उनकी निकासी की गति धीमी हो सकती है। साथ ही अगले सप्ताह डेरिवेटिव्स बाजार के संकेत का भी असर रहेगा। वित्तीय सेवाओं और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उच्च ओपन इंटरेस्ट देखा गया है, जो इन क्षेत्रों में बढ़ी हुई गतिविधि का संकेत देता है। ये दोनों क्षेत्र निफ्टी में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान करते हैं इसलिए इनकी चाल का बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव होगा। इन कारकों के आधार पर अगले सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव की संभावना है। बीते सप्ताह शेयर बाजार में चार दिन तेजी वहीं दो दिन कमजोर रुख रहा। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच स्थानीय स्तर पर कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार जारी पूंजी निकासी के दबाव में हुई चौतरफा बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया। सेंसेक्स 824.29 अंक का गोता लगाकर 75,366.17 अंक और निफ्टी 263.05 अंक लुढ़ककर 22,829.15 अंक पर बंद हुआ।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.83 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,83,322.54 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इसमें हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा लाभ में रही। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,315.5 अंक या 1.72 प्रतिशत चढ़ा और निफ्टी 389.95 अंक या 1.68 प्रतिशत के लाभ में रहा। आम बजट पेश होने के कारण शनिवार को शेयर बाजार खुले थे। बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण बढ़ा। दूसरी ओर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 32,471.36 करोड़ रुपये बढ़कर 5,89,066.03 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 32,302.56 करोड़ रुपये बढ़कर 8,86,247.75 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 30,822.71 करोड़ रुपये बढ़कर 12,92,450.60 करोड़ रुपये और आईटीसी की 26,212.04 करोड़ रुपये बढ़कर 5,78,604.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 25,373.2 करोड़ रुपये बढ़कर 17,11,371.54 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 19,411.05 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,715.14 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी का मूल्यांकन 16,729.62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,201.68 करोड़ रुपये रहा।

# भारत व इंडोनेशिया के संबंध विरासत का, विज्ञान का व विश्वास का : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और इंडोनेशिया के संबंध विरासत का, विज्ञान का व विश्वास का है।

श्री मोदी ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के मुरुगन टेंपल के महा कुंभ-अभिशेखम कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित करते हुए यह बात कह। इस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो, मुरुगन टेंपल ट्रस्ट के चेयरमैन पा हाशिम, मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. कोबालन, तमिलनाडु और इंडोनेशिया के पुजारी एवं आचार्यगण, इंडियन डायसपोरा के सदस्य, इस पावन अवसर का हिस्सा बनने वाले इंडोनेशिया और अन्य देशों के गणमान्य लोग मौजूद थे। श्री मोदी ने कहा, ये मेरा सौभाग्य है कि मैं जकार्ता के मुरुगन टेंपल के महा कुंभ-अभिशेखम जैसे पुनीत कार्यक्रम का हिस्सा बन रहा हूँ। श्री प्रबोवो की मौजूदगी ने इसे मेरे लिए और विशेष बना दिया है। मैं भले ही जकार्ता से सैकड़ों किलोमीटर दूर हूँ, लेकिन मेरा मन इस आयोजन के उतने ही करीब है, जितना भारत-इंडोनेशिया के आपसी रिश्ते! उन्होंने कहा,ल्लमैं आप सभी को और भारत-इंडोनेशिया समेत दुनिया भर में भगवान मुरुगन के करोड़ों भक्तों को जकार्ता टेंपल के महा कुंभ-अभिशेखम की बधाई देता हूँ। मेरी कामना है तिरुप्पुगळ् के भजनों के माध्यम से भगवान मुरुगन का यशगान होता रहे। स्कंद षष्ठी कवचम् के मंत्र सभी लोगों की रक्षा करें। उन्होंने कहा,ल्लमैं डॉ. कोबालन और उनके सभी सहयोगियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि उन्होंने कड़ी मेहनत से मंदिर निर्माण का सपना पूरा किया है। श्री मोदी ने कहा,ल्लभारत और



इंडोनेशिया के लोगों के लिए, हमारे रिश्ते सिर्फ नहीं हैं। हम हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से जुड़े हैं। हम हजारों वर्ष पुराने इतिहास से जुड़े हैं। हमारा संबंध विरासत का है, विज्ञान का है, विश्वास का है। हमारा संबंध साझी आस्था का है, आध्यात्म का है। हमारा संबंध भगवान मुरुगन और भगवान श्री राम का भी है। और, हमारा संबंध भगवान बुद्ध का भी है। श्री मोदी ने कहा,ल्लभारत से इंडोनेशिया जाने वाला कोई व्यक्ति जब प्रम्बानन मंदिर में हाथ जोड़ता है, तो उसे काशी और केदार जैसी ही आध्यात्मिक अनुभूति होती है। जब भारत के लोग काकाविन और सेरात रामायण के बारे में सुनते हैं तो उनमें वाल्मीकि रामायण, कम्ब रामायण और रामचरित मानस जैसी ही भावना जगती है। अब तो भारत में अयोध्या में इंडोनेशिया की रामलीला का मंचन भी होता रहता है। इसी तरह, बाली में जब हम 'ओम स्वस्ति-अस्तु' सुनते हैं, तो हमें भारत के वैदिक विद्वानों का स्वस्ति-वाचन याद आता है। श्री मोदी ने कहा,ल्लआपके यहाँ बोरोबुदुर स्तूप में हमें भगवान बुद्ध की उन्हीं शिक्षाओं के दर्शन होते हैं, जिनका अनुभव हम भारत में सारनाथ और बोधगया में करते हैं। हमारे ओडिशा राज्य में आज भी बाली जात्रा को सेलिब्रेट किया जाता है। ये उत्सव उन प्राचीन समुद्री यात्राओं से जुड़ा है, जो कभी भारत-इंडोनेशिया को व्यापारिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ती थीं। आज भी, भारत के लोग जब हवाई यात्रा के लिए 'गरुड़ इंडोनेशिया' में बैठते हैं, तो उन्हें उसमें भी हमारी साझा संस्कृति के दर्शन होते हैं। श्री मोदी ने कहा,ल्लहमारे रिश्ते ऐसे कितने ही मजबूत तारों से गुथे हैं। अभी जब प्रेसिडेंट प्रबोवो भारत आए थे, हम दोनों ने तब भी इस साझी विरासत से जुड़ी कितनी ही चीजों पर बात की, उन्हें चेरिस किया! आज जकार्ता में भगवान मुरुगन के इस नए भव्य मंदिर के जरिए हमारी सदियों पुरानी विरासत में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा,ल्लमुझे विश्वास है, ये मंदिर न केवल हमारी आस्था का, बल्कि हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का भी नया केंद्र बनेगा। मुझे बताया गया है कि इस मंदिर में भगवान मुरुगन के अलावा विभिन्न देवी-

## राजग सरकार ने बजट में सौगातों की बरसात कर दी : राजीव

एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बजट में बिहार को मिले उपहारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा है कि प्रदेश के विकास के लिये प्रतिबद्ध राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने सौगातों की बरसात कर दी है।

श्री प्रसाद ने रविवार को मीडिया में जारी बयान में कहा कि पूर्व में कांग्रेस की केंद्र सरकारों के बिहार के प्रति दुराग्रह की वजह से राज्य का यथोचित विकास नहीं हो पाया लेकिन अब बिहार एवं केंद्र में राजग सरकार होने के कारण राज्य को विकास के नए आयाम गढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि पिछले दिनों जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद संजय कुमार झा के प्रयास से श्रीमती सीतारमण का मिथिला दौरा संपन्न हुआ, जिस दौरान वह मखाना के उत्पादन में लगे किसानों की समस्याओं से अवगत हुई, बिचौलियों के कारण किसानों को हो रहे नुक़्सान एवं अन्य समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने के लिए केंद्रीय बजट में मखाना बोर्ड बनाने का एलान उन्होंने किया। इस दौरान उन्होंने कोशी क्षेत्र के किसानों की कठिनाइयों को देखते हुए कोशी कैनाल परियोजना की आवश्यकता भी महसूस की। परिणामस्वरूप केंद्रीय बजट में इसका प्रावधान भी किया गया। श्रीमती सीतारमन ने मिथिला दौरे में बतौर उपहार मिली मधुबनी पेंटिंग की साड़ी पहन कर बजट उपस्थापित कर बिहार को एक भावनात्मक संदेश दिया है।

श्री प्रसाद ने बिहार को मिले ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट्स को राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संभव हो सकेंगी। आईआईटी पटना के क्षमता विस्तार से प्राद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता मिली है। वहीं फ़ूड प्रोसेसिंग पार्क से औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## गिग कामगारों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ ऐतिहासिक कदम : मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने वित्त वर्ष 2025 - 26 के आम बजट में श्रम कल्याण के लिए ऐतिहासिक आवंटन की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि यह सामाजिक सुरक्षा की ओर एक परिवर्तनकारी कदम है।

श्री मांडविया ने यहां कहा कि केंद्रीय बजट 2025 में देश के श्रम कल्याण परिदृश्य में एक ऐतिहासिक पहल है, जिसमें गिग श्रमिकों को औपचारिक मान्यता और सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा है। उन्होंने देश भर में एक करोड़ से अधिक गिग श्रमिकों के कल?याण सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की।

उन्होंने कहा कि गिग श्रम बल भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नवाचार और दक्षता को बढ़ावा देता है। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के तहत पहचान पत्र, ई-श्रम पंजीकरण और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने का सरकार का निर्णय उनकी सामाजिक सुरक्षा और कल्याण की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। इसके अलावा, सरकार अन्य असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों को भी सामाजिक सुरक्षा लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि देश के प्रत्येक श्रमिक के लिए सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के उदय ने रोजगार में क्रांति ला दी है, जिससे लचीले कार्य व्यवस्था के नए अवसर पैदा हुए हैं। भारत की गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में तेजी से विस्तार हुआ है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'भारत की तेजी से बढ़ती गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था' में अनुमान लगाया गया है कि इस क्षेत्र में कार्यबल 2024-25 में एक करोड़ को पार कर जाएगा और वर्ष 2029-30 तक 2.35 करोड़ हो जाएगा। श्री मांडविया ने कहा कि श्रम कल्याण और रोजगार सृजन पर सरकार का ध्यान जारी रखते हुए, केंद्रीय बजट में वित्त वर्ष 2025-26 में श्रम और रोजगार मंत्रालय के लिए रिकॉर्ड 32,646 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं । यह पिछले वर्ष के संशोधित अनुमानों से लगभग 80 प्रतिशत अधिक है। श्री मांडविया ने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है और पिछले साल के संशोधित अनुमानों से लगभग 80 प्रतिशत अधिक है। सरकार का ध्यान नव घोषित रोजगार सृजन योजना (ईएलआई) पर है, जिसके लिए बजटीय आवंटन को 10,000 करोड़ रुपए से दोगुना करके 20,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

## लिट्टी विद मांझी पार्टी में शामिल हुये आरिफ और नीतीश

पटना। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को लिट्टी विद मांझी पार्टी में शिरकत की। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के आवास पर रविवार को लिट्टी विद मांझी पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री की गरिमामई उपस्थिति हुई। इस कार्यक्रम में दोनों नेताओं ने बिहार की जनता के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं से प्रेम और सद्भाव पूर्वक आपस में मिलकर काम करने और उपस्थित सम्मानित नेताओं ने आपस में बिहार के भविष्य पर बात की। लिट्टी विद मांझी के कार्यक्रम उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ,मंत्री रत्नेश सदा,विजय चौधरी,जनक राम, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमा) के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, विधायकगण, पार्षदगण एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता शामिल हुए।

## अयोध्या में युवती से हैवानियत शर्मनाक : राहुल-प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अयोध्या में दुष्कर्म के बाद युवती की नृशंश हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे अमानवीय घटना बताया और राज्य सरकार से जांच कर दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की है।

श्री गांधी ने कहा, अयोध्या में दलित बेटी के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है। तीन दिनों से गूंजती बच्ची के परिवार के मदद की पुकार पर अगर प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन की रक्षा हो सकती थी। एक और बेटी के जीवन का इस घिनौने अपराध से अंत हो गया। आखिर



कब तक और कितने परिवारों को इस तरह रोना-तड़पना पड़ेगा। बहुजन विरोधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज खास कर उत्तर प्रदेश में दलितों पर घृणित अत्याचार, अन्याय और हत्या बेलगाम बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार इस अपराध की तुरंत जांच कर, दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा दिलवाने के साथ ज़िम्मेदार पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करे और कृपा कर पीड़ित परिवार को हमेशा की तरह प्रताड़ित न करें। देश की बेटियां और पूरा दलित समाज न्याय के लिए आपकी ओर देख रहा है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, अयोध्या में भागवत कथा सुनने गई एक दलित बच्ची के साथ जिस तरह की बर्बरता हुई, उसे सुनकर किसी भी इंसान की रूह कांप जाए। ऐसी क्रूर घटनाएं समूची मानवता को शर्मसार करती हैं। बच्ची तीन दिन से गायब थी लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। भाजपा के जंगलराज में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों की चीख कोई सुनने वाला नहीं है। यूपी सरकार दलितों पर अत्याचार का पर्याय बन गई है। मेरी मांग है कि अत्याचार करने वाले दोषियों के साथ-साथ जिम्मेदार पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

## बजट से दिल्ली को सबसे अधिक लाभ : सुधांशु

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुधांशु त्रिवेदी ने रविवार को दावा किया कि केंद्रीय बजट में शहरी विकास एवं बिजली पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसका सबसे ज्यादा फायदा दिल्ली को होगा। त्रिवेदी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शनिवार को पेश किए गए बजट को समाज के हर वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'क्रांतिकारी' करार दिया। उन्होंने कहा, 'जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना भाषण शुरू किया, तो उन्होंने ध्यान दिए जाने वाले छह क्षेत्रों को चिह्नित किया जिसमें शहरी विकास, बिजली और कर सुधार शामिल थे। उन्होंने कहा, 'यह पहली बार है कि इस सरकार में शहरी विकास पर विशेष ध्यान दिया। दूसरा प्रमुख क्षेत्र बिजली है। शहरी विकास व बिजली समान रूप से भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली मुख्य रूप से एक शहरी क्षेत्र है, अगर कोई इन दो प्रमुख क्षेत्रों (शहरी विकास और बिजली) से अधिकतम लाभ उठाता है, तो वह राष्ट्रीय राजधानी ही है। भाजपा नेता ने यह टिप्पणी दिल्ली में पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से तीन दिन पहले की है। त्रिवेदी ने कहा, 'अभी तक लोगों को बजट से जो भी उम्मीदें थीं, वे आंशिक रूप से पूरी हुईं। लेकिन पहली बार सरकार ने मध्यम वर्ग को उम्मीद से ज्यादा छूट दी है। उन्होंने दावा किया, 'अब दिल्ली में करीब 85 फीसदी करदाताओं को लगभग कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। मुझे लगता है कि इससे ज्यादा क्रांतिकारी फैसला कोई और नहीं हो सकता।'

## बांका के कटोरियो में होगा औद्योगिक क्षेत्र का विकास : नीतीश

एजेंसी

पटना/बांका। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांका जिले को 362 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात देने के साथ ही जिले के कटोरिया में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किये जाने की आज घोषणा की।

श्री कुमार ने रविवार को प्रगति यात्रा के दौरान बांका जिले में 362 करोड़ 76 लाख 77 हजार रुपये की लागत से कुल 178 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 128 करोड़ 50 लाख 94 हजार रुपये की लागत से 161 योजनाओं का उद्घाटन तथा 234 करोड़ 25 लाख 83 हजार रुपये की लागत से 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने जिले के लिए विकास योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि कटोरिया में पूर्व से उपलब्ध लगभग 193 एकड़ सरकारी भूमि एवं आवश्यकता के अनुसार लगभग 37 एकड़ भू-अर्जित जगह पर औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कटोरिया में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना की जायेगी।

श्री कुमार ने कहा कि बांका में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कराया जायेगा। आज वह इसके निर्माण के लिए चिन्हित भूमि को देखने गये। उन्होंने कहा कि बांका-अमरपुर राज्य उच्च पथ-25 का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे भागलपुर और बांका के बीच बेहतर सड़क सम्पर्कता स्थापित होगी और लाखों कांवरिया श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुल्तानगंज से दर्दमारा बॉर्डर तक कांवरिया कच्चे पथ के बगल से गुजरने वाले राज्य उच्च पथ संख्या-22 का चौड़ीकरण किया जायेगा। यह पथ भागलपुर, मुंगेर एवं बांका जिलों से गुजरता है। उन्होंने कहा कि अमरपुर में ग्रिड सब-स्टेशन तथा बौंसी एवं बेलहर में पावर सब-स्टेशन का निर्माण किया जायेगा। इससे बड़ी आबादी को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

श्री कुमार ने कहा कि रजौन प्रखंड में कतरिया नदी पर बरौनी गांव में एक नया चेक डैम बनाया जायेगा। गंगा नदी का पानी



हनुमाना डैम में पहुंचाया जायेगा। इससे किसानों को सिंचाई में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि जिले में बौंसी एवं बराहाट प्रखंडों में नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने यात्रा के क्रम में रजौन प्रखंड के नवादा खरौनी पंचायत स्थित स्मार्ट विलेज (उन्नति ग्राम), बाबरचक का लोकार्पण किया। उन्होंने जल जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत सृजित कराए गए तालाब का जायजा लेने के बाद कहा कि अच्छे ढंग से यहां तालाब का निर्माण कराया गया है। इसके किनारे लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराया गया है। उन्होंने स्मार्ट विलेज, बाबरचक में जीविका समूह के ग्रामीण हाट का मुआयना करने के दौरान जीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी अवलोकन किया। श्री कुमार का जीविका दीदियों ने स्वागत करते हुए कहा, ल्लआपके आशीर्वाद से महिलाओं का कल्याण हुआ है। सभी जीविका दीदियों की आर्थिक स्थिति में निरंतर बेहतरी आ रही है। हम सभी काफी खुश हैं, हमारे बच्चे पढ़ रहे हैं। जीविका समूह से जुड़कर हमलोगों के जीवन में काफी बदलाव आया है।ङ्क इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, ल्लआप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। जीविका समूह एवं उनसे जुड़ी जीविका दीदियों को बढ़ाने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है ताकि सभी जरूरतें जो होंगी उसे पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी, सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न जीविका समूहों से जुड़ी दीदियों को व्यवसाय के लिए तीन करोड़ 67 लाख 55 हजार रुपये एवं जीविका संपोषित स्वयं सहायता समूह को विभिन्न बैंकों के माध्यम से 65 करोड़ 34 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सतत जीविकापार्जन योजना के तहत ई-रिक्शा की चाबी आदि लाभुकों को प्रदान की। श्री कुमार को जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने बताया कि यह उन्नति ग्राम स्मार्ट विलेज, बाबरचक गैरमजरूआ जमीन पर स्थापित गया है, जिनमें वैसे परिवारों को बसाया गया है जो बेघर और भूमिहीन हैं। इस आदर्श ग्राम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यालय चिकित्सा सेवाओं के लिए स्वास्थ्य केंद्र, प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्र, खेल मैदान, ग्रामीण हार्ट, सामुदायिक भवन जैसे हर प्रकार के बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

# पेज एक का शेष

### सनातन धर्म का...

नमूना है, जिसका नाम भूमाफिया-अनैतिक, अराजक गतिविधियों में आता है। सीएम ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि सब कुछ सुधर सकता है, लेकिन प्रवृत्ति नहीं। इनका पेशा अपराध, गुंडागर्दी, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाना है। समाजवादियों का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है..., लेकिन 2017 में जब भाजपा सरकार आई और हमने एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया तो इसने गुंडों से 64 हजार एकड़ लैंड खाली कराई। यह परेशान हैं कि डबल इंजन सरकार ऐसे ही कार्य करेगी तो इनका धंधा चौपट हो जाएगा। धंधा चौपट होने से इनकी पार्टी भी चौपट हो जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या आकर विकास का मॉडल देखा जा सकता है। सरयू में स्टीमर भी चलकर सैर करा रही है। सपा को यह विकास अच्छा नहीं लग रहा है। सपा कहती थी कि अयोध्या का समाधान हुआ तो खून की नदियां बहेंगी, हमने कहा कि खून की नदियां बहाने वाले जहन्नुम में जा चुके हैं, धरती पर उनके लिए जगह नहीं है। अयोध्या की तर्ज पर मिल्कीपुर का समग्र विकास कराने के लिए चंद्रभानु पासवान यहां की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि सपा वाले केवल सैफई का विकास कराते थे, लेकिन मैंने गोरखपुर और पीएम जी के आशीर्वाद से काशी में जितना विकास हुआ, उससे अधिक विकास अयोध्या में कराया गया। कोई भेदभाव नहीं हुआ। यह लोग कारसेवकों का रक्त बहाते थे। हम लोगों ने दीपोत्सव से यात्रा प्रारंभ की, आज यहां घर-घर में दीप जल रहे हैं। हमारी सरकार बिना भेदभाव विकास के लिए भरपूर मदद कर रही है।

जनसभा में कृषि मंत्री व अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, योगी सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर, गिरीश चंद्र यादव, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश चंद शर्मा, मनोहर लाल कोरी, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, अमित सिंह चौहान, धर्मराज निषाद, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, अवनीश सिंह पटेल, पूर्व सांसद लल्लू सिंह आदि मौजूद रहे।

### तीन दिन बाद...

लेकिन भाजपा की ईमानदार सरकार देशवासियों का एक-एक पैसा देश की भलाई, देशवासियों की भलाई के लिए लगा रही है। श्री मोदी ने कहा कि कल बजट आने के बाद से पूरा मिडिल क्लास कह रहा है कि ये बजट, भारत के इतिहास में मध्यम वर्ग के लिए सबसे अनुकूल बजट है। हमारी सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर इनकम टैक्स पूरी तरह जीरो कर दिया है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों के हजारों रुपए बचेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हिंदुस्तान के विकास में हमारे मध्यम वर्ग का बहुत बड़ा योगदान है। ये भाजपा ही है, जो मध्यम वर्ग को सम्मान देती है, ईमानदार करदाताओं को पुरस्कार देती है। श्री मोदी ने कहा, अगर नेहरू जी के जमाने में आप 12 लाख रुपये कमाते तो 12 लाख रुपये की आय पर आपकी एक चौथाई सैलरी सरकार वापस ले लेती। अगर आज इंदिरा जी का जमाना होता तो 12 लाख रुपये तक की आय पर आपके 10 लाख रुपये टैक्स में चले जाते। 10-12 साल पहले तक, कंग्रेस की सरकार में अगर आप 12 लाख रुपये कमाते तो आपको 2 लाख 60 हजार रुपया टैक्स देना होता। भाजपा सरकार के कल के बजट के बाद, साल में 12 लाख कमाने वाले को एक रुपया भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ये 'आप-दा' वाले तो आपके ईलाज, आपके अस्पताल और आपकी दवाओं में भी घोटाला करते हैं। मैं दिल्लीवासियों को वादा करता हूं, जिन्होंने दिल्ली को लूटा है, उनको लौटाना ही पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनऔषधि केंद्रों पर पहले ही दवाएं 80 प्रतिशत छूट पर दी जा रही हैं। अब कल के बजट के बाद कैंसर की, गंभीर बीमारी की 30 से ज्यादा दवाएं और सस्ती हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता है कि हमारे युवाओं को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले, आधुनिक सुविधाएं मिलें। इस बजट में खेल बजट को बढ़ाकर करीब 3800 करोड़ रुपया कर दिया गया है, 'खेलो इंडिया अभियान' के लिए 1000 करोड़ रुपया दिया गया है। श्री मोदी ने कहा दिल्ली के लोग कभी भूल नहीं सकते कि खेलों के नाम पर किस तरह आप-दा और कंग्रेस ने दिल्ली के लोगों को धोखा दिया है। कॉमनवेल्थ घोटाले के दाग इतने गहरे हैं कि कंग्रेस कभी उससे मुक्त नहीं हो सकती। 'आप-दा' पार्टी ने दिल्ली में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के नाम पर जो खेल किया है, वो दिल्ली की जनता, दिल्ली का नौजवान भली भांति जानता है। इसलिए आज का युवा भारत, भाजपा पर भरोसा करता है, भाजपा के साथ है।

### कांग्रेस ने चुनाव में ...

और होने वाले चुनावों की निगरानी कर यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी अनियमितता की तुरंत रिपोर्ट की जाए और उस टेपोर्ट पर कार्रवाई हो। कंाग्रेस की इस समिति में वरिष्ठ नेता अजय माकन, दिग्विजय सिंह, अभिषेक मनु सिंघवी, प्रवीण चक्रवर्ती, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सप्पल, नितिन राउत और चल्ला वामशी चंद रेड्डी शामिल हैं।

### आज लोकसभा में...

सौंपा था। यह चौंकाने वाली बात है कि मेरे नोट के कुछ हिस्सों को मेरी जानकारी के बिना संपादित किया गया। हटाए गये खंड विवादास्पद नहीं थे; उनमें केवल तथ्य बताए गए थे। उन्होंने कहा, ''(समिति के) अध्यक्ष जगदंबिका पाल जैसी रिपोर्ट चाहते थे, वैसी रिपोर्ट तैयार करवा ली, लेकिन विपक्ष की आवाज को क्यों दबाया गया? चूंकि उन्होंने मेरी रिपोर्ट को बदलने के लिए एक नियम का दुरुपयोग किया है, इसलिए मैं जल्द ही अपना पूरा असहमति नोट जनता को पढ़ने के लिए जारी करूंगा।

### भगदड़ के पीछे...

के सारे सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा की फुटेज को खंगाला जा रहा है। फिलहाल हमारी प्राथमिकता बाकी अमृत स्नान को सकुशल संपन्न कराना है, जिसके बाद जांच में तेजी लाई जाएगी।

### ऑपरेशन इलेवन...

चौराहे और बालसन चौराहे पर डायवर्जन के लिए राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल और पीएसी की तैनाती की गई है।बालसन से बख्शी बांध होते हुए नागवासुकी क्षेत्र की ओर डायवर्जन रहेगा।स्टैनली रोड चौराहे से श्रद्धालुओं को लाजपत राय रोड से मंडलायुक्त कार्यालय तिराहे से भारत स्काउट होते हुए मजार चौराहे से दाहिने मोड़कर आईईआरटी पार्किंग के बगल से मेला क्षेत्र ले जाया जाएगा। अन्दावा और सहसो चौराहे पर अतिरिक्त पुलिस और यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। यहां नौ मोटर साइकिल दस्ते लगातार निगरानी करेंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। तृतीय अमृत स्नान पर्व के लिए दो कंपनी आरएएफ और तीन कंपनी पीएसी का अतिरिक्त प्रबंध किया गया है। संवेदनशील स्थानों पर राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी रहेगी। 56 क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की तैनाती की गई है। प्रभावी पेट्रोलिंग के लिए 15 मोटर साइकिल दस्ते तैनात किए गए हैं। प्रमुख चौराहों और डायवर्जन प्वाइंट्स के बैरियर पर सीएपीएफ और पीएसी का इंतजाम किया गया है।

# महाकुम्भ : आए थे तारीख पर, पहुंच गए संगम नहाने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। 'आये थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास' ये कहावत आपने सुनी होगी। लेकिन प्रयाग की पवित्र धरती पर चले रहे विश्व के सबसे बड़े मेले महाकुम्भ में ये कहावत थोड़ी बदल गयी है। इस कहावत का मेले से सीधा संबंध तो नहीं है, लेकिन इन दिनों ये कहावत महाकुम्भ में थोड़े बदलाव के साथ चरितार्थ हो रही है। असल में इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमे की तारीख भुगतने आये लोग पेशी और अदालती कामकाज के बाद सीधे संगम पहुंचकर आस्था की पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। बता दें, इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के अंतर्गत राजधानी लखनऊ सहित 15 जिले आते हैं, शेष जिले इलाहाबाद के क्षेत्राधिकार में आते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शामली जिले से इलाहाबाद दीवानी के मुकदमे की तारीख भुगतने आये मुकेश तोमर ने बातचीत में बताया कि, 'कोर्ट में पेशी थी, सोचा संगम स्नान भी कर लेता हूं।' यह कहने पर कि 'आये थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास' की कहावत पर वो हंसते हुये बोले, 'कोर्ट कचहरी के मामले में प्रयाग आना-जाना लगा रहता है। इस बार कुम्भ के दौरान तारीख पड़ी है। तो स्नान का लाभ भी मिल गया। गाजियाबाद से हाईकोर्ट एक मुकदमे के सिलसिले में आये सूरज गोयल (बदला हुआ नाम) ने बताया, 'एक केस में वकील साहब से मुकदमा डिस्कस करना था, मैंने सोचा इससे बढ़िया कोई दूसरा मौका नहीं मिलेगा।' मैं और मेरी पत्नी दोनों आये हैं। कानूनी काम निपटाने के बाद संगम स्नान करके एक-दो दिन यहां रूकेंगे। सहारनपुर के अश्विनी राजपूत भी संगम स्नान के बाद अदालती काम काज निपटाएंगे। अश्विनी ने बताया, 'मेरे एक परिचित का हाईकोर्ट में फौजदारी का मुकदमा है, उन्हें तारीख भुगतने आना था। मुझे पता चला तो मैं भी उनके साथ संगम स्नान के लिए आ गया।, वो आगे कहते हैं, 'अदालती कामकाज के बाद संगम में डुबकी लगाएंगे और मेला घूमेंगे। मऊ से तारीख पर आये रामबाबू कुशवाहा (बदला हुआ नाम) ने बताया, 'कोर्ट कचहरी के काम के लिये आना भला किसे अच्छा लगता है। लेकिन इस बार ठीक लग रहा है।




कोर्ट कचहरी, तारीख और दूसर काम चलते ही रहते हैं। वकील साहब को कहकर अगली तारीख ले ली है। संगम स्नान करके एक-दो दिन मेला घूमूंगा।' वाराणसी से दीवान के मामले में प्रयाग आयी रिया पाण्डेय (बदला हुआ नाम) ने बातचीत में बताया कि, पिछले तीन साल से कोर्ट में केस चल रहा है। हर बार नयी तारीख मिल जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। लेकिन इस बार महाकुम्भ का मेला चल रहा है। संगम स्नान के बाद कोर्ट-कचहरी, मुकदमा सब कुछ भूल गयी हूं। ऐसी दिव्य अनुभूति हो रही है, जिसका वर्णन संभव नहीं है।, मीरजापुर से केस के संबंध में आये शिवपूजन पटेल कहते हैं, 'प्रयाग आना जाना लगा रहता है। लेकिन इस बार आना सफल हो गया। वकील को कुछ जरूरी कागज देने थे। वो देने के बाद सीधे संगम का रूख किया है।' वो कहते हैं, 'बसंत पंचमी का स्नान करके ही वापस जाऊंगा।' फर्रूखाबाद से दीवानी के मुकदमे के संबंध में प्रयागराज आये, राममोहन शुक्ल (बदला हुआ नाम) बताते हैं, 'इस बार की तारीख के साथ बोनस में पवित्र स्नान का अवसर प्राप्त हुआ है। वैसे तो अदालत आना किसी को अच्छा नहीं लगा, लेकिन इस बार की तारीख पर ऐसा नहीं लगा। हाईकोर्ट के वकील संदीप शुक्ला ने बताया कि, 'पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई क्लाइंट ने पहले ही कहा था कि महाकुम्भ के दौरान डेट लीजिएगा। इससे एक साथ दो काम हो जाएंगे।' वो बताते हैं, 'कई बार ऐसा होता है कि क्लाइंट अगली तारीख के लिये कह देता है, या हाजिरी माफी की अर्जी लगाने के लिये कहता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। अदालती काम निपटाने के बाद क्लाइंट संगम स्नान और मेला घूमने की जल्दबाजी में दिख रहे हैं।

# वेद, वेदांग और गुरु ग्रन्थ साहिब की वाणी की त्रिवेणी है श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में सनातन धर्म के ध्वजवाहक अखाड़ा सेक्टर में निरंतर रौनक दिख रही है। श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल में वेद वेदांग और गुरुवाणी का अद्भुत संगम है। निर्मल पंथ से इसे शास्त्रों, वेद और वेदांगों की शिक्षाओं के अध्ययन का मार्ग मिला तो वहीं 1682 में खालसा पंथ की स्थापना से असहायों की पीड़ा हरने और शत्रु को सबक सिखाने के लिए शस्त्र की दीक्षा की राह मिली। इस तरह इस अखाड़े में शास्त्र और शस्त्र दोनों को स्थान मिला, जो इसके संगठन, संरचना, व्यवस्था और परंपराओं में भी प्रतिध्वनित होता है। सनातन धर्म के 13 अखाड़ों में वैभव और प्रदर्शन की झलक मिलती है। इनके मध्य श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल अपनी सहजता, समता और सेवा भाव के लिए अलग पहचान दर्ज कराता है। इस पंथ में इनके दस गुरुओं ने अपने शिष्यों को सेवा और भक्ति का जो संदेश दिया, उसे संकलित कर तैयार ग्रंथ गुरु ग्रन्थ साहिब (वेद का दर्ज़ा प्राप्त) की गुरु वाणी को सर्वाधिक महत्व दिया जाता है। इसमें सभी जातियों के गुरु और भक्तों की वाणी शामिल है। यही इसके आचरण में दृष्टिगत भी होती है। इसमें जातिभेद के लिए जगह नहीं है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र सब एक साथ लंगर में प्रसाद छकते हैं। पंगत और संगत साथ करते हैं। अखाड़े में हर समय गुरु वाणी और कीर्तन का पाठ होता है, जिसमें सेवा और सहजता के दर्शन होते हैं। अखाड़ों के आखिरी चरण में गठित श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल हिंदू सनातन परंपरा की सभी व्यवस्थाओं की साझा विरासत है। सन 1682 में पंजाब के पटियाला में राजा पटियाला के सहयोग से इस अखाड़े का गठन किया गया। इसके संस्थापक बाबा श्री महंत मेहताब सिंह वेदांताचार्य हैं। अखाड़े का प्रारंभिक मुख्यालय पटियाला था, लेकिन अब कनखल हरिद्वार हो गया है। अखाड़े के सचिव महंत देवेंद्र सिंह शास्त्री बताते हैं कि ज्ञान देव सिंह इसके वर्तमान अध्यक्ष हैं।

## दिल्ली/बिहार/पंजाब

# राघव चड्ढा ने आआपा की योजनाओं से हर महीने 25 हजार रुपये की बचत का गणित समझाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के सांसद राघव चड्ढा ने दिल्ली के लोगों को आआप की योजनाओं से हर महीने 25,000 रुपये की बचत का गणित समझाया। उन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूलों, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त बिजली-पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा जैसी योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि ये सभी सुविधाएं जनता की जेब में सीधी बचत करा रही हैं। आआपा नेता राघव चड्ढा शनिवार की देर शाम मजनू का टीला इलाके में चांदनी चौक विधानसभा के उम्मीदवार पुनरदीप सिंह साहनी (सैबी) के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस सभा में सांसद राघव चड्ढा के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और उनकी पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर भी मौजूद थीं। राघव चड्ढा ने कहा किअगर आप झाड़ू को वोट देंगे, तो हर महीने आपकी जेब में कम से कम 25 हजार रुपये बचेंगे। सांसद चड्ढा ने मंच से इलाके की एक वोटर रीना पांडेय को बुला कर इस हर महीने 25,000 रुपये की बचत का गणित भी समझाया। मंच से उन्होंने बताया कि कैसे आआपा सरकार की योजनाओं ने दिल्ली के लाखों परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत की है और उन्हें अतिरिक्त खर्चों से राहत मिली है। उन्होंने कहा कि संजीवनी योजना के तहत हर महीने 1,500 रुपये की दवाइयों का खर्च बच सकता है। मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त इलाज और दवाइयां मिलने से 500 रुपये की बचत होती है। महिलाओं को बस यात्रा योजना का लाभ मिल रहा है, जिससे एक महिला को कम से कम 1,000 रुपये हर महीने बचते हैं। इसके अलावा, महिला सम्मान योजना के तहत हर महीने 6,300 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। अगर परिवार में तीन महिलाएं हैं, तो यह बचत 19,900 रुपये तक हो सकती है। साथ ही, बिजली और पानी के बिल पूरी तरह माफ हैं, जिससे हर महीने 3,000 से 5,000 रुपये तक की अतिरिक्त राहत मिलती है। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी दिल्ली की जनता को संबोधित किया। मान ने कहा कि आआपा सरकार ने पंजाब में 50,000 से अधिक नौकरियां दी हैं और 90 फीसदी घरों का बिजली बिल पूरी तरह से माफ कर दिया गया है। उन्होंने दिल्ली के मतदाताओं से आग्रह किया कि वे आआपा उम्मीदवार सैबी को जिताएं और दिल्ली में भी फ्री बिजली, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं और अच्छी शिक्षा जैसी योजनाओं को जारी रखें। इस सभा में गायक मीका सिंह ने सांसद राघव चड्ढा के साथ मिलकर जब ''टेल मी समथिंग समथिंग'' गाने पर सुर मिलाया, तो पूरा माहौल संगीतमय हो गया। भगवंत मान भी इस संगीतमय माहौल में पीछे नहीं रहे और उन्होंने भी मीका सिंह के साथ गाना गुनगुनाया।

# अतिथि शिक्षक संघ की बैठक, पटना में दो दिवसीय धरना का लिया निर्णय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। अतिथि शिक्षक हित से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श को लेकर रविवार को बी.एन.कॉलेज भागलपुर के शिक्षक कक्ष में टीएमबीयू अतिथि शिक्षक संघ की एक बैठक संघ के अध्यक्ष डॉ. आनन्द आजाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमितीकरण की मांग को लेकर आगामी बजट सत्र के दौरान पटना में दो दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा। धरना के दौरान सरकार से अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमितीकरण के साथ-साथ विभिन्न विषयों में छात्रों के संख्यानुपात में शिक्षकों के पद सृजित करते हुए हटाए गए अतिथि शिक्षकों के पुनर्वापसी की भी मांग रखी जाएगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष डॉ. आनन्द आजाद ने कहा कि विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह की अध्यक्षता तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की उपस्थिति में विधान परिषद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. रामवचन राय, समिति के संयोजक डॉ. संजीव कुमार सिंह, सदस्य डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. नवलकिशोर यादव समेत अन्य सदस्यों की बैठक में अतिथि शिक्षकों की



नियुक्ति की अर्हता, योग्यता एवं प्रक्रिया को नियमित शिक्षकों के समान बतलाते हुए उनके सेवा नियमितीकरण की सर्वसम्मत मांग पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार द्वारा इसकी समीक्षा किए जाने की बात कही गई है। परन्तु लम्बा समय बीत जाने के बाद भी अब तक शिक्षा विभाग की ओर से इस विषय पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। इस सम्बन्ध में शिक्षा मंत्री से हमारी मांग है कि विभागीय स्तर पर यथाशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए राज्य के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमितीकरण का मार्ग प्रशस्त करें। आज की बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. सत्यम शरणम, डॉ. पवन कुमार, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. रेणु कुमारी, डॉ. सर्पराज रामानन्द सागर, डॉ. चन्दा कुमारी, डॉ. प्रियतम कुमार, डॉ. अमिता सिन्हा, डॉ. चन्दन कुमार, डॉ. संजय सुमन, डॉ. आनन्द सौमित्र, राजीव रंजन, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. स्वीटी कुमारी, डॉ. मोनी कुमारी, डॉ. नूरजहाँ, डॉ. श्वेता कुमारी, डॉ. अलोका कुमारी, डॉ. मोहिनी झा, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. रामजी पासवान, डॉ. तौहीद आलम, डॉ. अनुज रानी, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. सुजय कुमार, डॉ. रविशंकर कुमार, डॉ. स्मिता कुमारी, डॉ. गुड़िया कुमारी, डॉ. धीरेन्द्र कुमार तथा डॉ. अजहर अली समेत दर्जनों अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

# गुरदासपुर सीमा पर हेरोइन के साथ दो भारतीय तस्कर गिरफ्तार

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में हेरोइन की खेप के साथ दो भारतीय तस्करों को पकड़ा है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि सीमा पर गहराई वाले क्षेत्र में ड्रोन गतिविधि के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ के जवानों ने तेजी से तलाशी अभियान शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान शनिवार की शाम लगभग 5:15 बजे दो संदिग्धों को हेरोइन (कुल वजन - 550 ग्राम), दो मोबाइल फोन और एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। इस पैकेट के साथ एक धातु का हुक मिला जो ड्रोन द्वारा गिराए जाने की संभावना की पुष्टि करता है। यह ऑपरेशन गांव चंदूवाड़ाला, जिला गुरदासपुर के आसपास के क्षेत्र में चलाया गया और पकड़े गए लोग उसी गांव के निवासी हैं।

# भूमि सर्वेक्षण के काम को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सर्वेक्षण के काम को गांव-गांव तक सरल भाषा में पहुंचाने के लिए नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है।

नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन 29 जनवरी को मोतिहारी, बेतिया, सारण, सहरसा, रोहतास, आरा और पटना में शुरू किया गया ,जबकि अन्य जिलों में 30 और 31 जनवरी को प्रदर्शन शुरू किया गया। इस प्रकार जनवरी माह में बिहार के सभी 38 जिलों में नुक्कड़ नाटकों के प्रदर्शन का काम शुरू कर दिया गया है। योजना के अनुसार एक अंचल में छह नाटक किया जाना है, जिसमें दो नाटक सर्वे शिविर या अंचल कार्यालय में आयोजित होगा जबकि अन्य चार नाटक ग्रामीण क्षेत्रों में होगा। इन स्थलों का चयन संबंधित अंचल अधिकारियों को करना है। इन नाटकों का प्रदर्शन फरवरी माह के अंत तक किया जाना है। इस नुक्कड़ नाटक में 25 नाटक मंडलियां दक्षिण बिहार में जबकि 35 नाटक मंडलियां उत्तर बिहार में हिस्सा ले रही हैं। हरेक मंडली में दस कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। नाटक में ढ़ोलक, झाल और हारमोनियम जैसे वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें भूमि सर्वे से संबंधित सभी जानकारियां दी जा रही हैं। सारे सवालों का सरल भाषा में जवाब दिया जा रहा है। इन नाटकों को आमलोगों का बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है। नाटक देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नाटक समाप्त होने के बाद लोग कई प्रकार के प्रश्न पूछ रहे हैं, जिसे देखकर शिविर प्रभारी कानूनगो और अन्य सर्वे कर्मियों को नाटक में भेज रहें है जिससे लोगों के सवालों का ऑन द स्पॉट जवाब दिया जा सके। नाटक मंडली को सहयोग प्रदान करने के लिए सभी अंचल अधिकारियों को विभाग की ओर से पत्र दिया गया है। उनके आवासन की भी व्यवस्था करने का निदेश है। ग्रामीण क्षेत्रों में चार स्थलों का चयन करने के साथ ही उन्हें यह प्रतिवेदन भी देना है कि छह स्थानों पर नाटकों का सफलता पूर्वक संचालन किया जा चुका है।

# भारत वीर हकीकत के बलिदान को भूल चुका है: प्रो चावला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। शहीद हकीकत राय का बलिदान दिवस एवं बसंत पंचमी का त्योहार श्री दुर्ग्याणा मंदिर में श्रद्धा भाव से मनाया गया। श्री दुर्ग्याणा कमेटी की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर लक्ष्मीकांता चावला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता तरनजीत सिंह संधू विशेष तौर पर शामिल हुए। इस कार्यक्रम में शहीद मदन लाल ढींगरा के जीवन एवं शहादत तक की घटनाओं को नाटक, भाषण व गीतों के माध्यम से विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। प्रोफ़ेसर लक्ष्मीकांता चावला ने कहा कि 1720 में स्यालकोट में पैदा हुआ पिता भागमल और मां कौरां का बेटा हकीकत राय अपने धर्म की खातिर बलिदान हो गया। मुगलों ने उसे जमीन में दबाकर आधा शरीर बाहर रखा, पत्थर मारे और फिर उसे काट दिया। उसका कसूर यही था कि वह मुगलों के इशारे पर मुसलमान नहीं बनना चाहता था। उसने यही कहा कि अगर मुसलमान बनकर भी एक दिन मरना है तो मैं हिंदू रहकर ही मरना चाहूंगा। प्रो चावला ने कहा कि याद रखना होगा चौदह वर्ष का यह बच्चा जिसकी बालिका पत्नी दोनों ही बलिदान हो गए। हकीकत को मुगलों ने मारा और उसकी पत्नी लक्ष्मी बटाला में सती हो गई। कितने दुख की बात है कि सारे हिंदुस्तान में केवल बटाला में ही इनकी समाधि है। आजादी से पहले लाहौर में हिंदू-सिख सभी मिलकर हकीकत का बलिदान दिन मनाते थे लेकिन आजाद भारत हकीकत राय को भूल गया। उस दिन बसंत पंचमी थी।

# राजग सरकार ने बजट में सौगातों की बरसात कर दी : राजीव

पटना। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बजट में बिहार को मिले उपहारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा है कि प्रदेश के विकास के लिये प्रतिबद्ध राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने सौगातों की बरसात कर दी है। श्री प्रसाद ने रविवार को मीडिया में जारी बयान में कहा कि पूर्व में कांग्रेस की केंद्र सरकारों के बिहार के प्रति दुराग्रह की वजह से राज्य का यथोचित विकास नहीं हो पाया लेकिन अब बिहार एवं केंद्र में राजग सरकार होने के कारण राज्य को विकास के नए आयाम गढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि पिछले दिनों जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद संजय कुमार झा के प्रयास से श्रीमती सीतारमण का मिथिला दौरा संपन्न हुआ, जिस दौरान वह मखाना के उत्पादन में लगे किसानों की समस्याओं से अवगत हुई, बिचौलियों के कारण किसानों को हो रहे नुक़्सान एवं अन्य समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने के लिए केंद्रीय बजट में मखाना बोर्ड बनाने का एलान उन्होंने किया। इस दौरान उन्होंने कोशी क्षेत्र के किसानों की कठिनाइयों को देखते हुए कोशी कैनाल परियोजना की आवश्यकता भी महसूस की।


# धान व्यवसायी से पुलिस ने लूटे 30 लाख रुपये, मुख्यमंत्री-डीजीपी कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। नवादा में धान व्यापारी से लूट की वारदात सामने आई है। पीड़ित धान व्यापारी ने रविवार को नवादा पुलिस पर वाहन जांच के क्रम में वाहन में रखें 30 लाख रुपये की लूट का आरोप लगाया है।

धान कारोबारी प्रमोद कुमार निराला पटना के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेका बीघा लखनपुरा गांव के निवासी बताए जाते हैं। रेणु एंड निराला इंटरप्राइजेज नाम के संचालक धान व्यापारी प्रमोद कुमार ने इस घटना की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डीजीपी विनय कुमार, नवादा एसपी अभिनव धीमान से किया है। धान कारोबारी प्रमोद कुमार ने रविवार को नवादा में बताया है कि बख्तियारपुर, टेका बीघा गांव से नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के वीरनामा गांव में धान व्यापारियों के यहां धान खरीदने के लिए 30 लाख रुपये नकद लेकर गया हुआ था। धान के मूल्य का अंतर होने के कारण धान क्रय नहीं हो सका। जिस कारण गांव वापस लौटने के क्रम में नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के रेलवे गुमटी के समीप काशीचक थाने के पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर वाहन को रोका गया। धान व्यापारी के मुताबिक स्वेच्छा से वाहन चेकिंग के लिए पुलिस का सहयोग किया। इसी क्रम में गाड़ी में कपड़े के बैग में रखा 30 लाख रुपये, 60 बंडल 500 के नोट को पुलिस कर्मियों द्वारा जबरदस्ती लूट लिया गया। मना करने पर पुलिस कर्मियों द्वारा संगीन अपराधिक मुकदमा दायर कर जेल भेज देने की बात कह कर वहां से भगा दिया गया। वहीं, इस घटना के बाद पीड़ित धान व्यापारी प्रमोद कुमार ने इस घटना की लिखित शिकायत सीएम नीतीश कुमार, डीजीपी विनय कुमार और नवादा के एसपी अभिनव धीमान से कर लूट के रुपये की बरामदगी और जांच कर उन भ्रष्ट पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस संबंध में जानकारी के लिए जब एसपी को फोन लगाया गया ,तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिस कारण उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। लेकिन इस घटना के बाद व्यवसाईयों में आक्रोश देखा जा रहा है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063